राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 भतीजे अजित और भाजपा दोनों को एकसाथ टेंशन दे रहे शरद.......

18 महीनों में कर्ज लिया 27,000 करोड़; अनुराग ठाकुर का....... 12

वर्ष : 15 | अंक : 177 | नई दिल्ली, बुधवार, 09 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## भारत-मालदीव आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए दृष्टिकोण किया जारी

● उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले मुइज्जू, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत दौरे पर हैं। उन्होंने सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि अपनाए गए विजन दस्तावेज दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा। धनखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने भारत और मालदीवः व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए एक दृष्टिकोण जारी किया। इस दस्तावेज में सुरक्षा और व्यापार समेत कई क्षेत्र में सहयोग की बात कही गई है। उपराष्ट्रपति के कार्यालय से किए गए पोस्ट में कहा गया, ह्लजगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि आज अपनाया गया विजन दस्तावेज द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए एक रूपरेखा के रूप में काम करेगा। इसे एक व्यापक साझेदारी में बदल देगा जो भविष्य में दोनों देशों



के लिए फायदेमंद होगा। भारत मालदीव में आवाज परियोजनाओं में तेजी लाने में सहायता प्रदान करेगा। इसके साथ ही भारत ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना को समय से पूरा करने और थिलाफुशी और जिरावरु द्वीपों को जोड़ने में मदद के लिए अध्ययन में पूर्ण समर्थन देगा। दोनों पक्ष हनीमाधू और गान एयरपोर्ट की पूरी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने पर भी सहमत हुए। इनका विकास भारत की सहायता से किया जा रहा है। दोनों नेताओं ने मालदीव के इहावंधिपपोलु और गाधू द्वीपों पर मालदीव आर्थिक गेटवे परियोजना में योगदान देने वाली ट्रांसशिपमेंट सुविधाओं और बंकरिंग सेवाओं के विकास के लिए सहयोग की संभावना तलाशने को लेकर भी सहमति जताई। मालदीव के राष्ट्रपति ने भारतीयों से अपने देश की यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों के बीच आपसी संपर्क लंबे समय से भारत और मालदीव के बीच संबंधों की नींव रहे हैं।

मुइज्जू और उनकी पत्नी ने ताजमहल का किया दीदार :

आगरा। भारत के दौरे पर आए मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ताजमहल का दीदार किया। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी प्रेम के प्रतीक इस धरोहर को देखकर भाव विभोर हो गए और कहा, वाह, ताज!।

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू कश्मीर में 1.48 और हरियाणा में 0.38 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में हरियाणा की तुलना में अधिक मतदाताओं ने नोटा बटन का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों से इसका पता चला है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में दो करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 67.90 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इनमें से 0.38 प्रतिशत ने वोटिंग मशीन पर इनमें से कोई नहीं (नोटा) विकल्प का इस्तेमाल किया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए तीन चरणों में हुए चुनाव में कुल 63.88 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 1.48 प्रतिशत ने नोटा का विकल्प चुना। आंकड़ों के अनुसार दो प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने नोटा विकल्प नहीं चुना। यह इस विकल्प को चुनने वाले मतदाताओं की कम होती संख्या को दशार्ता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में नोटा का विकल्प 2013 में शुरू हुआ था।

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस को मिला जनादेश, भाजपा के खाते में 29 सीटें

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुये बहुमत हासिल कर लिया है तथा नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला का एकबार फिर मुख्यमंत्री बनना तय लगता है। राज्य विधानसभा की कुल 90 सीटों के चुनाव में मंगलवार को हुयी मतगणना में नेकां ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुये कुल 42 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दूसरे स्थान पर है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी का जनाधार खिसक गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला ने मतगणना के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में अपनी पार्टी को मिले जन समर्थन को ह्यउम्मीद से ज्यादाह्न बताते हुये कहा है कि पार्टी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी।

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा



बहाल करने को जरूरी बताया और कहा कि यह गठबंधन की पहली प्राथमिकता होगी। गठबंधन सरकार केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा वापस लेगी और इस काम को तत्काल प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त किये जाने के बाद एक अलग माहौल में इस केन्द्र शासित प्रदेश में हुये पहले चुनाव में बड़ी उम्मीद के साथ चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 29 सीटें मिली हैं। भाजपा को मुख्यतः जम्मू क्षेत्र की सीटों पर सफलता मिली है जबकि नेकां और कांग्रेस का कश्मीर घाटी और दक्षिण कश्मीर की सीटों पर दबदबा रहा है।

राज्य में तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत माने जाने वाली महबूबा मुफ्ती की पार्टी (पीडीपी) केवल तीन सीटों पर सिमट गयी है, जबकि सात सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। डोडा सीट जीतकर आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार मेहराज मलिक ने जीत दर्ज कर राज्य में पहली बार अपनी पार्टी का खाता खोला है।

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस (जेपीसी), आम आदमी पार्टी (आप) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को एक-एक सीट हासिल हुयी है।

नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बडगाम और गंदेरबल दो सीटों से विजयी हुये हैं। पार्टी के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने उमर की जीत के बाद कहा कि वही (उमर अब्दुल्ला) मुख्यमंत्री बनेंगे। दिल्ली में कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने नेकां-कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है और जोड़तोड़ से बहुमत हासिल करने के भाजपा के इरादे पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि नेकां-कांग्रेस के अपने-अपने चुनाव घोषणा हैं। हम मिलकर सरकार बनायेंगे और मिलकर प्रदेश विकास का काम करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा कि गठबंधन जम्मू-कश्मीर को केन्द्र शासित प्रदेश नहीं रखना चाहता।

जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमॉक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने श्रीमुफवारा-बिजबेहरा विधान सभा सीट से मतगणना पूरी होने से पहले ही अपनी हार मान ली थी। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन हंदवाडा सीट से जीते हैं उन्होंने नेकां के चौधरी मोहम्मद रमजान को 662 वोटों के अतंर से हराया। माकपा के मोहम्मद युसुफ तारीगामी ने कुलगाम निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार सायर अहमद रेशी को 7,838 वोटों से हराया।

वर्ष 2014 के चुनाव में पीडीपी कुल 87 सीटों वाली विधानसभा में 28 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। उसके बाद, दूसरे स्थान पर भाजपा को 24 सीटें मिली थीं। नौसेरा सीट पर जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रवीन्द्र रैना, नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार सुरेन्द्र कुमार चौधरी से 7819 वोट से हार गये हैं।

इन चुनाव में भाजपा को 25.64 प्रतिशत, नेकां को 23.43 प्रतिशत, कांग्रेस पार्टी को 11.97 प्रतिशत और पीडीपी को 8.87 प्रतिशत मत प्राप्त हुये। अन्य पार्टियों और निर्दलियों ने 24.83 प्रतिशत वोट हासिल किये।

## राजनाथ सिंह और जर्मन समकक्ष पिस्टोरियस रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमत



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने हवाई और समुद्री क्षेत्र में अभ्यास और रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। इसके अलावा रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला के तौर तरीकों और साधनों पर भी चर्चा हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस ने क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करके अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। बोरिस पिस्टोरियस के साथ टेलीफोनिक वार्ता के बारे में जानकारी साझा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ सार्थक चर्चा हुई। हमने क्षेत्रीय मुद्दों और अपनी साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की। हम भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमत हुए। बोरिस पिस्टोरियस जून माह में चार दिवसीय भारत दौरे पर आये थे, तब भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। जर्मन संघीय रक्षा मंत्री ने मुंबई जाकर पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का दौरा किया था। पिस्टोरियस ने कहा कि जर्मनी भारत जैसे भागीदारों का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने संकेत दिया कि हम अपने भागीदारों, इंडोनेशिया जैसे अपने विश्वसनीय भागीदारों, भारत जैसे भागीदारों का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

## आप का जम्मू-कश्मीर में भी खुला खाता, पांच राज्यों में हुए पार्टी के विधायक, केजरीवाल ने की डोडा से चुनाव जीते मेहराज मलिक से वीडियो कॉल पर बात

नई दिल्ली, एजेंसी

मंगलवार का दिन आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ी खुशी लेकर आया। डोडा विधानसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी मेहराज मलिक की शानदार जीत ने आम आदमी पार्टी को पांचवें राज्य जम्मू कश्मीर में भी इंट्री दिला दी है। अभी दिल्ली, पंजाब, गुजरात और गोवा के विधानसभा में ही आप के विधायक थे। लेकिन अब आप का कारवां जम्मू कश्मीर भी पहुंच गया है। इस बड़ी उपलब्धि पर पूरी पार्टी गदगद है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वीडियो कॉल पर बात कर इस शानदार जीत के लिए मेहराज मलिक को बधाई दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपने (मेहराज मलिक) बीजेपी को हराकर शानदार जीत हासिल की है। आप बहुत अच्छा चुनाव लड़े। पांचवें राज्य में एमएलए बनने पर पूरी आम आदमी पार्टी को बधाई। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बहुत खुश हैं कि जम्मू-कश्मीर पांचवां राज्य बन गया है, जहां आप का विधायक है। आपका (मेहराज मलिक) काम भी बहुत अच्छा है। आप पिछली बार जब मिले थे, आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। लोग आपके साथ हैं। इस दौरान मेहराज मलिक द्वारा जम्मू-कश्मीर आने का न्यौता दिए जाने पर अरविंद केजरीवाल कहा कि मैं पक्का आऊंगा। हम लोग एक बार तारीख तय कर लेते हैं। वहीं, मेहराज मलिक ने कहा कि आपसे प्रेरणा मिली थी। आपने दिल्ली के अंदर कई कदम उठाए हैं। इससे हमें भी उम्मीदें बढ़ी थीं। हम जम्मू-कश्मीर के अंदर बड़े पैमाने पर बदलाव चाहते हैं। मेहराज मलिक ने कहा कि इन लोगों के खिलाफ हम पूरी ताकत से लड़े हैं। मैंने लोगों से वादा किया था कि 10 अक्टूबर को हम एक प्रोगाम करेंगे। मैं चाहता हूं कि आप जम्मू-कश्मीर आएं। इस दौरान मेहराज मलिक ने अरविंद केजरीवाल को जीत का प्रमाण पत्र भी दिखाया। मलिक ने कहा कि दिल्ली से बदलाव की शुरूआत हुई थी। अब जम्मू-कश्मीर में भी एक उम्मीद की किरण जगी है और अब हम पूरी ताकत से आगे बढ़ेंगे। वरिष्ठ नेता व दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि बहुत बहुत बधाई मेहराज भाई। आपकी इस जीत से अब पांच राज्यों की विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी की एंट्री हो गई है। साथ ही जम्मू कश्मीर के प्रभारी इमरान हुसैन को भी बहुत बधाई।

## हरियाणा के चुनावी महाभारत में भाजपा की हैट्रिक, कांग्रेस सदमे में

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धत्ता बताते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। पिछले विधानसभा में राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 48 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करके दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। कांटे के सीधे मुकाबले में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी और कांग्रेस 37 सीटों तक ही पहुंच पायी है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। कुछ समय पूर्व तक भाजपा से गठबंधन तोड़कर चुनाव लड़ी जननायक जनता पार्टी इस बार खाता खोल भी नहीं पायी, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी को 10 सीटें मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल को इस बार दो सीटें (डबवाली और रानिया) मिली हैं। तीन सीटों गन्नौर, बहादुरगढ और हिसार पर निर्दलीय उम्मीदवारों को विजय हासिल हुई है। हरियाणा के परिणामों से कांग्रेस सदमे में दिखी, पार्टी ने इन नतीजों को अप्रत्याशित बताते हुए कहा है कि इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा में, ह्ल पार्टी से जीत छिनी गयी है। ह्व उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में गड़बड़ी की ओर संकेत करते हुए कहा कि पार्टी पूरे तथ्यों के साथ इसके खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटायेगी। भाजपा ने अपनी जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि यह उसकी सरकार के दस वर्ष के सुशासन और मेहनत का फल है। भाजपा नेता अनिल विज ने कहा कि ये परिणाम पूरी तरह अपेक्षित हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हरियाणा के चुनाव से एक सबक मिलता है कि किसी को भी अति आत्मविश्वास में नहीं रहना चाहिए। पार्टी के नेता और दिल्ली में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमें पहले से ही लग रहा था कि एग्जिट पोल के अनुमान जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा सीट पर कांग्रेस के मेवा सिंह को 16 हजार से भी अधिक मतों से हरायाा जबकि गढी सांपला किलोई से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने भाजपा की मंजू को 71 हजार से भी अधिक वोटों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। कॉंग्रेस की सबसे चर्चित प्रत्याशी पहलवान विनेश फोगाट जुलाना में कड़े मुकाबले में भाजपा के कप्तान योगेश बैरागी को 6015 मतों के अंतर से हराया। पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता अनिल विज अंबाला छावनी से कड़े मुकाबले में कॉंग्रेस की बागी प्रत्याशी चित्रा सरवरा से 7000 मतों के अंतर से जीते। तोशाम से भाजपा प्रत्याशी श्रुति चौधरी ने कॉंग्रेस के प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी को 14000 मतों के अंतर से हराया।


**आत्मनिर्भरता** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने समारोह की शोभा बढ़ाई; वायुसेना प्रमुख ने औपचारिक परेड का निरीक्षण किया...............

## भारतीय वायु सेना ने वायु शक्ति और 'आत्मनिर्भरता' संकल्प का प्रदर्शन किया, चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन पर अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु में चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन पर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की 92वीं वर्षगांठ का भव्य समारोह मनाया गया। इस दौरान शानदार रस्मी परेड हुई, वायु शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया गया और अत्याधुनिक उपकरणों का शानदार प्रदर्शन हुआ। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने समारोह की शोभा बढ़ाई, जबकि वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। वायुसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय वायुसेना के तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और विश्व में चल रहे संघर्षों से यह स्पष्ट है कि देश में मजबूत और सक्षम वायुसेना की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि नवीनतम तकनीक को अपनाने के साथ-साथ अभिनव और लीक से हटकर सोचने की क्षमता वर्तमान बहुमुखी वातावरण में निर्णायक भूमिका निभाएगी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वायुसेना दिवस 2024 की थीम 'भारतीय वायु सेनाः सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' भारतीय वायुसेना की आकांक्षाओं को पूरी तरह से व्यक्त करती है। उन्होंने यह भी कहा कि, रपिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर तकनीक के साथ और अधिक सशक्त हुए हैं और हमने रक्षा प्रणालियों और हथियारों के अधिकाधिक उपयोग के नए स्तर हासिल किए हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है। मेक इन इंडिया पहल के सहयोग के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, स्टार्ट-अप, व्यक्तिगत नवोन्मेषकों, पेशेवरों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और शिक्षाविदों को शामिल करके ठोस कदम उठाए गए हैं। वायुसेना प्रमुख ने वायुसेना दिवस को वायु योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में स्वयं को पुनः समर्पित करने, पिछले वर्ष के कामकाज का आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का उत्सव मनाने, सुधार के क्षेत्रों की पहचान और वर्तमान तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को तैयार करने का अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, रहमारा प्राथमिक उद्देश्य हर बार समय पर, लक्ष्य पर हथियार पहुंचाना है और फरवरी 2024 में पोखरण रेंज में मारक शक्ति के प्रदर्शन के लिए किए गए अभ्यास 'वायु शक्ति' के दौरान इसको कुशलतापूर्वक दशार्या गया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस वर्ष भारतीय वायुसेना ने मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जमीन पर सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और पेशेवर कार्यप्रणाली का प्रमाण है। वायुसेना प्रमुख ने पिछले एक वर्ष में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना हमेशा देश और विदेश में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है। उन्होंने वायु योद्धाओं को अनुकूल और काम करने का अच्छा माहौल प्रदान करने के लिए भारतीय वायुसेना की संपूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण और खुशहाली को सबसे महत्वपूर्ण बताया। परेड की शुरूआत राष्ट्रपति ध्वज की मार्चिंग के साथ हुई, जो गर्व, एकता, शक्ति और दल भावना का प्रतीक है। इस दौरान तीनों सेनाओं के बैंड के प्रदर्शन से देशभक्ति के जोश से भरपूर और भी मधुर माहौल बन गया। इस दौरान, एयर वॉरियर ड्रिल टीम ने अपनी धारदार और समन्वित कलाबाजी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रदर्शन ने सभी दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। परेड के बाद शानदार हवाई प्रदर्शन हुआ, जिसमें तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, सुखोई-30 एमकेआई और पिलाटस सहित विभिन्न जेट विमानों ने कम ऊंचाई पर साहसिक हवाई करतब पेश किए। कार्यक्रम के दौरान चेन्नई का आसमान राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में रंगा हुआ था। सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर टीम ने इस दौरान रोमांचकारी प्रदर्शन करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थैतिक प्रदर्शन स्थैतिक प्रदर्शन में एएलएच एमके-4, सी-295 परिवहन विमान, आकाश मिसाइल रक्षा प्रणाली, एचटीटी-40 और रोहिणी रडार जैसे अत्याधुनिक साजोसामान प्रदर्शित किए गए। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना के लगभग एक सौ वर्षों के दृढ़ समर्पण और राष्ट्र के प्रति उसकी अद्वितीय सेवा के लिए उपयुक्त सम्मान का प्रतिदान है। इसमें 'भारतीय वायु सेनाः सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' की थीम को मूर्त रूप दिया गया।

## उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री होंगे : फारूक अब्दुल्ला



श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उनके पिता और नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को यह घोषणा की। उन्होंने जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव में नेकां-कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की ओर बढ़ने पर यह घोषणा की। गठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा किसे बनाया जाएगा, इसके बारे में पूछने पर फारूक ने पत्रकारों से कहा, उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह परिणाम इस बात का सबूत है कि जम्मू कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थे। उन्होंने कहा, लोगों ने अपना फैसला दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि पांच अगस्त 2019 को लिए गए फैसले उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। मैं सभी का शुक्रिया अदा करता हूं कि लोगों ने चुनावों में भाग लिया और स्वतंत्र रूप से मतदान किया। मैं नतीजों के लिए ईश्वर का आभारी हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनी हुई सरकार को लोगों की पीड़ाओं को खत्म करने के लिए बहुत काम करना होगा। उन्होंने कहा, हमें बेरोजगारी खत्म करनी होगी और महंगाई तथा मादक पदार्थ की समस्या जैसे मुद्दों से निपटना होगा। अब कोई उपराज्यपाल और उनके सलाहकार नहीं होंगे। अब 90 विधायक होंगे जो लोगों के लिए काम करेंगे।

# उमेश नैनवाल हत्याकांड : 800 लोगों की भीड़ में मारी गोली, बेटे के अभिनय का वीडियो बना रहे थे अधिवक्ता

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कुसुमखेड़ा में सोमवार देर रात रामलीला के दौरान अधिवक्ता उमेश नैनवाल की हत्या से सनसनी मच गई। हत्या जिस समय हुई, उस समय रामलीला का मंचन देखने के लिए 800 लोगों की भीड़ मौजूद थी। उमेश का बेटा परशुराम का अभिनय कर रहा था और उमेश खड़े होकर उसका वीडियो बना रहे थे, तभी दिनेश ने उन्हें गोली मर दी। अचेत होकर उमेश जमीन पर गिर पड़े। इससे अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उमेश और उनका पूरा परिवार कमलुवागांजा में रामलीला देखने के लिए आया था। सोमवार को राम बारात और परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन होना था। परशुराम का किरदार उमेश नैनवाल का बेटा आदित्य निभा रहा था। धनुष टूटते ही राम बारात निकलने लगी। लोग तालियां बजा रहे थे और पटाखे फोड़े जा रहे रहे थे।

उमेश भी भीड़ के बीच से बेटे के अभिनय का वीडियो बना रहे थे। तभी धमाका हुआ। लोगों ने समझा कि पटाखे फोड़े गए हैं, मगर अचानक



उमेश जमीन पर गिरकर खून से लथपथ हो गए, तब पता चला कि उन्हें गोली मार दी गई है। पुलिस के अनुसार हत्या की वजह 24 बीघा जमीन है। इस जमीन पर लंबे समय से उमेश नैनवाल काबिज था। दिनेश भी जमीन पर अपना अधिकार जताने लगा। दोनों परिवारों के बीच विवाद थाने तक पहुंचा। बार-बार विवाद को देखते हुए पुलिस ने जमीन पर 106/116 की करवाई कर दी थी। अपने ही भाई की हत्या करने वाले दिनेश नैनवाल का अपराधिक इतिहास रहा है। कुछ सालों पहले वह हत्या के आरोप में जेल गया था। जेल से बाहर आने के बाद उसने भाई से रंजिश रखी और आएदिन विवाद को तूल देना शुरू कर दिया था। रामलीला मैदान में खुलेआम हत्या से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। बताया जा रहा वारदात के समय रामलीला ग्राउंड में दो पुलिस वाले भी मौजूद थे। इस घटना के बाद रामलीला को अग्रिम आदेश तक के लिए रद कर दिया गया है।

गोली लगने से युवक की मौत की सूचना पर एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को आरोपित को पकड़ने के निर्देश दिए। घटनास्थल का मुआयना भी किया।

दिनेश उमेश को गोली मारने के बाद मुख्य गेट पर आया। उसे किसी का डर नहीं था। गेट पर आते ही उसने तमंचे को दीवार के पर झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद भाग निकला।

जानकारी के अनुसार यह घटना बीती रात रामलीला के दौरान हुई है। बताया गया कि मृतक उमेश नैनवाल एसडीएम कोर्ट हल्द्वानी में वकालत करते थे। वहीं,अधिवक्ता उमेश का बेटा रामलीला में परशुराम का किरदार निभा रहा था। इसके चलते मृतक उमेश नैनवाल अपने परिवार के साथ रामलीला देखने गया हुआ था। इसी बीच अधिवक्ता उमेश और उसके चचेरे भाई दिनेश नैनवाल जो एक पब्लिक स्कूल का मालिक है। इन दोनों के बीच जमीनी विवाद को लेकर कहां सुनी हो गई। वहीं, आक्रोशित दिनेश ने अधिवक्ता उमेश पर गोली चला दी। इस दौरान गोलियां चलते ही रामलीला में अफरा तफरी मच गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोग घायल उमेश को एक निजी अस्पताल लेकर गए।

# परिवार के साथ कैंची धाम पहुंचे गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, माथा टेक हनुमान चालिसा का पाठ किया



**नैनीताल , एजेंसी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने परिवार के साथ नीब करौरी बाबा के दर्शन किए। विधायक सरिता आर्या, भाजपा कार्यकर्ताओं समेत मंदिर प्रबंधक प्रदीप साह भयु ने फूल माला से उनका स्वागत किया।

मंगलवार को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने परिवार के साथ नीब करौरी बाबा के दर्शन किए। विधायक सरिता आर्या, भाजपा कार्यकर्ताओं समेत मंदिर प्रबंधक प्रदीप साह भयु ने फूल माला से उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने मंदिर दर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने बाबा की शिला में फूल माला चढ़ाई और पूजा अर्चना कर देश की सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंदिर समिति पदाधिकारियों से वार्ता कर मंदिर की दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पहली बार नीब करौरी बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। बाबा के दर्शन कर शांति मिली। कहा बाबा की महिमा से आज हर दिन हजारों लोग बाबा के दर्शनों के लिए यहां आ रहे हैं। ये बाबा का ही चमत्कार है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने वांछितों के घर मुनादी करा चस्पा की नोटिस

**गदरपुर, एजेंसी।** पुलिस ने विभिन्न अभियोगों में वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए घरों पर मुनादी कराकर नोटिस चस्पा की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम थापक नगला केलाखेड़ा निवासी संदीप, कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी, ग्राम मड़ैया हट्टू बाजपुर निवासी छिंदर सिंह, सोनू उर्फ चिकना, ग्राम खुशहालपुर गदरपुर निवासी हरजिंदर सिह उर्फ बाबू, ग्राम हरसान बाजपुर निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ छेतु, करन सिंह और सेमल हरसान बाजपुर निवासी करन सिंह के खिलाफ केस दर्ज था। केस दर्ज होने के बाद से सभी अभियुक्त फरार चल रहे हैं। इनके विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी अधिपत्र/धारा 84 बीएनएस के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए घरों पर पर दबिश दी गई लेकिन वे नदारद मिले। इसके बाद पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में मुनादी कराकर नोटिस चस्पा किया है। टीम में एसआई देवेंद्र सिंह मेहता, सिपाही बलवंत सिंह बिष्ट, शिवराज सिंह आदि शामिल रहे।

### साइबर अटैक से दस हजार से अधिक पेंशनरों की पेंशन अटकी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** आईटी सिस्टम हैक होने से जिले में दस हजार से अधिक पेंशनरों की पेंशन अटक गई है। सरकारी दफ्तरों में पांचवें दिन भी ऑनलाइन कार्य नहीं हो पाए। पुलिस और खनन विभाग का ऑनलाइन पोर्टल अवश्य खुल गया है। साइबर अटैक के चलते बीते तीन अक्तूबर से जाति, स्थायी, मूल निवास, आय प्रमाणपत्र के साथ ही खाता खतौनी की नकल जैसे काम प्रभावित हुए हैं। जनाधार केंद्रों में प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहे हैं। जिनके प्रमाण पत्र बन चुके हैं, वह जारी नहीं हो पा रहे हैं। सीएससी में प्रमाणपत्र के लिए लोग आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। प्रमाणपत्र बनाने पहुंच रहे लोगों को वापस लौटना पड़ रहा है। ट्रेजरी में चालान तक जमा नहीं हो पा रहे हैं। सर्वर ठप होने से अपणि सरकार पोर्टल और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज नहीं हो पा रही है। साइबर अटैक सितंबर माह के अंत में होता तो सरकारी कर्मचारियों का वेतन भी अटक जाता। सरकारी कर्मचारियों का वेतन माह के अंत में ट्रेजरी आ जाता है। इस वजह से कर्मचारियों के वेतन की कोई समस्या नहीं आई। सेनानिवृत्त कर्मियों की पेंशन अवश्य अटक गई।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के पुन-अध्यक्ष चुने गए देवेंद्र

**काशीपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा काशीपुर की ओर से शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी/त्रैवार्षिक चुनाव किया गया। सोमवार को बीआरसी सभागार में मुख्य पर्यवेक्षक रबेंद्र कुमार शर्मा की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान देवेंद्र चौधरी अध्यक्ष और नागेश चौहान मंत्री चुने गए। वहीं जोगेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्वेता डाबर महिला उपाध्यक्ष, सतीश गौतम, प्रिंस सक्सेना, कुसुम रानी, अनुकिरण गौतम उपाध्यक्ष, मोहम्मद नसीम संयुक्त मंत्री, सतीश व महेंद्र सिंह उपमंत्री, विष्णु कुंवर महिला संगठन मंत्री, सुनील शर्मा, मनोज, सौमित्र कुशवाहा संगठन मंत्री, शमशाद हुसैन व चरण सिंह प्रचार मंत्री, नमिता महिला प्रचार मंत्री, राजबीर सिंह लेखाकार निर्विरोध चुने गए। चुनाव संपन्न कराने में पर्यवेक्षक रामचंद्र शर्मा, शाबिर हुसैन, सत्येंद्र राठी, अजय राज सैनी शामिल रहे।

### जाम में फंसी एंबुलेंस, घायल महिला ने दम तोड़ा, चारा काटते समय खाई में गिर गईं थी प्रेमा देवी

**नैनीताल, एजेंसी।** बेतालघाट में खाई में गिरी महिला को अस्पताल लाते समय वाहन जाम में फंस गया, जिस कारण महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बेतालघाट में खाई में गिरी महिला को अस्पताल लाते समय वाहन जाम में फंस गया, जिस कारण महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत रोपा गांव के भूमिया मंदिर के पास रविवार की शाम को चारा काटते समय पैर फिसलने से प्रेमा देवी (60) पत्नी मुरलीधर सांगुड़ी खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला के खाई में गिरने की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने प्रेमा देवी को गंभीर हालत में बेतालघाट सीएचसी पहुंचाया।

# प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल खोलने के लिए प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी दी



**हल्द्वानी , एजेंसी।** प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल खोलने की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शीघ्र मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल खोलने की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शीघ्र मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि कई छात्र-छात्राएं दाखिला नहीं ले पाए हैं, इसलिए समर्थ पोर्टल को खोलकर सभी को राहत दी जाए।

सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज के छात्र यतिन पांडे के नेतृत्व में महाविद्यालय में एकत्र हुए। उन्होंने प्राचार्य कक्ष के आगे नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कहा कि कॉलेज के 800 से अधिक छात्र-छात्राएं फीस जमा नहीं कर पाए हैं। अगर फीस जमा नहीं हुई तो उनका एक साल बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने प्रवेश के लिए 48 घंटे के भीतर समर्थ पोर्टल नहीं खोलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां ज्योति दानू, निश्चय, हर्षित भट्ट सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में निगम चुनाव की कवायद तेज, नगर निगम द्वारा सर्वे में 23,255 मतदाताओं की सूची तैयार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में नगर निगम चुनावों को लेकर कवायद तेज कर दी गई है। इसी के साथ ही नगर निगम प्रशासन के द्वारा चुनावों को लेकर तैयारी की जा रही है। वहीं, नगर निगम के अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि 40 वार्डो में करीब 23,255 मतदाताओं की सूची तैयार की गई है।

नगर निगम,अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि उत्तराखंड सरकार के द्वारा अल्मोड़ा नगर पालिका को नगर निगम बनाए जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। वहीं, इस सूचना के जारी होने के



बाद अब यह पालिका नगर निगम का अस्तित्व ले चुकी है। इसमें नगर निगम प्रशासन ने निगम चुनाव की कवायद तेज कर दी है। भरत त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व के 13 वार्डो को नगर निगम के द्वारा 40 वार्डो में विभाजित कर दिया गया है। वहीं आगे कहा कि निगम द्वारा किए गए सर्वे में 23,255 मतदाताओं की सूची तैयार कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त निकट निगम चुनाव के मद्देनजर 40 वार्डो की मतदाता सूची जनसामान्य के निरीक्षण के लिए 9 अक्टूबर तक रखी गई है। ताकि लोग किसी भी तरह की आपत्ति एवं दावा कर सके।

## ढाबे में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाने का संदेह

**सितारगंज, एजेंसी।** किच्छा हाईवे के पास ढाबे में खाना खाने के बाद संदिग्ध हालात में दो लोगों की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस से जांच की मांग की है। उन्होंने ढाबे में जहरीला पदार्थ खिलाने का संदेह जताया है।

रविवार को थाने पहुंचे प्रेम कुमार ने पुलिस को बताया कि ग्राम पहसैनी निवासी उसके बहनोई सोनू सिंह (40) की तीन अक्तूबर को मृत्यु हो गई थी। हाईवे पर स्थित एक ढाबे में खाना खाने के बाद सोनू बेहोश होकर गिर गया था। इसके बाद तीन अज्ञात लोगों ने उसे घर पहुंचाया था। उसने बताया कि सोनू के मुंह से झाग निकल रहा था। हालत बिगड़ने पर उसे उप जिला सितारगंज में भर्ती कराया था जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। हायर सेंटर ले जाते वक्त रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। उसने आशंका जताई कि उसके बहनोई को कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाया गया। जिस वजह से उनकी हालत बिगड़ गई थी। लोगों की शिकायत पर रात को ही ढाबे की तलाशी ली गई थी वहां से नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ था। विसरा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।- बीएस चौहान, सीओ सितारगंज।

# 317 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रुड़की, एजेंसी।** एएनटीएफ और एसटीएफ के साथ रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए स्मैक की बड़ी खेप पकड़ी है। रुड़की रोडवेज स्टेशन के पास से 317 ग्राम स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह स्मैक बरेली से रुड़की के विभिन्न इलाकों में बेचने के लिए लाई जा रही थी। साथ ही इन्हें स्मैक सप्लाई करने वाला आरोपी फरार है।

एंटी नारकोटिक्स फोर्स के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स फोर्स को सूचना मिली थी कि बरेली से तस्कर नशे की बड़ी खेप बाइक से रुड़की की तरफ ले जा रहे हैं। इस पर सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर पुलिस ने रविवार रात रोडवेज बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर इन्हें दबोच लिया। आरोपियों के पास से 317 ग्राम स्मैक मिली।

इसकी कीमत 95 लाख रुपये है। पकड़े गए आरोपी रईश अहमद निवासी बडियां तिलियापुर थाना सीबी गंज बरेली उत्तर प्रदेश जो पैडलर है। साथ ही एजाज उर्फ आजाद और शहजाद निवासी निवासी ग्राम लादपुर खुर्द थाना लक्सर जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें यासीन उर्फ छोटा निवासी रूकमपुर बरेली मुख्य सप्लायर है, जो उन्हें स्मैक सप्लाई करता है। पुलिस और एसटीएफ की टीम अब मुख्य आरोपी की तलाश में जुट गई है। आरोपियों से बरामद बाइक को भी सील कर दिया गया है। वहीं, सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। जबकि पकड़े गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक किलो चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गंगनहर कोतवाली प्रभारी ऐश्वर्य पाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में चरस सप्लाई की जा रही है। ऐसे में पुलिस ने गहन चेकिंग अभियान चलाया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर में पुलिस टीम ने एक युवक को देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने की कोशिश करने लगा। ऐसे में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। जांचने पर उसके पास से एक किलो चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पंकज निवासी पनियाला बताया। बताया कि आरोपी को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# बेटी के घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी महिला, नशा सूंघाकर जेवरात और बैग लूटा

**रुड़की, एजेंसी।** महिला के पास बाइक सवार दो युवक आए। कहा कि वह उसे देवबंद तक छोड़ देंगे। महिला ने उनके साथ जाने से मना कर दिया। इसी बीच एक युवक ने नशीला पदार्थ सुंघाया और महिला को ले गया।

बेटी के घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने नशा सूंघाकर जेवरात लूट लिए। लूट के बाद बदमाशों ने उसे मंगलौर के पास गंगनहर पटरी पर लेजाकर छोड़ दिया। होश आने के बाद महिला ने सिविललाइंस कोतवाली पहुंचकर मामले से अवगत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविललाइंस कोतवाली क्षेत्र के टोडा कल्याणपुर गांव निवासी मालदेवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी की देवबंद में ससुराल है। सोमवार को वह अपनी बेटी के पास जाने के लिए घर से निकली थी। वह सेना अस्पताल तिराहे के पास खड़े होकर बस का इंतजार कर रही थी। इसी बीच महिला के पास बाइक सवार दो युवक आए। युवकों ने महिला से पूछा कि उन्हें कहां पर जाना है।

महिला ने उन्हें बताया कि वह देवबंद में अपनी बेटी के घर जा रही हैं। जिस पर युवकों ने कहा कि वह भी देवबंद जा रहे है। वह उसे देवबंद तक छोड़ देंगे। महिला ने उनके साथ जाने से मना कर दिया। इसी बीच बाइक पर पीछे बैठा युवक महिला के पास पहुंचा। इससे पहले की महिला कुछ समझ पाती। युवक ने महिला को नशीला पदार्थ सूंघा दिया। इसके बाद महिला बेहोश हो गई।

आरोप लगाया कि बदमाशों ने बेहोश होने के बाद उसे बाइक पर बैठाया और अपने साथ ले गए। बदमाशों ने उसके गहने लूट लिए। इसके बाद उसे मंगलौर क्षेत्र के गंगनहर पटरी किनारे स्थित जंगल में छोड़कर फरार हो गए। जब उसे होश आया तो उसने खुद को मंगलौर क्षेत्र में गंगनहर पटरी किनारे पड़े हुए पाया। महिला ने बताया कि उसका बैग भी गायब था।

# रात में खुला ई रवन्ना पोर्टल, दिन में दो घंटे फिर रहा बाधित

**रुद्रपुर, एजेंसी।** चार दिन से सर्वर हैक के चलते बंद पड़ा खनन विभाग का ई रवन्ना पोर्टल खुल गया है। इससे खनन कारोबारियों ने राहत की सांस ली है। हालांकि पोर्टल खुलने के बाद दो घंटे फिर से बंद हो गया था। कारोबारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सीएम का आभार जताया है।

दरअसल साइबर हमले के चलते सरकारी विभागों की वेबसाइट और पोर्टल बंद हो गए थे। इसके चलते इनकी वजह से होने वाला कामकाज ठप पड़ गया था। चार दिन से साइबर हमले की वजह से खनन विभाग का ई रवन्ना पोर्टल भी बंद हो गया था। पोर्टल बंद होने से खनन कारोबारियों के माथे पर बल आ गया था। मुख्यमंत्री ने कारोबारियों की समस्या को देचाते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे।

इसके चलते मैनुअल रवन्ने की व्यवस्था लागू की गई थी। लेकिन रविवार की रात पोर्टल शुरू कर दिया गया था। इसके चलते मैनअुल व्यवस्था बंद कर दी गई थी। हालांकि सोमवार की दोपहर दो घंटे पोर्टल तकनीकी कारणों से बंद हो गया था लेकिन फिर सुचारू हो गया था। एलएससी इंफ्राटेक लिमिटेड के निदेशक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि इस समस्या का त्वरित संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री ने आपातकालीन बैठक बुलाकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए थे।

### तहसील प्रशासन के आश्वासन पर छात्रों का अनशन खत्म

**गोपेश्वर, एजेंसी।** मांगों को लेकर चल रहा पीजी कॉलेज के छात्रों का अनशन तहसील प्रशासन के सकारात्मक आश्वासन पर खत्म हो गया।

पीजी कॉलेज में पीजी स्तर के सभी विषयों की स्वीकृति दिलाने, रिक्त प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के पदों को भरने सहित कई मांगों को लेकर साहिल और मोहित नेगी ने तहसील परिसर में चार अक्तूबर से अनशन शुरू किया था। रविवार को स्वास्थ्य खराब होने पर प्रशासन ने साहिल को अनशनस्थल से उठाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया था। उसके स्थान पर संदीप नेगी ने अनशन शुरू कर दिया था।

# सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट के बंद होने से पता चला हमले का, साइबर थाने में मुकदमा दर्ज

**देहरादून, एजेंसी।** आईटीडीए के सर्वर हैक हुआ ये सबसे पहले सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट के बंद होने से पता चला। हैकर्स ने आईटीडीए के सर्वर पर हैकिंग संबंधी मैसेज भेजे और भुगतान यानी फिरौती देने के बाद ही इसे चालू करने को कहा। हैकर्स ने दो ई-मेल एड्रेस भी संपर्क के लिए भेजे थे। इस मामले में प्रभारी इंस्पेक्टर सीसीटीएनएस की शिकायत पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इंस्पेक्टर की तहरीर पर यह मुकदमा चार अक्तूबर को दर्ज किया गया है। दो अक्तूबर को करीब पौने तीन बजे अचानक सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट ने काम करना बंद कर दिया। टीम उस वक्त सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट से संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर रही थी। उन्होंने दूसरे सिस्टम पर चेक किया तो वहां भी नहीं चला। इसके बाद उन्होंने आईटीडीए से जानकारी की तो पता चला कि सर्वर हैक हो गया है। इस पर रैनसम संबंधी मैसेज भी नोटपैड में आया हुआ है। यह मैसेज सर्वर के प्रत्येक फोल्डर में प्रदर्शित हो रहा था। हैकर्स ने दो ई-मेल आईडी भी संपर्क के लिए इस मैसेज में दी। इसके बाद पता चला कि हैकर्स ने अवैध रूप से सर्वर में बदलाव कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने भुगतान के बाद ही सर्वर चालू करने को लिखा था। प्रभारी इंस्पेक्टर ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। उधर, सूत्रों के मुताबिक यह हमला भारत से नहीं बल्कि विदेश से किया गया है। इसकी तह तक जाने के लिए साइबर थाना पुलिस और एसटीएफ जुटे हुए हैं। हैकर्स ने जो ई-मेल एड्रेस दिए हैं उनके संबंध में भी जांच की जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर 37 यूनिट रक्तदान

**देहरादून, एजेंसी।** संविदा एवं बेरोजगार नर्सिंग अधिकारी महासंघ की ओर से स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर जॉलीग्रांट स्थित एक सभागार में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान 37 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। संगठन अध्यक्ष मीनाक्षी मंमगाई ने स्वास्थ्य मंत्री को शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन अमिता धीमन ने किया। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री मातवर सिंह रावत, डोईवाला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, अरुण शर्मा, दिनेश सजवान, राम सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में सोमवार को जीवन के लिए रेडिएशन जरूरी विषय पर तीन दिवसीय राष्टीय संगोष्ठी शुरू हुई। पहले दिन भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर के स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण समूह के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार असवाल ने कहा कि वातावरण में मौजूद प्राकृतिक रेडिएशन जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। रेडिएशन प्रत्यक्ष रूप से कैंसर जैसी बीमारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होता। मानव निर्मित आपदा या फिर प्राकृतिक आपदाओं का हस्तक्षेप इसे हानिकारक बनाता है। उन्होंने शोधकर्ताओं को न्यूक्लियर एनर्जी व रेडिएशन के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# एमसीडी की आप सरकार ने त्योहारों से पहले कूड़े और प्रदूषण से निपटने के लिए चलाया विशेष अभियान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने त्योहारों से पहले दिल्ली को कूड़ा, मलबा और प्रदूषण से निपटने के लिए एक विशेष कैंपेन शुरू किया है। एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय और सदन के नेता मुकेश गोयल मंगलवार को प्रेस वार्ता कर इस कैंपेन की घोषणा की। इस अभियान के तहत दिल्ली के सभी 250 वार्डों से कूड़े और मलबे का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है, ताकि दिल्ली के लोगों को त्योहारों के दौरान एक साफ और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

इसकी जानकारी साझा करते हुए एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि दिल्ली में कूड़े और मलबे की दो बड़ी समस्याएं हैं। कई लोग गली के कोने, पार्क के किनारे या बैकलेन पर कूड़ा फेंक देते हैं। अगर कहीं बिल्डिंग या प्रॉपर्टी बन रही हो तो वहां मलबे को किसी कोने में डाल दिया जाता है। दिल्ली में हर साल प्रदूषण की समस्या रहती है और इसमें सबसे ज्यादा योगदान मलबे का होता है। इससे एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी काफी बढ़ोत्तरी होती है।

डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऑर्डर में कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को निर्देश दिए थे कि डस्ट कंट्रोल के उपाय किए जाएं और सीएनडी साइट बनाई जाएं। दिल्ली सरकार और नगर निगम प्रदूषण को कम करने के लिए हर साल कई कदम उठाते हैं। पिछले साल, नगर निगम ने कई सीएनडी साइट बनाए, जिन्हें जेई स्टोर के रूप में नामित किया गया था। इन साइटों को लंबी नीली चादरों से ढक दिया गया था, जिसके कारण सड़कों, गलियों या पार्क के कोनों में पहले से जमा मलबा साफ हो गया। जनता ने भी इस प्रयास का समर्थन किया और हमारे नगर निगम के कर्मचारियों की मदद से कई टन मलबा चिंहित जगहों पर भेजा गया।

मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने आगे बताया कि हाल ही में नगर निगम में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें एमसीडी कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर, डेम्स और इंजीनियरिंग शामिल हुए। इसमें कूड़े से निपटने के लिए रणनीति बनाई बई। अब नगर निगम तैयार है। हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाना है। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूरी दिल्ली को कूड़े और प्रदूषण से मुक्त करने के लिए एक मुहिम शुरू की जाएगी। इसके तहत दिल्ली के सभी 12 क्षेत्रों के डिप्टी कमिश्नर और असिस्टेंट कमिश्नर अपने-अपने क्षेत्र और वार्ड का रोजाना निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा, सभी 250 वार्डों के जेई मेंटेनेंस (कार्य और रखरखाव के लिए जूनियर इंजीनियर), सैनीटरी गाइड, सैनीटरी इंस्पेक्टर और एएसआई रोजाना अपने-अपने वार्ड की रिपोर्ट सौंपेंगे और यह बताएंगे कि उनके इलाके में कितना कूड़ा और मलबा है। इस प्रक्रिया से न केवल स्थिति की निगरानी होगी, बल्कि नागरिकों को भी सफाई व्यवस्था में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मेयर ने दिल्ली की जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि एमसीडी ने दिल्ली को साफ रखने के लिए इस विशेष अभियान और मुहिम की शुरूआत की है। सभी दिल्लीवासी इस अभियान में सहयोग करें और अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में मदद करें। डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, जेई वर्क मेंटेनेंस और सैनीटरी गाइड अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे और एक निर्धारित फॉर्मेट के तहत डिप्टी कमिश्नर को रोजाना रिपोर्ट करेंगे। दिल्ली के नागरिक होने के नाते दिल्ली की जनता की भी जिम्मेदारी है कि वह अपना इलाका साफ रखें।

मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि दिल्ली की साफ-सफाई सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। खासकर आने वाले त्योहार के सीजन में जब प्रदूषण एक जरूरी मुद्दा रहता है। मैं दिल्ली के लोगों से अनुरोध करती हूं कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और हमारे कर्मचारियों के साथ सहयोग करें। आने वाले दिनों में, जेई मेंटेनेंस और सैनीटरी गाइड, साथ ही डेम्स के अधिकारी डेली रिपोर्ट करके यह जानकारी देंगे कि उनके वार्ड से कितनी मात्रा में कूड़ा और मलबा हटाया गया है और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका वार्ड कूड़े और मलबे से मुक्त हो और अरविंद केजरीवाल के दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के वादे में अपना योगदान दें।

वहीं, एमसीडी सदन के नेता मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली को कूड़ा रहित, मलबा मुक्त और प्रदूषण मुक्त करने के लिए नगर निगम की तरफ से कुछ कदम उठाए जा रहे हैं। इस दिशा में पहला कदम यह है कि हर क्षेत्र के सैनेटरी इंस्पेक्टर और जेई मेंटेनेंस को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वॉर्ड की रोज रिपोर्ट दें।

# टेंशन तो रही, लेकिन पूरी हिम्मत से चुनाव लड़े : मेहराज मलिक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





आम आदमी पार्टी का विस्तार अब पांच राज्यों तक पहुंच गया है। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों में मिली जीत के बाद पार्टी ने पांचवें राज्य में भी पैर फैला दिए हैं। इसके साथ ही पार्टी के मुखिया और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि वह जल्द ही जम्मू कश्मीर जाएंगे। अरविंद केजरीवाल यहां पार्टी कार्यकर्ता व इकलौते विधायक मेहराज मलिक से मुलाकात करेंगे।

वहीं, चुनाव जीतने के बाद मेहराज मालिक का कहना है कि टेंशन तो बहुत थी, लेकिन वह पूरी मजबूती से चुनाव लड़े। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 10 तारीख को वो मेहराज मलिक की जीत के जश्न में जनता के बीच पहुंचेंगे। मंगलवार को चुनाव नतीजे सामने आने के बाद पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर में पार्टी के इकलौते विधायक मेहराज मलिक से वीडियो कॉल पर बात की। इस बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि पूरे देश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता काफी खुश हैं कि अब पांचवां राज्य जम्मू-कश्मीर हो गया, जहां हमारा एमएलए जीत गया। इस पर मेहराज मलिक ने कहा कि उन्हें अरविंद केजरीवाल से प्रेरणा मिली थी और जैसे दिल्ली में बदलाव हुआ था, वैसे ही बदलाव वह जम्मू कश्मीर में करना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने मेहराज मलिक को बधाई देते हुए कहा कि आप का काम बहुत अच्छा है। जनता आपके साथ है।

मेहराज मलिक ने कहा कि थोड़ी टेंशन तो थी, लेकिन हम पूरी हिम्मत से लड़े, अब आप भी बाहर आ गए हैं। हमने लोगों से वादा किया था कि हम 10 तारीख को एक बड़ा जलसा करेंगे। उसमें आप की जरूरत पड़ेगी। मेहराज मलिक के इस प्रस्ताव पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप तारीख तय करें, मैं जरूर आऊंगा।

मेहराज मलिक ने वीडियो कॉल पर अरविंद केजरीवाल से बात करने के दौरान ही अपनी जीत का पत्र चुनाव अधिकारी से लिया। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद बोला और 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे उनकी विधानसभा में जनता के बीच पहुंचने का न्योता भी दिया। जिसे अरविंद केजरीवाल ने स्वीकार करते हुए कहा कि मैं जरूर आऊंगा।

# तीसरी बार जनादेश देने के लिए हरियाणा की जनता का आभार, पीएम मोदी की नीतियों की जीत : कुलजीत चहल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलजीत चहल ने हरियाणा के चुनावी नतीजों को पार्टी के कार्यकताओं की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि, यह लोकतंत्र की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश व हरियाणा में विकास हुआ, उसकी जीत है। मैं हरियाणा की जनता का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने तीसरी बार भाजपा पर भरोसा जताया है। ये भाजपा की सामूहिक जीत है। हमारे पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने एक टीम के तौर पर काम किया। जब भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता विकास के मुद्दे पर काम करता है तो जीत निश्चित होती है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी विभाजन के मुद्दे पर काम कर रही है। जातियों में बांट रही थी। जनता के मुद्दों से उनका कोई सरोकार नहीं है। हरियाणा ने भाजपा की झोली में जीत को डालकर कांग्रेस को बड़ा संदेश दिया है। कांग्रेस पार्टी जितनी बार अपने प्रोडक्ट को लॉन्च करती है, उतनी बार वो फेल साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि, जहां-जहां राहुल गांधी गए, वहां-वहां कांग्रेस का बुरा हाल हुआ। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और अब हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता और नेता काम कर रहे है। पीएम मोदी नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। कांग्रेस की पोल आज जनता के सामने खुल चुकी है।

# दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक इमारत में लगी आग, 10 लोगों को बचाया



नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार सुबह एक आवासीय इमारत में लगी आग के बीच कम से कम 10 लोगों को वहां से सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क की लेन संख्या-3 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना सुबह साढ़े नौ बजे मिली और पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया।

अग्निशमन अधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि भूतल पर स्थित पार्किंग में आग लग गई थी और कुछ लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए थे। सिंह ने कहा, आग के बीच फंसे हुए सभी लोगों को सीढ़ियों और क्रेन की मदद से बचा लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं। आग की चपेट में आकर कुछ दोपहिया वाहन आंशिक रूप से जल गए हैं। स्थानीय निवासी डॉ. तहजीब अहमद ने बताया कि इमारत में कम से कम नौ परिवार रहते थे। उन्होंने कहा, आग लगने के कारण ज्ञात नहीं हैं, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस के अनुसार, भूतल पर बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने का संदेह है।

# हॉर्न बजाकर रास्ता मांगा तो हेलमेट से हमला कर तोड़ दिया जबड़ा



नई दिल्ली। महरौली में हॉर्न बजाकर रास्ता मांगने पर एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। आरोपी ने युवक पर हेलमेट से ताबड़तोड़ वार कर जबड़ा तोड़ दिया और धमकी देकर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने अपने दोस्त को फोन करके मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंचे दोस्त ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनके जबड़े का ऑपरेशन किया गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित ने 5 अक्टूबर को मामले की शिकायत पुलिस में दी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस को शिकायत में हेमंत ने बताया कि वह परिवार के साथ मैदानगढ़ी इलाके में रहते हैं। 26 सितंबर की सुबह वह काम पर जाने के लिए घर से स्कूटी लेकर निकले थे। छतरपुर साईं बाबा बस स्टैंड के पास रोड पर एक युवक फोन पर बात कर रहा था। उन्होंने हॉर्न बजाकर उसे हटने को कहा। आरोप है कि इस पर युवक गाली-गलौज करने लगा। हेमंत के अनुसार, उन्होंने युवक को गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर वह उनसे झगड़ा करने लगा और हेलमेट से उनके सिर और मुंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिए और धमकी देकर फरार हो गया। आरोपी के जाने के बाद उन्होंने अपने दोस्त को कॉल करके मदद मांगी। जिसके बाद उनका दोस्त मौके पर आया और उन्हें अस्पताल लेकर गया। पीड़ित के अनुसार 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक वह अस्पताल में भर्ती रहे। इस बीच उनके जबड़े का ऑपरेशन हुआ। उनके जबड़े में प्लेट डाली गई है। जिस कारण वह बोल भी नहीं पा रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# आबकारी नीति : बचाव पक्ष ने दस्तावेज की जांच के लिए समय मांगा

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान आप सांसद संजय सिंह, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, अरुण पिल्लई के वकीलों ने ईडी द्वारा आरोप पत्र और पूरक आरोप पत्रों के साथ दायर गैर-भरोसेमंद दस्तावेज के निरीक्षण के लिए छह माह का समय मांगा। सुनवाई के दौरान पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, संजय सिंह, के कविता समेत अन्य आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दस्तावेज के निरीक्षण के लिए समय नहीं बताने पर कई आरोपी व्यक्तियों के वकीलों को फटकार लगाई। उन्होंने बार-बार पूछने के बावजूद समय न बताने पर वकीलों के आचरण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा, आप मुझे बताएं कि आपको कितना समय चाहिए। क्या मुझे यह दर्ज करना चाहिए कि आप निरीक्षण के लिए आवश्यक समय नहीं बता रहे हैं।

# दिल्ली: सीआर पार्क के दुर्गा पूजा उत्सव में महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले के खिलाफ देशभर में उठे आक्रोश के बाद महिलाओं के सशक्तिकरण सहित कई विषयों को दिल्ली के मिनी कोलकाता चित्तरंजन पार्क में बुधवार से शुरू हो रहे दुर्गा पूजा समारोह में प्रमुखता दी गई है। पर्यावरण के अनुकूल संदेशों और ग्रामीण बंगाल के रंगों से लेकर राजस्थान के भव्य किलों तक इस क्षेत्र का बंगाली समुदाय स्त्री शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के वार्षिक उत्सव को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। चित्तरंजन पार्क (सीआर पार्क) काली मंदिर समिति के सचिव राजीव नाग ने बताया कि काली मंदिर में महिलाओं के अधिकारों के प्रतीक के रूप में गहरे लाल और सफेद रंगों का इस्तेमाल किया गया है तथा पंडाल को 80 प्रतिशत महिलाओं द्वारा सजाया गया है। आयोजकों ने महोत्सव के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कलाकारों को भी आमंत्रित किया है जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है जिन्हें अक्सर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर नहीं मिल पाता है। नाग ने कहा कि इन कार्यक्रमों में महिलाओं की कहानियों को बताया जाएगा और उनके योगदान का सम्मान किया जाएगा। चित्तरंजन पार्क में मां शारदा समुदाय ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाई है। पूजा समिति के उपाध्यक्ष मुकुल भारद्वाज ने बताया कि प्रतिकृति के निर्माण में एक महीने से अधिक का समय लगा। उन्होंने बताया, सजावट में शामिल सभी कलाकार और मजदूर बंगाल तथा बिहार के विभिन्न हिस्सों से आए थे।

# मेरा सपना दिल्ली के सारे सरकारी स्कूलों को और अच्छा बनाने का है- मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को त्रिलोकपुरी विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। पदयात्रा में बड़ी तादात में शामिल हुए समर्थकों और कार्यकताओं ने फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही पोस्टर-बैनर के साथ पहुंचे समर्थकों ने ह्यईमानदारी की क्या पहचान, केजरीवाल और झाड़ू निशानह्ण के जमकर नारे लगाए। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि सरकारी स्कूल अच्छे हो गए और आपके बच्चे अच्छे से पढ़-लिख गए तो भाजपा उनको बेवकूफ नहीं बना पाएगी। इसलिए उसने साजिश कर अरविंद केजरीवाल और मुझे जेल भेजा। मेरा सपना दिल्ली के सारे सरकारी स्कूलों को अच्छा बनाने का था। भाजपा ने इस काम को रोकने के लिए यह सारे षड़यंत्र किए थे। इस दौरान स्थानीय विधायक रोहित मेहरौलिया, पार्षद और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि मैं डेढ़ महीने पहले 17 महीने जेल में रहकर आया हूं। मेरी गलती केवल इतनी थी कि मैं दिल्ली के बच्चों के लिए स्कूल बनवा रहा था। यहां भी एक सरकारी स्कूल है, जिसमें बच्चे पढ़ते हैं। जब 2015-16 में मैं यहां आता था, तो स्कूल की हालत बहुत बुरी थी। अब कम से कम यहां बच्चों के बैठने की जगह बनी है। मेरा सपना था कि इस स्कूल को और अच्छा बनाऊं। दिल्ली के सारे स्कूलों को और अच्छा बनाऊं, लेकिन भाजपा वालों को डर लग गया कि अगर स्कूल अच्छे हो गए, बच्चे अच्छे से पढ़-लिख गए तो हमारी बातों पर बेवकूफ कौन बनेगा? इसलिए भाजपा वालों ने स्कूलों का काम रोकने के लिए मुझे जेल में भेज दिया। दिल्ली में बिजली के बिल जीरो हो गए, अस्पताल अच्छे हो गए और नौकरियां लगने लगीं। इसलिए भाजपा वालों ने अरविंद केजरीवाल को भी अंदर भेज दिया।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वालों को अपने एक भी राज्य में बिजली का बिल जीरो करना नहीं आता। भाजपा को सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे करना नहीं आता। उन्हें केवल यही आता है कि अगर सरकार न बने तो दूसरी पार्टी की सरकार के लोगों को जेल में कैसे डाला जाए। पहले अंग्रेज ऐसा करते थे। अब भाजपा वाले अंग्रेजों की हरकत पर उतर आए हैं, कि अगर वो नहीं जीते, तो वो जीतने वाली पार्टी को भी जनता का काम नहीं करने देंगे, जेल में डाल देंगे। लेकिन हम इनकी जेलों से नहीं डरते हैं। हम इनकी लाठियों से नहीं डरते हैं।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दिया, क्योंकि उनके ऊपर झूठे लांछन लगाए गए। जबकि वह चाहते तो 6 महीने और मुख्यमंत्री बने रह सकते थे। मैं भी जेल से बाहर आया तो 6 महीने और शिक्षा मंत्री बना रह सकता था। लेकिन हमने इसलिए इस्तीफा दिया कि अब जनता के बीच इस दावे के साथ जाएंगे कि अगर दिल्ली की जनता ईमानदार मानती है तो दोबारा वोट देकर कुर्सी पर जरूर बैठाएगी। वरना नहीं बैठेंगे। मैं स्कूल बनवा रहा था। लेकिन अब मैं शिक्षा मंत्री के रूप में तभी काम करूंगा जब दिल्ली की जनता मोहर लगाएगी कि मनीष सिसोदिया ईमानदार है।व्हीं, मीडिया से बातचीत के दौरान मनीष

# मुंबई के लीलावती अस्पताल में पहली बार डबल वाल्व री-प्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई

## वाल्वुलर हृदय रोग से पीड़ित एक बुजुर्ग व्यक्ति की जान बचाने में डॉक्टरों को मिली सफलता

**जानकारी**

- दिल की समस्या वाले इस बुजुर्ग व्यक्ति की 14 साल पहले ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। इस सर्जरी के दौरान महाधमनी और माइट्रल दोनों वाल्व बदले गए। उसके बाद इस मरीज की दूसरी बार डबल वॉल्व सर्जरी की गई है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुंबई ह्न मुंबई की पहली डबल वॉल्व री-प्लेसमेंट सर्जरी मुंबई के लीलावती अस्पताल में सफलतापूर्वक की गई है। वाल्वुलर हृदय रोग से पीड़ित एक बुजुर्ग व्यक्ति का ऑपरेशन एक नवीन वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस से किया गया है। इस सर्जरी से बुजुर्ग को नई जिंदगी मिली है। लीलावती अस्पताल में इंटरवेंशनल स्ट्रक्चरल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविंदर सिंह राव, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या सूरतकल, डॉ आनंद राव और एनेस्थेटिस्ट डॉ. नम्रता कोठारी ने मिलकर इस सर्जरी को सफल बनाया है।

कर्नाटक के रहने वाले सुबोध मिश्रा को हार्ट वाल्व की बीमारी थी। १४ साल पहले उनकी ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। इस समय महाधमनी और माइट्रल दोनों वॉल्व बदले गए थे। लेकिन, कुछ महीनों से उन्हें सांस लेने में तकलीफ, नींद न आना और चलने में थकान की समस्या हो रही थी। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों ने उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया। लीलावती अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या सूरतकल ने मरीज की 2-डी इको की जांच की। मरीज के माइट्रल वाल्व में रिसाव और महाधमनी वाल्व में सिकुड़न थी। मेडिकल भाषा में इसे स्टेनोसिस कहा जाता है। यह स्थिति हृदय से शरीर तक रक्त के प्रवाह को बाधित करती है। इसलिए खून वापस फेफड़ों में जा रहा था। इससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भर गया। इसलिए मरीज को तत्काल दोनों वाल्व बदलने की जरूरत है। वाल्व प्रतिस्थापन के लिए मरीज को टीएवीआर और टीएमवीआर प्रक्रियाओं की सिफारिश की गई थी। हालाँकि, इस प्रक्रिया से पहले मरीज का सीटी स्कैन किया गया था।

लीलावती अस्पताल में इंटरवेंशनल स्ट्रक्चरल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविंदर सिंह राव ने कहा कि , एक ही समय में दोनों वॉल्व बदलने की यह सर्जरी चुनौतीपूर्ण है। हालाँकि, दोनों वाल्व प्रतिस्थापन से रोगी को अधिकतम लाभ मिलता है। स्ट्रोक को रोकने के लिए मस्तिष्क धमनियों में एक फिल्टर लगाया गया था। ऊरु धमनी (कमर वाहिका) में एक बड़ा आवरण रखा गया था। ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिस्थापन (टीएवीआर) किया गया। ऊरु शिरा में एक और आवरण रखा गया। एक सेप्टल पंचर किया गया और माइट्रल वॉल्व को सफलतापूर्वक बदल दिया गया।

डॉ. राव ने कहा, सर्जरी दो घंटे तक चली। सर्जरी के बाद कुछ ही समय में दोनों वाल्व ने काम करना शुरू कर दिया। सर्जरी के बाद मरीज को एक दिन के लिए आईसीयू में रखा गया। अब मरीज की हालत ठीक है।

लीलावती अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ एवं विभाग समन्वयक डॉ. नितिन गोखले ने कहा, टीएवीआर और टीएमवीआर वर्तमान में स्थापित प्रक्रियाएं हैं। हम सही मरीज को यथासंभव सुरक्षित तरीके से सही उपचार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मरीज सुबोध मिश्रा ने कहा कि, डॉक्टर ने त्वरित इलाज से मुझे नई जिंदगी दी है. मैं अब बिना किसी रुकावट के सांस ले सकता हूं। मैंने अपना रोजमर्रा का काम करना शुरू कर दिया है.ह्व मैं मेरी जान बचाने के लिए डॉक्टर को धन्यवाद देता हूं।

लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा कि, हम उन्नत तकनीक की मदद से वाल्वुलर हृदय रोग के एक मरीज का इलाज करने की कोशिश कर रहे हैं। नई प्रेगर वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस का उपयोग करके एक बुजुर्ग व्यक्ति पर मुंबई की पहली डबल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। अस्पताल द्वारा ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) को अपनाने से उन कई लोगों के इलाज में बदलाव आया है, जिन्हें पहले सीमित विकल्पों का सामना करना पड़ता था। यह अत्याधुनिक विधि सुनिश्चित करती है कि वाल्व प्रतिस्थापन प्रक्रिया त्रुटिरहित ढंग से पूरी हो। सर्जरी के बाद मरीज जल्दी ठीक हो जाता है।

# कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में कात्यायनी पूजन

नई दिल्ली। स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में शाहदरा गोरख पार्क स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में चल रहे 121वां नवरात्रि महोत्सव एवम धर्म सम्मेलन के छठे नवरात्र पर देवी कात्यायनी की पूजा अर्चना कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में की गई। दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित 121वां नवरात्रि महोत्सव के छठवें दिन शक्ति रूपा मां कात्यायनी की पूजा अर्चना विधि विधान से कन्या भ्रूण हत्या के विरोध मे संपन्न हुई। पौराणिक कथा के अनुसार कत ऋषि के वंशज कात्यायन की तपस्या भक्ति से प्रसन्न होकर शक्ति कात्यायन के घर प्रकट हुई जिससे शक्ति का नाम कात्यायनी हुआ। वर्तमान परिपेक्ष्य में देखा जाए तो लोग स्त्री रूपी शक्ति की साधना आराधना तो करते हैं लेकिन जब मालूम होता है कि बहु बेटी के गर्भ में पल रहा भ्रूण किसी कन्या का है तो उसे गर्भ में ही मारने की योजना बनने लगती हैं।

# दिल्ली में आठवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बाहरी दिल्ली में केशवपुरम थाना क्षेत्र स्थित चंदन नगर में रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी ने पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। मृतक बच्ची ने जान देने से पहले अपने जीजा को वीडियो कॉल कर बताया कि मैं आत्महत्या करने जा रही हूं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस इस मामले में परिजनों से पूछताछ कर कई पहलुओं से जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, किशोरी के पित अपने बड़ी बेटी के साथ रहते हैं। जबकि किशोरी अपने भैया-भाभी के साथ चंदन नगर स्थित एक किराए के मकान में रहती थी। जो आठवीं कक्षा की छात्र थी। मृतका की बड़ी बहन ने आरोप लगाया है कि उनके भैया-भाभी उनकी बहन के साथ मारपीट करते थे। वहीं, उसे अलग-अलग तरीकों से परेशान करते थे। जिससे परेशान होकर किशोरी ने यह कदम उठाया है। दावा है कि किशोरी ने वीडियो कॉल पर सुसाइड नोट गद्दे के नीचे रखने की बात भी कही थी। लेकिन पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची केशवपुरम थाना पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस कई अन्य पहलुओं से जांच कर रही है।

उत्तर रेलवे
TENDER NOTICE
ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 73 & 75-2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | कार्य का नाम (स्थान के साथ) | 73) दोहरी लाइन सेक्शन पर धरोड़ी स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन का प्रावधान और उचाना (सिविल भाग) में लूप लाइन संख्या 5 (पूर्ण लंबाई सीएसएल) की लंबाई का विस्तार। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। 75) डीएलआई–बीटीआई सेक्शन (सिविल भाग) पर मौर, टोहाना और बरेटा में रनिंग लाइन को परिवर्तित करके रिलीफ साइडिंग पर सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं का प्रावधान। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | **73)** रुपये 15492627.16 **75)** रुपये 17049292.39 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 73) रुपये 227500.00 75) रुपये 235300.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **73)** 06 महीने **75)** 06 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 01.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा 01.11.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/73 & 75 Dated : 08.10.2024
3094/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
प्रथम शुद्धि पत्र
इस कार्यालय के पत्र संख्या 128–डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं./निविदा–15–2024–25–डब्ल्यू.सी. दिनांक 01.10.2024 के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि दिल्ली डिवीजन में फिश प्लेट बोल्ट के लिए एम–25 आकार के लॉक नट एम–25 के लिए सिंगल पीस स्प्रिंग सम्मिलित पुनः प्रयोज्य जब्त नट प्रदान करना और ठीक करना। (लागत जीएसटी सहित है)/128–डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं./निविदा–15–2024–25–डब्ल्यू.सी. के निविदा प्रपत्र कार्य की विशेष शर्तों में परिवर्तन के कारण, मद क्रमांक 02 को संशोधित किया गया है। संशोधित टेंडर दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा अपने निर्धारित दिनांक 22.10.2024 को 15:00 बजे ही रहेगी। अन्य नियम व शर्तें वहीं रहेंगी।
सं.: 128–डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं./निविदा–15–2024–25–डब्ल्यू. सी.
दिनांक 08.10.2024
3101/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
शुद्धिपत्र
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82243984 | (2024–25 एएमआई कोड–22.231) कर्णावत प्रत्यारोपण (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 32 no's | 25.10.2024 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 82243984 दिनांकः– 07.10.2024
3086/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## केजरीवाल ने आप पार्षदों को मिलकर दिया जीत का मंत्र, अति-आत्मविश्वास से बचना है, मिलकर मेहनत करनी है और दिल्ली का चुनाव जीतना है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगवार को पार्टी के निगम पार्षदों से मुलाकात की। इस दौरान उन्हों ने पार्षदों को दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हर चुनाव कठिन होता है। इसलिए हमें अति-आत्मविश्वास से बचना है और किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेना है। दिल्ली विधानसभा का चुनाव काफी करीब है। हमें मिलकर मेहनत करनी है और दिल्ली का चुनाव जीतना है। एमसीडी में हमारी सरकार है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम दिल्ली को साफ-सुथरा रखें। सभी पार्षद अपने-अपने इलाके में सुनिश्चित करें कि रोजाना कूड़ा उठाया जाए और झाड़ू लगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी पार्षदों को इतिहास से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने निगम पार्षदों के साथ संवाद करते हुए कहा कि पिछले दो साल आम आदमी पार्टी के लिए बहुत कठिन समय रहे। जिस तरह का हमला हम पर किया गया, शायद भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसा उदाहरण नहीं मिलता, जब किसी सरकार ने किसी पार्टी पर इस तरह का हमला किया हो। मुझे भी जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन को भी जेल में डाल दिया। सोमवार को पंजाब के हमारे एक सांसद के यहां रेड कर दी गई। ऐसा लगता है मानों ये लोग हमें लेकर पगला गए हैं। उनने दिमाग में क्या चल रहा है, ये तो मुझे नहीं पता लेकिन यह भ्रष्टाचार या किसी गलत काम के खिलाफ जांच नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री जी ने ठान लिया है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करना है।

अरविंद केजरीवाल कहा कि मोदी जी बहुत पावरफुल हैं। मोदी जी के पास अथाह पैसा है, लेकिन वह भगवान नहीं है। इस दुनिया में भगवान तो है और वह हमारे साथ है। यह लड़ाई मोदी जी और भगवान के बीच में है। अंत में जीत तो भगवान की ही होगी। दिसंबर के महीने में एक पत्रकार मोदी जी से मिलने के लिए गया था, उसने वापस आकर बताया कि अब केजरीवाल गिरफ्तार हो जाएगा। इसके बाद हम इनके एमएलए तोड़ लेंगे और दिल्ली की सरकार गिरा देंगे। इसके बाद पंजाब के एमएलए तोड़ लेंगे और पंजाब की सरकार गिरा देंगे। फिर काउंसलर तोड़ लेंगे और एमसीडी से भी इनकी सरकार गिरा देंगे। और इनकी पार्टी खत्म हो जाएगी। लेकिन भगवान सुन रहा था। भगवान भी सब देख रहा था। मोदी जी ने मुझे गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन न दिल्ली सरकार टूटी, न कोई एमएलए टूटे, न पंजाब सरकार टूटी, न पंजाब के एमएलए टूटे और न ही एमसीडी टूटी। इस तरह आम आदमी पार्टी को खत्म करने के उनके मनसूबे खराब हो गए। यही दिखाता है कि भगवान आपके साथ है।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि अगर भगवान हमारे साथ नहीं होता तो एक इतना ताकतवर आदमी जिसने ऐसे प्लान बनाए थे और वह सारे सफल हो जाते तो आम आदमी पार्टी और हमारी सरकार भी टूट जाती। लेकिन हम नहीं टूटे। उनके मंसूबे सफल नहीं हुए। यह बहुत कठिन समय था। हमारे कार्यकताओं-नेताओं ने बड़ी हिम्मत दिखाई और नहीं टूटे। दो चार लोग टूटे, लेकिन मैंने पार्षद रामचंद्र की अखबार खबर पढ़ी थी, जिसमें बड़ी हेडलाइन छपी थी जिसमें रामचंद्र कह रहे थे कि कल रात को केजरीवाल मेरे सपने में आए थे। मुझे यह पढ़ के अच्छा लगा। मुझे लगा कि अगर जेल में बेठकर मैं आप लोगों को प्रेरणा दे रहा हूं तो बहुत अच्छी बात है। मैंने अंदर रहने के दौरान कई बार गीता पढ़ी। आप लोग भी उसे पढ़ना। उससे बहुत प्रेरणा और शांति मिलती है। जब आप बड़ी कठिन परिस्थिति में होते हैं तो उसमें समाधान मिलता है। और आदमी को बड़ी कठिन से कठिन समस्या का सामना करने का उपाय मिलता है। अरविंद केजरीवाल ने पार्षदों से कहा कि जिसे टिकट मिल गई, वह भी दुखी है, और जिसे टिकट नहीं मिली, वह भी दुखी है। जो जीत गया, वह फिर भी दुखी है और जो हार गया, वह भी दुखी है। जीतने वाला सोच रहा है कि उसे एमएलए की टिकट मिल जाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि एमएलए खुश हैं। वे भी दुखी हैं। अब एमएलए सोचता है कि वह मंत्री बन जाए। जितने मंत्री हैं, वे भी दुखी हैं। यहां तक कि सारे मुख्यमंत्री भी दुखी हैं और प्रधानमंत्री तो सबसे ज्यादा दुखी हैं। प्रधानमंत्री को समझ नहीं आ रहा है कि इस केजरीवाल को कैसे काबू करें, जबकि केजरीवाल एक छोटा सा आदमी है।

## सागरपुर पुलिस ने 2 बाइक चोर को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सागरपुर पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक और सचिन के रूप में हुई है। यह दोनों सुल्तानपुरी और मंगल बाजार के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से सागरपुर थाना के दो मामलों का खुलासा किया गया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि ऑटो लिफ्टिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगातार रात में भी पेट्रोलिंग कर रही थी।

उनके बारे में जानकारी भी इकट्ठा कर रही थी। इसी छानबीन के दौरान एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में एसएचओ दिनेश कुमार की टीम ने दुर्गा पार्क नाला रोड पर मोटरसाइकिल पर जा रहे हैं इन दोनों आरोपियों को पकड़ा। जब पूछताछ हुई तो पता चला कि जिस बाइक से दोनों जा रहे थे वह सागरपुर इलाके से चुराई गई थी। इनमें से एक दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी निकला। फिर इनकी निशानदेही पर एक और मोटरसाइकिल बरामद की गई। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## किराए का ऑटो लेकर घूमता और कार की बैट्री चुराता



संवादाता

कार की बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को सागरपुर थाना की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। इसके पास कार की चार बैटरी भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित कुमार के रूप में हुई है। इसके ऊपर पहले से चोरी के तीन मामले चल रहे हैं। यह करावल नगर का रहने वाला है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से सागरपुर थाना के चार मामलों का खुलासा किया गया है। पहले से यह करावल नगर, रूपनगर और नंद नगरी के तीन मामलों में शामिल रहा है। इस आरोपी को एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में एसएचओ दिनेश कुमार की टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर ट्रैप लगाकर इसे दशरथ पुरी मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। इसके पास से कार चोरी की बैटरियां बरामद की गई यह किराए के ऑटो लेकर घूमता था और कार की बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम देता था।

## बहन की गाड़ी से भाई ने ले ली डिलिवरी बॉय की जान

- हिट एंड रन मामले में पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार
- आधी रात मुनिरका में क्रेटा गाड़ी से कुचलकर हुआ हादसा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में हिट एंड रन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे ही मामलों में लोग असमय सड़क दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गवा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला साउथ वेस्ट दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में सामने आया था, जिसमे 7 सितंबर की देर रात आउटर रिंग रोड पर अज्ञात गाड़ी ने एक शख्स को कुचल दिया था। जिसमें उस सख्स की मौत हो गई थी। यह एक्सीडेंट मुनिरका डीडीए फ्लैट गेट के पास फूट ओवर ब्रिज के नीचे हुई थी। पुलिस को देर रात 2:45 पर मामले की सूचना मिली थी। मौके पर एक शख्स से बुरी तरह घायल हालत में मिला, उसे सफदरजंग अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार मृतक की पहचान हरेंद्र के रूप में हुई, वह सेक्टर एक आरके पुरम का रहने वाला था। और जोमैटो में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था। पुलिस ने छानबीन के बाद एक्सीडेंट की वारदात को अंजाम देने वाले गाड़ी की पहचान की और उसके आधार पर पता लगाना शुरू किया। हादसा तब हुआ जब वह रोड क्रॉस कर रहा था। मृतक की बॉडी का पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया। आगे की जांच में पुलिस ने पता किया और वारदात को अंजाम देने वाली गाड़ी क्रेटा को ढूंढ निकाला। जो दिल्ली नंबर की थी, उस गाड़ी को फिर पुलिस ने बरामद कर लिया और गाड़ी चला रहे सख्स नवीन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह गाड़ी नवीन कुमार की बहन के नाम पर रजिस्टर्ड थी। आरोपी दिल्ली में हेयर सैलून का बिजनेस करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर तकनीकी समस्याओं से सेवाओं में देरी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर मंगलवार को तकनीकी समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण वेलकम और सीलमपुर स्टेशनों के बीच सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे सुबह के व्यस्त समय में यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। रेड लाइन दिल्ली के रिठाला को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वेलकम से सीलमपुर तक सेवाओं में देरी। अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य। अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी समस्या के कारण देरी हुई। इससे पहले सोमवार को कुछ असमाजिक तत्वों ने हैदरपुर बादली मोड़ और जहांगीरपुरी स्टेशनों के बीच सिग्नलिंग केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे येलो लाइन पर सेवाएं प्रभावित हुईं थीं।

### दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक इमारत में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार को सुबह एक इमारत में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क की लेन नंबर-3 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना सुबह साढ़े नौ बजे मिली और चार दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के आग से घायल होने की कोई खबर नहीं मिली है। दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं।

### दिल्ली में निकली धूप, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत तापमान से दो डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 83 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## हरियाणा चुनाव का सबसे बड़ा सबक है चुनाव में कभी अति आत्मविश्वासी न हों : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



हरियाणा में शुरूआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बढ़त बनाने के बीच आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी भी अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। भाजपा हरियाणा में जीत ओर अग्रसर पर है और वह 90 सदस्यीय विधानसभा में से 50 पर बढ़त बनाए हुए है।

केजरीवाल ने आप के नगर पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यदेखिए, हरियाणा में चुनाव के नतीजे क्या रहते हैं। सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है।

हरियाणा में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद के कारण आप कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने में विफल रही थी। कांग्रेस द्वारा नौ सीट दिए जाने की उसकी मांग ठुकरा दिए जाने के बाद पार्टी ने राज्य की कुल 90 सीटों में से 89 पर अपने बलबूते चुनाव लड़ा। आप उम्मीदवार लगभग हर सीट पर भाजपा और कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों से पीछे हैं।

केजरीवाल ने इससे पहले हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि आप के समर्थन के बिना राज्य में कोई सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने पार्टी पार्षदों से अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके वार्ड से कूड़े का उचित तरीके से संग्रह और निपटान किया जाए।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इस (दिल्ली) चुनाव में आपकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। हम चुनाव जीतेंगे, बशर्ते आप अपने इलाकों से कूड़े का उचित संग्रह और निपटान सुनिश्चित करें जो एक बहुत ही बुनियादी बात है।

## 3 ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार, 2 बाइक हुई बरामद



संवादाता

चितरंजन पार्क और संगम विहार थाना की पुलिस टीम ने अलग अलग मामलों में तीन ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से तिगड़ी और बदरपुर थाना के दो मामलों का खुलासा किया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी की पहचान निखिल, लोकेश और रोहित के रूप में हुई है। यह तीनों दिल्ली के संगम विहार, बदरपुर और मीठापुर के रहने वाले हैं। लोकेश पहले से जैतपुर और बदरपुर के मामलों में शामिल रहा है। जबकि रोहित पर भी बदरपुर थाना में पहले से मामला दर्ज है।

## आप ने की इंडिया समूह से गद्दारी : मालीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए पार्टी पर हरियाणा चुनाव में इंडिया समूह से गद्दारी करने का आरोप लगाया। स्वाति मालीवाल ने हरियाणा विधान सभा के शुरूआती नतीजों को देखते हुए आज एक्स के माध्यम से आप पर हमला किया। उन्होंने कहा सिर्फ. कांग्रेस से बदला लेने के लिए हरियाणा में उतरे। मुझ पर भाजपा का एजेंट होने के झूठे आरोप लगाए, खुद आज इंडिया समूह से गद्दारी करके कांग्रेस की वोट काट रहे हैं! उन्होंने कहा सब छोड़ो, विनेश फोगाट तक को हराने के लिए प्रत्याशी उतारा। क्यों ऐसा हाल आ गया है कि अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे? अभी भी वक्त है, अहंकार छोड़ो, धुंधली आँखों से पर्दा हटाओ, ड्रामा मत करो और जनता के लिए काम करो। गौरतलब है कि अब तक के रुझानों में भाजपा तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है।

## यह विकास और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की जीत है : वीरेंद्र सचदेवा



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने अपना पूरा आशीर्वाद भाजपा को दिया है। उन्होंने हरियाणा में भाजपा के चुनावी नतीजों के संदर्भ में कहा कि यह विकास की जीत है। यह भ्रष्टाचार मुक्त शासन की जीत है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से भाजपा ने हरियाणा में प्रदर्शन किया है, उसने हम सभी को उत्साहित कर दिया है। निसंदेह हरियाणा की जनता ने कमाल कर दिखाया है। हमें पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में भाजपा नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। हमारी पार्टी सूबे की जनता के हितों का विशेष ख्याल रख रही है। यह उसी का नतीजा है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा जीत का परचम लहराने में सफल हुई है। अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ह्लआखिर आप लोग केजरीवाल को गंभीरता से क्यों लेते हैं। वो दिल्ली में दिल्ली के बेटे बनते हैं और हरियाणा में हरियाणा के लाल बन जाते हैं। उनका दोहरा पैमाना दिल्ली और हरियाणा की जनता दोनों ने देख लिया है। जनता अपना जनादेश दे चुकी है। दिल्ली में भी अब अरविंद केजरीवाल की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। बता दें कि हरियाणा में भाजपा जीत की ओर अग्रसर है। भाजपा प्रदेश में सरकार बनाती हुई दिख रही है। उधर, कांग्रेस की स्थिति की बात करें, तो वह शुरूआती रुझानों में आगे थी, लेकिन इसके बाद पिछड़ती नजर आ रही है। शुरू में तो कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि यह आंकड़े झूठे साबित होंगे और वो प्रदेश में सरकार बनाने में सफल होगी। अब कांग्रेस के नेता खुद सामने आकर यह स्वीकार कर रहे हैं कि हरियाणा में हम अपेक्षित प्रदर्शन करने में विफल रहे।

## जोमैटो के डिलीवरी एजेंट को कार से कुचलने के आरोप में एक गिरफ्तार




नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में सड़क पार करते समय खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले एक व्यक्ति को कार से कुचलने के आरोप में मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान नवीन कुमार (29) के रूप में हुई है जो सैलून चलाता है। पुलिस के अनुसार, जोमैटो से आपूर्ति करने वाले व्यक्ति की सोमवार तड़के आउटर रिंग रोड पर सड़क पार करते समय कुमार की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कुमार मौके से फरार हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यहां सादिक नगर निवासी कुमार को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर उसकी कार जब्त कर ली गई है। अधिकारी ने बताया कि जिस वाहन से यह हादसा हुआ है वह कुमार की बहन के नाम पर पंजीकृत है।

पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति करने वाले ऐप जोमैटो में काम करने वाले हरेंद्र (27) का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले में जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरके पुरम निवासी हरेंद्र अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके पैदल सड़क पार कर रहा था। उसे वाहन ने टक्कर मार दी। उसे सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष एक जनवरी से 15 सितंबर तक सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,031 लोग मारे गए, जबकि इस अवधि में राष्ट्रीय राजधानी में कुल 3,894 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं।

## जिसकी थी द्वारका पुलिस को तलाश, उसे दबोचा पालम में



संवादाता

पालम गांव थाना की पुलिस टीम ने एक हैबिट्यूल झपटमार/सेंधमार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल बरामद किया गया है। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी है और इसके ऊपर छावला थाना सहित अलग-अलग इलाकों में 25 मामले स्नैचिंग, घरों में चोरी, ऑटो लिफ्टिंग, आर्म्स एक्ट और सेंधमारी के चल रहे हैं। यह द्वारका जिला में दर्ज कई मामलों में वांटेड भी है। इसे गिरफ्तार करने के लिए द्वारका जिला के ऑपरेशन सेल, एंटी बरगलरी सेल और नारकोटिक्स सेल की टीम लगातार पीछा कर रही थी। लेकिन पालम पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई।

डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद लुकमान के रूप में हुई है। यह गोयला डेयरी इलाके का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी से कई मामलों का खुलासा पुलिस ने किया है। 23 अगस्त को मोटरसाइकिल चोरी की वारदात सब्जी मंडी इलाके में हुई। जिसकी जांच पालम थाना की पुलिस टीम कर रही थी।

सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, एएसआई नित्यानंद इत्यादि की टीम ने इसके बारे में टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया था। कई दिनों की मशक्कत के बाद इसके बारे में स्पेसिफिक जानकारी पुलिस टीम को मिली और उसके बाद इसे पालम द्वारका फ्लाई ओवर के पास ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया। इसकी गिरफ्तारी से पालम गांव, छावला और द्वारका नॉर्थ थाना के सात मामलों का खुलासा पुलिस ने किया है।

## मुंबई के लीलावती अस्पताल में पहली बार डबल वाल्व री-प्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुंबई झ मुंबई की पहली डबल वॉल्व री-प्लेसमेंट सर्जरी मुंबई के लीलावती अस्पताल में सफलतापूर्वक की गई है। वाल्वुलर हृदय रोग से पीड़ित एक बुजुर्ग व्यक्ति का ऑपरेशन एक नवीन वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस से किया गया है। इस सर्जरी से बुजुर्ग को नई जिंदगी मिली है। लीलावती अस्पताल में इंटरवेंशनल स्ट्रक्चरल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविंदर सिंह राव, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या सूरतकल, डॉ आनंद राव और एनेस्थेटिस्ट डॉ. नम्रता कोठारी ने मिलकर इस सर्जरी को सफल बनाया है।

कर्नाटक के रहने वाले सुबोध मिश्रा को हार्ट वाल्व की बीमारी थी। १४ साल पहले उनकी ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। इस समय महाधमनी और माइट्रल दोनों वॉल्व बदले गए थे। लेकिन, कुछ महीनों से उन्हें सांस लेने में तकलीफ, नींद न आना और चलने में थकान की समस्या हो रही थी। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों ने उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया। लीलावती अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या सूरतकल ने मरीज की 2-डी इको की जांच की। मरीज के माइट्रल वाल्व में रिसाव और महाधमनी वाल्व में सिकुड़न थी। मेडिकल भाषा में इसे स्टेनोसिस कहा जाता है। यह स्थिति हृदय से शरीर तक रक्त के प्रवाह को बाधित करती है। इसलिए खून वापस फेफड़ों में जा रहा था। इससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भर गया। इसलिए मरीज को तत्काल दोनों वाल्व बदलने की जरूरत है। वाल्व प्रतिस्थापन के लिए मरीज को टीएवीआर और टीएमवीआर प्रक्रियाओं की सिफारिश की गई थी। हालाँकि, इस प्रक्रिया से पहले मरीज का सीटी स्कैन किया गया था।

लीलावती अस्पताल में इंटरवेंशनल स्ट्रक्चरल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविंदर सिंह राव ने कहा कि , एक ही समय में दोनों वॉल्व बदलने की यह सर्जरी चुनौतीपूर्ण है। हालाँकि, दोनों वाल्व प्रतिस्थापन से रोगी को अधिकतम लाभ मिलता है। स्ट्रोक को रोकने के लिए मस्तिष्क धमनियों में एक फिल्टर लगाया गया था। ऊरु धमनी (कमर वाहिका) में एक बड़ा आवरण रखा गया था। ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिस्थापन (टीएवीआर) किया गया। ऊरु शिरा में एक और आवरण रखा गया। एक सेप्टल पंचर किया गया और माइट्रल वॉल्व को सफलतापूर्वक बदल दिया गया। डॉ. राव ने कहा, सर्जरी दो घंटे तक चली। सर्जरी के बाद कुछ ही समय में दोनों वाल्व ने काम करना शुरू कर दिया। सर्जरी के बाद मरीज को एक दिन के लिए आईसीयू में रखा गया। अब मरीज की हालत ठीक है।

लीलावती अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ एवं विभाग समन्वयक डॉ. नितिन गोखले ने कहा, टीएवीआर और टीएमवीआर वर्तमान में स्थापित प्रक्रियाएं हैं। हम सही मरीज को यथासंभव सुरक्षित तरीके से सही उपचार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मरीज सुबोध मिश्रा ने कहा कि, डॉक्टर ने त्वरित इलाज से मुझे नई जिंदगी दी है. मैं अब बिना किसी रुकावट के सांस ले सकता हूं। मैंने अपना रोजमर्रा का काम करना शुरू कर दिया है. मैं मेरी जान बचाने के लिए डॉक्टर को धन्यवाद देता हूं।

लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा कि, हम उन्नत तकनीक की मदद से वाल्वुलर हृदय रोग के एक मरीज का इलाज करने की कोशिश कर रहे हैं। नई प्रेगर वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस का उपयोग करके एक बुजुर्ग व्यक्ति पर मुंबई की पहली डबल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। अस्पताल द्वारा ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) को अपनाने से उन कई लोगों के इलाज में बदलाव आया है, जिन्हें पहले सीमित विकल्पों का सामना करना पड़ता था।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व बढ़ा है : प्रोफेसर सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज के वाणिज्य विभागीय संघ ने शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के पहले सत्र के आयोजन में विशेष अतिथि प्रोफेसर रितीश कुमार सिंह, प्रमुख और डीन, वाणिज्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने विचार शिक्षकों व छात्रों के बीच साझा किए। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में एआई के उपयोग और उससे होने वाले संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर ज्ञानतोष कुमार झा सहित विभिन्न संकाय सदस्य जिनमें प्रोफेसर संदीप कुमार , डॉ.बजरंग कुमार प्रशांत, डॉ.बलजीत कौर आदि भी उपस्थित थीं । कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञान के प्रतीक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें संकाय सदस्यों और बाहर से आए अतिथियों ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात प्राचार्य ने प्रोफेसर रितीश कुमार सिंह को कॉलेज की ओर से सम्मानित किया। अपने व्याख्यान के दौरान प्रोफेसर सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि अगर इसे सही तरीके से अपनाया जाए, तो यह शिक्षा को और अधिक प्रभावी बना सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई का उपयोग छात्रों को व्यावहारिक और उद्योग से जुड़ा ज्ञान प्रदान करने में मदद कर सकता है, जिससे उनकी नौकरी की तैयारी भी बेहतर होगी। प्रोफेसर सिंह ने एक हल्के-फुल्के और हास्यपूर्ण अंदाज में अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जो उन्होंने मास्टर कोर्स के छात्रों को पढ़ाते समय महसूस किए। उन्होंने बताया कि कैसे एआई टूल्स को अपनाकर जटिल विषयों को आसान बनाया जा सकता है, और छात्रों को एक बेहतर और दिलचस्प शिक्षण अनुभव प्रदान किया जा सकता है। इसके साथ ही, उन्होंने शिक्षकों को आह्वान किया कि वे पारंपरिक पैडागॉजी से हटकर एंड्रागॉजी की ओर बढ़ें, जो वयस्क शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है।

कार्यक्रम के अंत में एक संक्षिप्त प्रश्नोतर सत्र हुआ, जिसमें छात्रों ने एआई के विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे। इसके बाद वाणिज्य विभाग सोसाइटीकी संयोजक, डॉ. बलजीत कौर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने संकाय, छात्रों और आयोजन टीम के समर्पण और प्रयासों की सराहना की। सत्र ने शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए एआई के प्रति एक नई दृष्टि को उजागर किया, जिसमें न केवल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की संभावना पर बल दिया गया, बल्कि शिक्षण के तरीकों में सुधार करने की आवश्यकता भी बताई गई।

## 3 साल पुराने मामले में फरार, डिफेंस कलोनी में गिरफ्तार

- डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि बाद में कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था।

संवादाता

डिफेंस कॉलोनी थाना की पुलिस टीम ने एक वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान प्रवीण के रूप में हुई है। यह पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर का रहने वाला है। साउथ दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना में दर्ज 3 साल पुराने मामले में यह फरार चल रहा था। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि बाद में कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। एसएचओ डिफेंस कलोनी संजय शर्मा की पुलिस टीम ने इसके बारे में टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया था। सही सूचना मिलने पर इस आरोपी को ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया।

संक्षिप्त खबरें

## मुंगेर के दो अपराधियों पर 1 लाख इनाम की अनुशंसा की गई

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।पुलिस सूत्रों के अनुसार दो कुख्यात अपराधी पर मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक ने एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की है मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि कासिम बाजार थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी पवन मंडल के विरुद्ध दर्जनों मामला रंगदारी आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य आपराधिक मामले कासिम बाजार के अलावा मुफस्सिल थाना में दर्ज है डेढ़ वर्ष पूर्व भी उसके विरुद्ध मुंगेर क्षेत्र के डीआईजी के स्तर से 25000 का इनाम घोषित किया गया था लेकिन घ इनाम घोषित करने की अनुशंसा की गई है एसपी ने आगे बताया कि इसके अलावा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिकड़म पुर निवासी कुख्यात अपराधी संजीव शाह के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के कई मामले में प्राथमिकी में नाम दर्ज है तथा अन्य थानों में भी इसका नाम कई मामले में प्राथमिकी दर्ज है संजीव शाह एक- 47 मामले में भी एनआईए द्वारा भी उनके विरुद्ध पूर्व में इनाम घोषित किया गया है लेकिन संजीव शाह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है संजीव शाह के विरुद्ध भी एक लाख का इनाम घोषित करने की अनुशंसा किया गया है ।

# लोजपा के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान की मनायी गयी चौथी पुण्यतिथि, लोगों ने दी श्रद्धांजलि



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज, प्रखंड के अलीगंज बाजार में लोजपा (आर) कार्यालय में लोजपा के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान की चौथी पुण्य तिथि मनाई गई। अलीगंज बाजार स्थित लोजपा (आर) के कार्यालय में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बखोरी पासवान की अध्यक्षता में मंगलवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह लोजपा के संस्थापक स्व0 रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। लोजपा आर के जिला उपाध्यक्ष बखोरी पासवान ने कहा कि स्वर्गीय) रामविलास पासवान भारतीय राजनीति के प्रमुख और प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उन्होंने सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका राजनीतिक कैरियर करीब पाँच दशकों तक फैला हुआ था, जिसमें उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे लोक जनशक्ति पार्टी (छखढ) के संस्थापक थे और केंद्रीय मंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। उनके कार्यों और सोच का सार निम्नलिखित हैः 1. सामाजिक न्याय और समानता के पक्षधरः पासवान जी का जीवन दलितों, पिछड़े वर्गों, और समाज के कमजोर तबकों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित रहा। वे डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रेरित थे और उन्होंने हमेशा दलित समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए काम किया। उनका मानना था कि सामाजिक समानता के बिना कोई भी राष्ट्र पूर्ण विकास नहीं कर सकता। उन्होंने आरक्षण और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष योजनाओं का समर्थन किया। 2. राजनीतिक करियर और नीतियांः पासवान जी ने 1969 में पहली बार बिहार विधान सभा के सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। 1977 में वे सबसे कम उम्र में लोकसभा सदस्य बने और उन्होंने 1977 से 2019 तक कई बार लोकसभा चुनाव जीते। पासवान केंद्रीय मंत्रिमंडल में कई मंत्रालयों का नेतृत्व किया, जैसे खाद्य और सार्वजनिक वितरण, रेलवे, रसायन और उर्वरक। उनके कार्यकाल में उन्होंने गरीबों और वंचितों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कीं। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम को प्रभावी तरीके से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे करोड़ों गरीबों को सस्ते दामों पर राशन उपलब्ध हो सका। 3. राजनीतिक समझ और गठबंधन की राजनीतिः पासवान जी अपनी गठबंधन राजनीति के लिए जाने जाते थे। वे सभी दलों के साथ सहजता से जुड़ जाते थे, चाहे वह कांग्रेस हो, जनता दल हो या फिर भारतीय जनता पार्टी। उनकी यह विशेषता थी कि वे समाजवादी और दक्षिणपंथी विचारधाराओं के बीच संतुलन बनाते हुए दलित राजनीति को एक मुख्यधारा में लाने में सक्षम रहे।. जनता के प्रति सेवा भावः उनके कार्यकाल में वे जनता की समस्याओं को लेकर काफी संवेदनशील थे। उनका मुख्य उद्देश्य था कि किसी भी प्रकार से समाज के पिछड़े और गरीब वर्गों को उचित संसाधन और सेवाएं मिल सकें। उनके नेतृत्व में पीडीएस (ढ४ु्‌ ऊ२३१ु४३ङ्ल्ल ८२३ी) को मजबूत किया गया, जिससे गरीबों को सस्ती और सुलभ खाद्य सामग्री मिल सके। 5. चुनौतियों और संघर्षों का सामनाः पासवान जी ने आपातकाल (1975-1977) के दौरान भी संघर्ष किया। वे आपातकाल के विरोध में जेल गए और लोकतंत्र के लिए लड़ी गई लड़ाई में उनका योगदान अहम था। 6. राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भावः पासवान ने हमेशा एकता और अखंडता की बात की। वे सांप्रदायिक सौहार्द के समर्थक थे और समाज में विभाजनकारी राजनीति के विरोधी थे। उनका उद्देश्य सभी जातियों, धर्मों और वर्गों को एक साथ लाना था। वहीं लोजपा आर युवा नेता वेद प्रकाश ने कहा की रामविलास पासवान जी की सोच और उनके कार्यों का मुख्य उद्देश्य समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाना, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना और देश में समानता स्थापित करना था। उनके राजनीतिक करियर के दौरान, उन्होंने गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनकी मृत्यु के बाद भी उनकी विरासत और उनके कार्यों की गूंज भारतीय राजनीति और समाज में महसूस की जाती है। इस मौके पर बखोरो पासवान, भागीरथ यादव,वेदप्रकाश,जितेंद्र पासवान, रामाधिन पासवान, गौरी शंकर महतो, नरेश यादव,गोपाल कुमार, शंभू सिंह, रंजीत कुमार अर्जुन पासवान, शिव बालक पासवान,फिरंगी रजक, राजकुमार पासवान छोटेलाल पासवान, दिवाकर पासवान,कपिल पासवान, डब्लू प्रसाद, शिवम कुमार, सत्यराज मोङ्क मकबूल आलम,के अलावे दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर सज रहे पंडालों का वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर प्रखंड में दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा मां का प्रतिमा स्थापना कर पूजा पाठ किया जा रहा है इसी क्रम में दुर्गा पूजा आयोजन समिति के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल से सजाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना ना घटे इसको लेकर अग्निश्मन विभाग के वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशामक पदाधिकारी मुंगेर व अनुमंडल अग्निशामक पदाधिकारी तारापुर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के बाद पंडाल निर्माण में वरती जाने वाली सावधानियों का विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर वरीय जिला समादेष्टा अनुज कुमार, अनुमंडल अग्निशामल पदाधिकारी राज बल्लभ प्रासाद यादव सहित अजीत कुमार नागेंद्र कुमार रणधीर कुमार सहित पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बागेश्वरी गांव के तालाब में जहर देने से मछली मरी

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। शामपुर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागेश्वरी गांव के यादव टोला स्थित एक निजी तालाब में असामाजिक तत्वों द्वारा जहर डालें जाने से तालाब की सारी मछलियां मारी गई है। इसकी जानकारी प्राप्त हुआ है। मछली पालक ने बताया कि करीब 5 हजार मूल्य की मछलियां मरी है इससे मछली पालक को घाट लगा है भाग्यश्री यादव टोला निवासी बालेश्वर यादव का पुत्र अमित कुमार अपने घर के समीप ही निजी तालाब खुदवा कर मछली पालन करता था जिससे शरारती तत्वों ने देर रात जहर डालकर तालाब की सारी मछलियां को मर दिया गया है मामले को लेकर अमित कुमार ने श्यामपुर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है दिए गए आवेदन में मछली पलक ने बताया कि तालाब में जहर देने से मछली मर गई है। मछली पलक के द्वारा दिए गए आवेदन पर शामपुर थाना अध्यक्ष ने प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दिया है।

## पर्व को लेकर साफ-सफाई सहीत अन्य सुविधाओं को लेकर नगर परिषद में हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] पर्व को देखते हुए मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में नगर परिषद के मुख्य पार्षद संजय यादव की अध्यक्षता में वार्ड पार्षदों के बीच एक बैठक आयोजित कि गई। जिसमें आने वाले दुगार्पूजा, दीपावली, छठपूजा में साफ- सफाई, समुचित लाईट एवं अन्य सुविधा प्रदान करने को लेकर बैठक की गई । जिसमें उपमुख्य पार्षद विपीन कुमार, ईओ डॉ. जर्नादन प्रसाद वर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले दुगार्पूजा, दीपावल, छठपूजा में सड़कों की साफ-सफाई को लेकर चर्चा कि गई जिसमें उपस्थित वार्ड पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र में सफाई किस किस क्षेत्र में होना चाहिए इसकी जानकारी मुख्य पार्षद को दिया। बैठक के संदर्भ में मुख्य पार्षद ने बताया कि सबसे पहले बैठक मे पूर्व में हुई बैठक की संपुष्टि कि गई जिसपर बिंदुओं पर कार्रवाई नही हुई उस बिंदुओं पर अग्रसित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। उसके बाद तीनो पर्व में साफ-सफाई को लेकर जो चर्चा हुई उसमें यह फैसला लिया गया कि सभी वार्डो में लगातार साफ- सफाई करवाई जाए इसके अलावे लाईट सुगम रहे यह भी सुनिश्चित किया गया। इसके अलावे पर्व में भीड़ वाले स्थलों पर चलंत शौचालय भी लगाया जाएगा। मुख्य पार्षद ने कहा कि इसके अलावे जो भी कमी दिखाई देगा उसे दूर किया जाएगा। इसके अलावे पर्व में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट पर चर्चा किया। वार्ड पार्षदों ने पूजा के दौरान बाजार में लगने वाली जाम को लेकर मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, ईओं के समक्ष रखा। तीनो महत्वपूर्ण पर्व में शहरवासियों के सुविधा प्रदान करने को लेकर अन्य कई बिंदुओ पर प्रस्ताव उपस्थित वार्ड पार्षदों ने रखा। वही छठपूजा में छठ घाट पर पूर्ण रूप से सफाई करवाया जाएगा और छठ घाट पर व्रतियों के लिए सभी तरह की सुविधा भी उपलब्ध रहेगा। गणेशी मंदिर पर डेंजर जोन में पुल के पास बेरिकेटिग भी लगाने की बात मुख्य पार्षद के द्वारा किया गया। उन्होनें कहा कि पूजा के दौरान बाजार में लगने वाले जाम को देखते हुए पूर्व के चयनित स्थलों पर बेरिकेटिग का कार्य नप कार्यालय की ओर से किया जाएगा। मौके पर वार्ड पार्षद अजय कुमार पासवान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अपराधियों दबंगो और भू माफिया पर नहीं है पुलिस का कोई नियंत्रण : पप्पू



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सुशासन का दम भरने वाले बिहार सरकार का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है परिणामत जिला में बढ़ते अपराध जुआ गेसिंग शराब के धंधा परवान पर है अपराधियों दबंग और माफिया की है तो वहीं विद्युत की अनियमित आपूर्ति सड़कों की दुर्दशा व अतिक्रमण बाढ़ की विपदा जैसी त्रासदी से आम आवाम हाफ रही है और सरकार व सरकार के लोग गाल बजा रहे हैं उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सह सर्वदलीय संघर्ष समिति के संयोजक पप्पू यादव ने बीते दिनों राजद नेता पंकज यादव पर हुए जान लेवा हमला, कासिम बाजार थाना अंतर्गत 14 लाख के जेवरों की चोरी, हेरू दियारा के युवक की हत्या सहित खुलेआम जुआ गेसिंग शराब के परवान चढते धंधे पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा ।श्री यादव ने कहा कि जिले के कासिम बाजार जमालपुर ईस्ट कॉलोनी आदि थाने की स्थिति अति भयावह है क्षेत्र में अपराधी व असामाजिक तत्वों की गतिविधियां चरम पर हैं भू माफिया गेसिंग जुए शराब और लॉटरी के धंधेबाजों की चांदी है कमजोर वर्ग प्रखंड अंचल व थानों के आतंक से आतंकित हैं और अधिकार संज्ञान लेने को तैयार नहीं जिसके कारण राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता पर हमला हो रहा है और प्रशासनिक अधिकारी शिथिल है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने जिला प्रशासन से अविलंब राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य अपराध में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की अन्यथा इसके दुर्गा में परिणाम भगत ने की चेतावनी दी है।

## नागी पक्षी अभ्यारण केंद्र के पहचान को आगे बढ़ाने में जुटे भारतीय डाक विभाग भी

### पत्र में लगेगा नागी बांध पक्षी अभ्यारण का मुहर

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] पक्षी अभ्यारण की पहचान को और भी मजबूती प्रदान करने के लिए डाक विभाग की पहल भी जुड़ चुकी है जिससे अब कोई पत्र झाझा डाकघर में आए या फिर यहां से देश के किसी कोने से लेकर विदेशों में जाए उसपर झाझा डाकघर की मुहर न लग कर नागी बांध पक्षी अभ्यारण की मुहर लगेगा। देश विदेश में अपनी पहचान बना चुकी नागी पक्षी अभ्यारण केंद्र को भारतीय डाक विभाग ने भी अपनी एक अलग पहचान प्रदान किया है। डाक अधीक्षक ने कहा कि यह बड़े ही गौरव की बात है कि प्रकृति की गोद में बसे जिस अभ्यारण की चर्चा देश विदेश में हो रही है वह इस क्षेत्र में स्थापित है। दो बार पक्षी महोत्सव होने से इस अभ्यारण की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है और उसी लोकप्रियता को आगे बढ़ाने में भारतीय डाक भी जुड़ चुका है। इसी को लेकर मंगलवार को झाझा डाकघर में नागी बांध अभ्यारण्य पर स्थायी चित्रात्मक विरूपण का विमोचन किया। चित्रात्मक विरूपण का विमोचन मुंगेर प्रमंडल डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार, जिला परिषद सदस्य धर्मदेव यादव, छापा पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, वन विभाग के रेंज अधिकारी रवि कुमार, व्यवसायी संगठन के अध्यक्ष इंद्रदेव केशरी, कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे सहायक डाक अधीक्षक जमुई अनुमंडल जमुई के मनोरंजन कुमार, डाक निरीक्षक झाझा अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया। उन्होनें उपस्थित लोगों के बीच डाकघर के बारे में बताया कि डाकघर नीचले पायदान यानि शहर के अलावे गांव के हर पंचायत के हर घर से जुड़ा है। उन्होनें डाक विभाग के कई लाभाकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिया।

## दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर दुर्गापुर गांव में मैराथन दौड़ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर दुगार्पुर गांव में एक मैराथन दौड़ कराया गया। इस में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष नित्यानंद सिंह उपाध्यक्ष प्रभास कुमार सचिव अखिलेश कापरी एवं दुगार्पुर कमरगामा तथा कठोर के सभी सम्मानित समाज सेवक मौजूद थे साथ ही समाज सेवक नविन कुमार सुमन कुमार संतोष यादव नीतीश प्रभात सर सौरभ मुकेश यादव कुंदन सनी अमित सोनू मोनू ओंकार एवं दुगार्पुर कमरगामा कठोर के सभी समाज सेवक मौजूद थे इस मैराथन दौड़ में दुगार्पुर पंचायत के मुखिया हीरानंद यादव ने सभी को सम्मानित किया ।इस मौके पर मुखिया ने कहा कि यह एक समाज के लिए धरोहर है जो कि समाज में एक अच्छे काम करके दिखाया यह लड़का लोग आगे अगर जाएंगे तो कहीं ना कहीं देश का नाम रोशन करेंगे इस मैराथन दौड़ होने से लड़का में जागरूक होगा हमें भी ज्यादा एक्टिव रहना है ताकि समय पर हम डिफरेंट विभाग में नौकरी ले सकेंगे इसकी सम्मान के लिए यह मेडल दिया जा रहा है

## रजला हॉल्ट के बीच कारी पहाड़ी के पास ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति हुआ घायल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा सिमुलतला मुख्य रेलखंड स्थित नारगंजो और रजला हॉल्ट के बीच कारी पहाड़ी के पास ट्रेन से गिरकर 45 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान थानाक्षेत्र के धीपलपहड़ी गांव निवासी मंगरु पुजहर का पुत्र विजय पुजहर के रूप में हुई है। जिसे स्थानीय पुलिस की मदद से इलाज हेतु रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर नबाब के द्वारा उसका इलाज किया गया। घायल व्यक्ति के सिर में गम्भीर चोट लगने के कारण उसकी स्थिति नाजुक बन गई। घायल की स्थिति नाजुक देखकर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल जमुई रेफरल कर दिया। अस्पताल पहुंचे घायल व्यक्ति की भाभी मंजू देवी ने बताया कि मेरा देवर सिमुलतला अपने रिश्तेदार के यहां जरूरी काम से गया था और उसी जगह अपने घर जाने के लिए ट्रेन से झाझा आ रहा था।

## मोहनगंज दुर्गा मंदिर तारापुर यहां नवरात्र में लगती है श्रद्धालुओं की भीड़

### 471 वर्ष से तारापुर में की जा रही मोहनगंज दुर्गा की पूजा अर्चना



प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर में शारदीय नवरात्र पर बड़ी दुर्गा राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी एवं मोहनगंज दुर्गा मंदिर पर होती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़ । मोहनगंज दुर्गा मंदिर पर लगभग 475 वर्ष से हो रही है देवी दुर्गा की पूजा अर्चना । यह दुर्गा मंदिर सिद्ध पीठ के रूप में जाना जाता है। लोगों में मां दुर्गा के प्रति अपार आस्था है। मोहनगंज दुर्गा की स्थापना तारापुर के कायस्थ टोला में वर्ष 1554 में हुई है। तब से आज तक यहां पूजा बांग्ला पद्धति से की जाती है। दुर्गा की पूजा घोष परिवार की ओर से शुरू गई की गई थी । शुरूआती दिनों में पुरोहित महेश आचार्य थे। आज भी उनके वंशज ही पुरोहित हैं । आश्चर्य होगा कि हिंदू धर्म में पितृपक्ष के मौके पर किसी भी तरह का पूजा पाठ नहीं किए जाते हैं, लेकिन इस दुर्गा मंदिर पर पितृपक्ष में नवमी को कलश स्थापन की जाती है, जो अपने आप में एक विशेष महत्व रखता है। पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय खोगेंद्र चंद्र दास के पत्र वार्ड पार्षद रितेश घोष ने बताया कि भगवती की पूजा बंगला पद्धति से आज भी महेश आचार्य के वंशज जयकांत आचार्य कराते हैं। आगे बताया कि यहां पितृपक्ष में मात्री नवमी को ही कलश की स्थापना की जाती है । इस बार भी पितृ पक्ष में ही कलश स्थापना हुआ है । पितृ पक्ष में कलश स्थापना की यहां यह पुरानी परंपरा चली आ रही है। शहर के दक्षिणी छोर पर भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया गया है । जो श्रद्धालुओं के लिए सालों भर आकर्षण का केंद्र होता है। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मुरादें पूरी होती है । यह दुर्गा मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। सिद्ध पीठ होने के कारण दूर-दूर से लोग यहां पूजा करने आते हैं। मान्यता है कि मां भक्तों की मुरादे पूरी करते हैं। मुरादें पूरी होने पर भक्त शारदीय नवरात्र में पूजा करने आते हैं। स्थापना काल में प्रतिमा का निर्माण किस कारीगर ने शुरू किया यह ज्ञात नहीं है। धौनी गांव के डोमन मंडल ने 1960 तक प्रतिमा का निर्माण किया था। इसके बाद से गणैली गांव के कारीगर विजय नंदन प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। मां दुर्गा का स्वरूप महिषासुर मर्दनी का है । आपसी सहयोग से होता है आयोजन दुर्गा पूजा में 4 लाख से अधिक रुपए प्रतिमा निर्माण से लेकर मंदिर की साज सज्जा पर खर्च होते हैं। रुपये की व्यवस्था चंदे से की जाती है। सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात रहती है । दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल से लेकर बैठने ठहरने के लिए भी व्यवस्था की जाती है । पूजा कमिटी में रितेश घोष कोषाध्यक्ष विजय सिन्हा सदस्य शेखर कुमार दास मृत्युंजय घोष रविंद्र नाथ सिन्हा मेढ़पति धीरेंद्र कुमार दत्त इत्यादि हैं।

## भारत की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है भारतीय वायु सेनाः डॉ. गौरी शंकर



प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः-भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर कुमार कालिका मेमोरियल महाविद्यालय जमुई के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय वायु सेना की बढ़ती शक्ति पर कहा कि भारतीय वायु सेना दिवस मनाना गौरव की बात है। इससे देश की सामरिक ताकत का अंदाजा लगाया जा सकता है ।तकनीक और संसाधन के मामले में भारतीय वायु सेना अत्यंत मजबूत है। आज की स्थिति में हमारी वायु सेना आधुनिक लड़ाकू विमान खरीद कर स्वयं को दुनिया से मुकाबला करने के लिए तैयार कर लिया है।8 अक्टूबर भारतीय वायु सेवा का स्थापना दिवस है। आज ही के दिन 8 अक्टूबर 1932 को भारतीय वायुसेना की स्थापना की गई थी। देश इस वर्ष 92 वां स्थापना दिवस मान रहा है। भारतीय वायु सेना अपनी कमियों से सीख लेकर भविष्य में और मजबूत तथा चुस्त बनाने की योजनाओं में निरंतर कार्यरत है।प्रो. पासवान ने कहा कि भारतीय वायु सेना भारत की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आईएएफ सशक्त और आत्मनिर्भर सैन्य क्षमता का प्रतीक है। वायु सेवा आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रही है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों के तहत वायु सेना ने स्वदेशी तकनीक और उपकरणों के निर्माण को प्राथमिकता दी है। जैसे तेजस, फाइटर जेट, ध्रुव हेलीकॉप्टर, सुखोई 30, मिराज 2000, मिग 29, तेजस आदि स्वदेशी उत्पाद भारतीय सैन्य उत्पादन क्षमता की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारी वायु सेना आज देश की हवाई सीमाओं की रक्षा कर रही है। यह तकनीकी रूप से बहुत सशक्त, रणनीतिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है आज भारतीय एयरफोर्स निरंतर आधुनिकीकरण तथा स्वदेशीकरण भारत को एक मजबूत रक्षा शक्ति बनाने में मदद कर रहा है। आज वायु सेना युद्धों और आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए उच्चतर स्तर की पेशेवर क्षमता रखती है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं पूर्व वायु सेना अधिकारी प्रो. कैलाश पंडित ने कहा कि वायु सेना किसी भी देश की राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। आज संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के पास 5000 विमान और ड्रोन है। रूस के पास 4000 विमान और हेलीकॉप्टर है। फ्रांस के पास 12 00 विमान और हेलीकॉप्टर, ब्रिटेन के पास 800 विमान है । चीन के पास 3000 विमान और ड्रोन हैं। वही आज भारत के पास 2296 से ज्यादा विमान है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। आज 2024 में भारतीय वायु सेना की संख्या लगभग 1,40,000 है जिसमें 12,550 अधिकारी तो 1,71672 एयरमैन शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारा देश सन 1962 के युद्ध में चीन को हरा सकता था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री और थल सेना अध्यक्ष की अनुमति नहीं मिल पाई थी। किसी भी युद्ध में विजय के लिए थल सेना और नौसेना के साथ वायु सेना में तालमेल होना जरूरी है। जब तक नेहरू जी वायु सेना के इस्तेमाल हेतु आदेश और सुझाव देते, तब तक शातिर चीन ने एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा कर दी थी। तत्कालीन वायुसेना का इस्तेमाल केवल सामान ढोने के लिए किया गया था,जबकि इसका उपयोग युद्ध में भी किया जाना लाजिमी था। यदि सन 1962 के युद्ध में वायु सेना शामिल होती, तो भारत की विजय निश्चित रूप से होता।

## मां दुर्गा का खुला पट, बारोवारी दुर्गामंदिर में जय मां दुर्गे का लगा जयघोष



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बारोवारी दुगार्मंदिर में 1950 से दुगार्पूजा मनाने की प्रथा यहां पर रहने वाले बंगाली समाज के द्वारा किया गया। बताया जाता है उस वक्त मिनी शिमला के नाम से प्रसिद्ध सिमुलतला में भी बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग रहते थे और सभी लोगों ने मिलकर बारोवारी दुगार्मंदिर में दुगार्पूजा मनाना प्रारंभ किया था। बंगाल के नियमों के अनुसार जिला के एकमात्र बंग्ला रिति रिवाज से दुगार्पूजा मनाए जाने वाला बारोवारी दुगार्मंदिर में नवरात्र के षष्ठी पूजा को विधि विधान के साथ संध्या बेला में मां दुर्गा का पट खोला गया। उसके बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ मां दुर्गा की दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। पट खुलने के बाद बंग्ला रीति रिवाज व मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना बंगाल से आए पंडितों के द्वारा शुरू किया। पूजा समिति के सचिव डॉ.एचएम चक्रवर्ती ने बताया कि हमलोग का पूजा पूरे बंग्ला रीति रिवाज से किया जाता है और नियमानुसार षष्ठी पूजा को मां दुर्गा का पट खोला जाता है। बारोवारी दुगार्मंदिर में मां दुर्गा का दर्शन करने वाले जय मां दुर्गे का जयघोष लगा रहे थे जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय में तब्दील हो गया है।

## जमुई में होने वाले संवाद कार्यक्रम को लेकर राजद की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर नगर क्षेत्र के शिवनंदन झा टॉउन हॉल में राजद की ओर से एक दिवसीय बैठक आयोजित कि गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ने किया। बैठक में बिहार के पूर्व मंत्री विजय प्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष त्रिवेणी यादव सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में समाजसेवी राजीव कुमार यादव और उर्फ गुडडु यादव और सुरेंद्र कुमार यादव उर्फ काजू यादव ने राजद का हाथ थामा जिसे पूर्व मंत्री एवं जिलाध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण करवाया। राजद का सदस्यता ग्रहण करने के बाद दोनो समाजसेवी ने पार्टी के प्रति इमानदारी पूर्वक कार्य करने का आश्वासन उपस्थित लोगों को दिया। बैठक में पूर्व मंत्री ने कहा कि जमुई में संवाद कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी सीएम का आगमन होगा जिसमें हमसभी लोगों को एकजुट होकर इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाना है। संवाद कार्यक्रम में नगर से लेकर पंचायत स्तर पर अलग अलग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय

# दुनिया में टूट-फूट का नया दौर

आइना टूटे या दिल, पहाड़ टूटे या पेड़ सब अशुभ ही माना जाता है। इसीलिए एक हफ्ते से लगातार टूट रहे शेयर बाजार को भी हम अशुभ ही मानकर चल रहे है। शेयर बाजार का टूटना निवेशकों के लिए शुभ है और न कारोबारियों के लिए। सरकार के लिए तो टूटना बिलकुल शुभ नहीं है। शेयर बाजार के टूटने का सीधा-सीधा मतलब निकाला जाता है की कहीं न कहीं हमारी सरकार टूट रही है। शेयर बाजार के टूटने से 3 दिन में ही 22 लाख करोड़ का चूना लग गया निवेशकों को। हिंदुस्तान हो या पकिस्तान। दुनिया का कोई भी हिस्सा हो इस टूटन से अछूता नहीं है। बीमारी से आम आदमी का जिस्म टूटता। नेताओं की वादा-खिलाफी से मतदाता का दिल टूटता है। दिल नेता ही नहीं, प्रेमी-प्रेमिका भी एक-दूसरे का गाहे-बगाहे तोड़ते ही रहते हैं। वर्षा ऋतु में पहाड़ टूटते है। नदियों के तटबंध टूटते हैं। इसे कहर टूटना कहा जाता है। घर में किसी तस्वीर का फ्रेम हो, या कप-बसी टूटती है तो माँ इसे अशुभ मानती थी। मै तो उन लोगों में से हूँ जो टूट-फुट को शुभ या अशुभ नहीं बल्कि एक नैसर्गिक क्रिया मानते हैं। आपको याद है की 1947 में जब भारत टूटा था और पाकिस्तान बना था, तब असंख्य लोगों के दिल टूट गए थे। इस टूटन को हमारी सरकार और देश की ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी आज भी महसूस करती रहती है। इस टूटन के लिए महात्मा गाँधी को कोसने वालों की कमी नहीं है। आखिर टूटने का दोष किसी पर तो मढ़ा जाना है। इसके लिए महात्मा गाँधी से अच्छा कोई दूसरा नाम हो ही नहीं सकता। 1971 में पाकिस्तान को भी टूटना पड़ा, इसके लिए महात्मा गाँधी नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गाँधी को जिम्मेदार ठहराया गया। भारत ही नहीं दुनिया में तमाम देश टूटे हैं। कोरिया टूटा, जर्मनी टूटा रूस टूटा, चीन टूटा। टूटने वालों की एक लम्बी फेहरिस्त है। भारत में अतीत में हुई टूट-फूट से नाखुश लोगों ने अयोध्या में एक निर्जीव मकबरे को तोड़कर ही अपना गुस्सा ही नहीं निकाला बल्कि शहीदों में अपना नाम लिखवा लिया। इस इमारत के टूटने से भी करोड़ों के दिल टूटे थे लेकिन किसी ने इस टूटन की आवाज को सुना नहीं। पिछले दस साल में देश में जितने राजनीतिक दल और गठबंधन टूटे उतने पहले कभी नहीं टूटे । राजनीतिक दलों में कांग्रेस न जाने कितनी बार टूटी। समाजवादी दल तो टूटने के लिए ही बना है। सत्तारूढ़ भाजपा भी बीच-बीच में टूटी रहती है लेकिन जल्द ही सम्हल भी जाती है। भाजपा ने तो जिस क्षेत्रीय दल को अपना बगलगीर बनाया उसे किसी न किसी मोड़पर टूटना ही पडा। हाल ही में एनसीपी और शिवसेना टूट कर दो खंड हो चुकी है। गठबंधन तो टूटने के लिए ही बनते है। जैसे भांवर पड़ने के बाद मौर को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है उसी तरह गठबंधनों को सरकार बनने के बाद तोड़ दिया जाता है। सिनेमा वाले तो न जाने कितनों का दिल तोड़ते रहते है। सिनेमा में हीरो-हीरोइनें आपस में ही अपने दिलों की तोड़फोड़ नहीं करते बल्कि अपने चाहने वालों का दिल भी तोड़ देते हैं। दिल तोड़ने की पुरानी परिपाटी है। आप इसे सनातन भी कह सकते हैं। हमारे यहां त्रेता में राम ने परशुराम को प्रिय शिव का धनुष तोड़ दिया था। उन्हें इसके पुरस्कार में सीता मिल गयीं थीं, किन्तु सबके भाग्य में तोड़-फोड़ करने पर इनाम -इकराम नहीं होता। दिलीप कुमार का दिल मधुबाला ने तोड़ा था तो अमिताभ बच्चन का दिल रेखा ने तोड़ दिया था। दिल तोड़ना हमारी फिल्मी दुनिया का एक रोग है। इसका दुनिया में कहीं, कोई इलाज है नहीं। देश -दुनिया में जब भी चुनाव होते हैं और उनके नतीजे आते हैं तो न जाने कितने दिलों को तोड़ देते है। किसी का सपना टूटता है, तो किसी का अपना टूट जाता है। टूटने के बाद जोड़ना आसान नहीं है। जुड़ भी जाये तो टूटन के निशान हमेशा टूटने की याद दिलाते रहते हैं। इसलिए कोशिश की जाना चाहिए की कहीं, कोई टूट-फुट हो ही नहीं। बच्चों का दिल उनके खिलौनों में बसता है। कोई खिलौना टूटता है तो बच्चों का नाजुक दिल टूट जाता है। हमारे यहां तो गया जाता है -दिल का खिलौना है टूटगया, कोई लुटेरा आ के लूट गयाया - खिलौना जानकर तुम तो मेरा दिल तोड़ जाते हों टूटते तो रिश्त भी हैं, भले ही वे खून के रिश्ते क्यों न हों? आप टूटने से किसी भी चीज को बचा सकते हैं, लेकिन इसका एकमात्र उपाय है सावधानी। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। टूटना इत्तफाक भी है और साजिश भी। मिसाल के तौर पर इस बार मुल्क में एक के बाद एक दर्जनों पुल टूट गये। ये पुल भ्ष्टाचर्चार ने तोड़े। महंगाई बढ़ती है तो आम आदमी की कमर टूटी है लेकिन महंगाई बढ़ाने के लिए जिम्मेदार सरकार टूटी कमर पर अच्छे दिनों कीमराहम लगा देती है। आम आदमी कुछ देर के लिए कमर टूटने का दर्द भूल जाता है लेकिन जैसे ही दोबारा कसक होती है आम आदमी कमर तोड़ने वालों की कमर तोड़ देती है, अपने वोट से। हमारा जिस्म तो टूटने के लिए ही बना है। बुखार से पूरा जिस्म टूटता है। लेकिन पुलिस आपकी पसलियां भी तोड़ सकती है और दांत भी। टूटने का कोई मुआवजा नहीं मिलता। ज्यादा से ज्यादा आप गाना गा सकते हैं - दिल का खिलौना है टूट गया।

# हरियाणा में त्रिशंकु विधानसभा चुनाव के आसार

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी 90 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है और जनता ने ईवीएम में नेताओं की किस्मत कैद हो गई है लेकिन उसके पहले आज अलग-अलग मीडिया चैनल्स और सर्वे एजेंसीज द्वारा जारी एग्जिट पोल्स के आंकड़ों में कांग्रेस के लिए गुड न्यूज आई है। अब तक जारी सभी पोल्स में कांग्रेस पूर्ण बहुमत का अनुमान जताया गया है। वहीं हरियाणा में बीजेपी दस की सत्ता विरोधी लहर के चलते बाहर हो सकती है। 8 अक्टूबर को घोषित होने वाले नतीजों से पहले लोगों को एग्जिट पोल्स ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है। भले ही एग्जिट पोल्स में बीजेपी को बड़ी हार मिलती नजर आ रही है, तो वहीं बीजेपी के नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दावा है कि 8 अक्टूबर को जब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे तो बीजेपी ही राज्य में सरकार बनाएगी। दूसरी ओर हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा का दावा है कि कांग्रेस एग्जिट पोल के आंकड़ों से भी ज्यादा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 साल बाद सत्ता में वापसी करेगी। लेकिन इन सब पर मत जाइये हरियाणा में आम आदमी पार्टी कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकती है और त्रिशंकु विधानसभा के परिणाम आ सकते हैं अनुमान के अनुसार बीजेपी को 38-41 सीट मिल सकती है और जेजीपी को 6-7सीट मिल सकती है कांग्रेस को 30-35 सीट मिल सकती है जहाँ सभी एग्जिट पोल ने बीजेपी को लगभग 20 सीटों का नुकसान होने की संभावना जताई है। वहीं कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से जीत की उम्मीद लगाई जा रही है वो गलत साबित होगा जीत का मार्जिन बहुत ही कम हो सकता है व निर्दलीय को 5-7सीट का अनुमान है आमआदमी पार्टी अभी वहाँ नई नई उभरी है उसे 1-2सीट से या कोई भी सीट नहीं मिल सकती है अतः बीजेपी के लिए परिणाम खराब नहीं होगा उनको पूर्ण बहुमत तो नहीं लेकिन जननायक जनता पार्टी और निर्दलीय व अन्य दलों के सहयोग से पुनः सरकार बना सकती है. मतदान को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनका कहना है कि वोट डालना एक नैतिक जिम्मेदारी है, जो बीजेपी को अधिक से अधिक मिलने की संभावना है अतः नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे, तब तक इंतजार करें क्योंकि कड़ा मुकाबला है इसमें अंत अंत तक कुछ भी कहना मुश्किल है ऐ सिर्फ अनुमान है और सर्वे के अनुसार होती है जो कभी गलत कभी सही होता है लेकिन पूर्ण बूथ का हाल कोई भी नहीं बता सकता है क्योंकि मतदान गुप्त तरीके से होता है और आपको कहा कॉंग्रेस या किसी अन्य दल पर वोट डाला लेकिन उसने सही में किसको वोट डाला है ऐ तो पोलिंग अधिकारी भी नहीं जानता तो जाती या धर्म के आधार पर वोटर की संख्या से अनुमान लगाना मुश्किल है ऐ बात भी सही है कि बीजेपी ने दो बार सत्ता में आयी है और पुराने परिणाम के अनुसार वहाँ इतने सालों में सत्ता बदलती है तो इसपर जब तक परिणाम नहीं आ जाती कहना जल्दबाजी होगा.आम आदमी पार्टी अब किसका वोट काटेगी या कहना मुश्किल है।

# देवी का माहात्म्य व उपासना !

**आद्य शंकराचार्य जी द्वारा की गई देवी उपासना - आद्य शंकराचार्य जी ने त्रिपुर सुंदरी देवी की उपासना की थी। उन पर मूकांबिका देवी एवं सरस्वती देवी इनका वरद हस्त था। उन्होंने उम्र के तीसरे वर्ष में ही देवी भुजंग स्तोत्र की रचना करके देवी का अनेक तरह से वर्णन किया। उन्होंने ब्रह्म सूत्र आदि प्रचुर लेखन करके देवी की उपासना पर आधारित सौंदर्य लहरी इस ग्रंथ की रचना की। कश्मीर स्थित शारदा पीठ पर स्थानापन्न होने का आदेश माता सरस्वती ने आद्य शंकराचार्य जी को दिया था। संपूर्ण भारत भ्रमण करते समय आद्य शंकराचार्य जी की क्षुधा (भूख) अन्नपूर्णा देवी पूर्ण करती थीं। इस प्रकार आद्य शंकराचार्य जी पर देवी की कृपा होने के प्रमाण उनके चरित्र से मिलते हैं।**



भारत में विविध संप्रदाय कार्यरत हैं। इन संप्रदायों के अनुसार संबंधित देवताओं की पूजा उपासना पद्धति प्रचलित है। गाणपत्य, शैव, वैष्णव, सौर्य, दत्त आदि संप्रदायों की तरह शाक्त संप्रदाय का अस्तित्व भी प्राचीन काल से भारत में है। शाक्त संप्रदाय द्वारा बताई गई पद्धति से शक्ति उपासना करने वाले अनेक शाक्त भारत में सर्वत्र मिलते हैं। आदि शंकराचार्य जी ने पंचायतन पूजा की प्रथा भारत में प्रारंभ की। उसमें देवी का स्थान महत्वपूर्ण है। भारत में जिन उपास्य देवताओं की उपासना की जाती है, उन प्रमुख पांच देवताओं में से एक शक्ति अर्थात देवी है। तंत्र शास्त्र की आराध्य देवता : तंत्र शास्त्र का पालन करने वाले तांत्रिक तंत्र शास्त्र के जनक सदाशिव की उपासना करते हैं। इसी तरह त्रिपुर सुंदरी, मातंगी, उग्रतारा आदि तांत्रिक शक्तियों की भी उपासना करते हैं। इससे शिव के समान शक्ति भी तंत्र शास्त्र की आराध्य देवता है यह स्पष्ट होता है। पुराणों की कथाओं के माध्यम से लक्षित हुई देवी की गुण विशेषताएं - जिज्ञासु एवं मुमुक्षु इनका प्रतीक पार्वती देवी - पार्वती माता शिव की अर्धांगिनी थीं, तो भी शिव जी से गूढ ज्ञान प्राप्त करते समय पार्वती जी की भूमिका एक जिज्ञासु की रहती थी। तीव्र जिज्ञासा के कारण उन्हें भूख, प्यास, नींद, इनका भी ध्यान नहीं रहता था। ज्ञान प्राप्ति की लालसा से वे शिव को अनेक प्रश्न पूछती हैं। इससे ही प्रसिद्ध शिव पार्वती का वातार्लाप, अथवा संभाषण इनका उल्लेख पुराणों में मिलता है। पार्वती स्वयं आदि शक्ति थीं तो भी गुरु समान शिव से ज्ञानार्जन करने के लिए वे स्वयं जिज्ञासु एवं मुमुक्षु इनका मूर्तिमंत स्वरूप बन जाती हैं। इसलिए ही शिव जी ने पार्वती जी को तंत्र शास्त्र का गूढ ज्ञान प्रदान किया। कठोर तपस्या करने वाली महान तपस्विनी होने के कारण उन्हें अपर्णा एवं बह्मचारिणी नाम से संबोधित किया जाना - कठोर तपस्या करके जिस तरह ऋषि मुनि भगवान को प्रसन्न कर लेते हैं, वैसा ही कठोर तप पार्वती जी ने शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए किया था। केवल पेडों के पत्ते खाकर रहने के कारण पार्वती को अपर्णा नाम प्राप्त हुआ। पार्वती हिमालय राज की कन्या एवं राजकुमारी थीं। वह सुंदर एवं सुकोमल थीं तो भी शिव को प्रसन्न करने का उनका दृढ़ निश्चय होने के कारण उन्होंने शरीर का ध्यान न रखते हुए बर्फ से ढके हुए प्रांत में विशिष्ट मुद्रा धारण करके दीर्घकाल तक तप किया। उनके तप की उग्रता इतनी थी कि उससे निर्मित ज्वालाएं संपूर्ण ब्रह्मांड में फैल रही थीं, एवं स्वर्ग पर आधिपत्य करने वाले तारकासुर को भी भयभीत करने वाली थीं। पार्वती के वध के लिए निकट आए तारकासुर के सैनिकों को उनकी शक्ति सहन न होने के कारण वे भस्मसात हो गए। नवदुर्गा में से ब्रह्मचारिणी यह रूप हाथ में जप माला लेकर तापसी वेश धारण किए हुए तपस्यारत पार्वती का ही प्रतीक है। पार्वती को अपर्णा एवं ब्रह्मचारिणी इन नामों से भी संबोधित किया जाता है। समस्याओं पर स्वयं उपाय खोज निकालने वाली स्वयंपूर्ण पार्वती देवी - कैलाश पर निवास करते समय स्नान के समय कक्ष की पहरेदारी की सेवा करने के लिए पार्वती जी ने अंतः प्रेरणा से स्वयं के मैल से गणपति का निर्माण किया। सुरक्षा के व्यक्तिगत कारण से गणपति का निर्माण किया, तो भी पार्वती जी के कारण संसार को आराध्य देव श्री गणेश प्राप्त हुए यह त्रिवार सत्य है। देवी कौशिक की निर्मिती भी इसी तरह के भाव से हुई है। समुद्र मंथन के समय उत्पन्न विष को मंदराचल पर्वत द्वारा सोखा गया। उस सोखे हुए विष के प्रभाव से मंदराचल पर्वत की मुक्ति करने के लिए शिव के साथ पार्वती जी ने उस पर करुणामय दृष्टि से कृपा की। जब मंदराचल से निकलने वाली विषयुक्त हवा शिव शंकर स्वयं सोख रहे थे, तब कुछ अंश का परिणाम पार्वती जी पर भी हुआ इस कारण वे काली हो गईं। उमा को उनका गौर वर्ण प्रिय होने के कारण पुनः गौर वर्ण प्राप्त करने के लिए उन्होंने ब्रह्म देव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तप प्रारंभ किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न ब्रह्मदेव ने उन्हें फिर से गौर वर्ण प्रदान किया एवं उस समय उनके श्याम वर्ण से कौशिकी नामक एक देवी का निर्माण किया। इस देवी ने आगे चलकर शुंभ निशुंभ इन दैत्यों का वध किया। इस प्रकार पार्वती जी ने संपूर्ण विश्व को त्रस्त करने वाले शुंभ निशुंभ इन दैत्यों का संहार करने वाली देवी की निर्मिति की। अति संवेदनशील एवं अति कठोर ये विपरीत गुण रखने वाली पार्वती - श्री गणेश जी के शिरच्छेद का समाचार मिलने पर पार्वती जी दुखी होकर रुदन करने लगती हैं एवं अगले ही क्षण नवदुर्गा का उग्र रूप धारण करके देवताओं को कठोर वचन सुनाती हैं। गणपति को हाथी का मस्तक लगाने के बाद पार्वती जी का उग्र रूप शांत होकर वे उमा का रूप धारण करती हैं। देवी कौशिकी पर प्रहार करने के लिए आए हुए असुरों को दंड देने के लिए पार्वती चंडी, चामुंडा ऐसे उग्र रूप धारण करके असुरों का संहार करती हैं एवं दूसरे ही क्षण पुत्री के समान प्रिय कौशिकी की चिंता से व्याकुल होती हैं। पार्वती में अति संवेदनशील एवं अति कठोर ये विपरीत गुण एक ही समय प्रबल दिखाई देते हैं। आदिशक्ति का स्वरूप प्रकट करके सब को त्रस्त करने वाले दुर्गमासुर एवं महिषासुर दैत्यों का संहार करना - हमेशा तपस्वी जीवन व्यतीत करने वाली, सौम्य स्वरूप धारण करने वाली पार्वती देवी ने अवसर आने पर देवता एवं ब्रह्मांड का अनिष्ट शक्तियों से रक्षण करने के लिए उग्र रूप धारण करने के अनेक उदाहरण पुराणों में मिलते हैं। ब्रह्मदेव से अजेय होने के वरदान के साथ ही चारों वेद प्राप्त करने वाले दुर्गमासुर के कारण धर्म की दुर्दशा हो रही थी एवं सर्वत्र अधर्म बढ़ रहा था। ऐसी स्थिति में देवताओं की शक्ति क्षीण हो गई थी। तब दुर्गमासुर को केवल स्त्री शक्ति ही नष्ट कर सकती थी, क्योंकि देवताओं द्वारा वध ना होने का वरदान दुर्गमासुर को प्राप्त हुआ था। तब पार्वती जी ने आदिशक्ति का स्वरूप प्रकट करके श्री दुगार्देवी का रूप धारण किया एवं दुर्गमासुर से युद्ध करके उसका वध किया। इसी तरह अपराजिता योद्धा एवं बलवान, अनिष्ट शक्तियों से युक्त महिषासुर का वध करने के लिए पार्वती, लक्ष्मी, एवं सरस्वती इन तीनों देवियों की शक्ति एकत्रित होकर उससे महिषासुर मर्दिनी देवी की निर्मिति हुई। मायावी शक्ति की सहायता से युद्ध करने वाले महिषासुर को पराजित करके देवी ने उसका शिरच्छेद किया। इसी तरह पार्वती ने चामुंडा रूप धारण करके चंड, मुंड इन दैत्यों का संहार किया एवं काली का रूप धारण करके असंख्य असुरों का वध करके देवताओं को अभय दान दिया। करुणामयी देवी द्वारा पृथ्वी के जीवों के लिए शताक्षी एवं शाकंभरी रूप धारण कर कृपा करना - दुर्गमासुर द्वारा वेदों को पाताल में बंदी बनाने के कारण धर्म का लोप हो गया, यज्ञ एवं उपासना न होने के कारण देवताओं को उनका हविर्भाग नहीं मिल पा रहा था। इस कारण देवताओं की भी शक्ति क्षीण हो गई। देवताओं की पृथ्वी पर कृपा वर्षा रुक गई। इस कारण पृथ्वी पर भीषण अकाल पड़ गया। नदी, झरने, पानी के स्रोत सूख गए। तब पृथ्वी पर मरणोन्मुख स्थिति को प्राप्त जीवों की दुर्दशा देखकर महिषासुर मर्दिनी माता की आंखों में आंसू आए और उससे शताक्षी देवी की निर्मित हुई।

# मां कालरात्रि को महायोगिनी, महायोगीश्वरी भी कहा जाता है

**मां कालरात्रि दैत्य रक्तबीज का की थी वध। ह्यजब दैत्य शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा रखा था, तब इससे चिंतित होकर सभी देवता शिवजी के पास गए और उनसे रक्षा की प्रार्थना करने लगे। भगवान शिव ने माता पार्वती से राक्षसों का वध कर अपने भक्तों की रक्षा करने को कहा। शिवजी की बात मानकर माता पार्वती ने दुर्गा का रूप धारण की और शुंभ-निशुंभ का वध कर दी। जब मां दुर्गा ने दैत्य रक्तबीज को मौत के घाट उतारी, तो उसके शरीर से निकले वाले रक्त से लाखों रक्तबीज दैत्य उत्पन्न हो गए।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा,**
**लेखक**

शारदीय नवरात्र देवी पूजा को समर्पित है। यह एक हिन्दू त्योहार है। शारदीय नवरात्र के उपरान्त दशमी तिथि को विजयदशमी (दशहरा) पर्व मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र का महात्म्य सर्वोपरि है, क्योंकि इसी समय देवताओं ने दैत्यों से परास्त होकर और आद्या शक्ति की प्रार्थना की थी और उनकी पुकार सुनकर देवी मां का आविर्भाव हुआ। उनके प्राकट्य से दैत्यों के संहार करने पर देवी मां की स्तुति देवताओं ने की थी। इस पावन स्मृति में शारदीय नवरात्र का महोत्सव मनाया जाता है। माता दुर्गा को आदिशक्ति, जगत जननी और जगदम्बा भी कहा जाता है भगवती के नौ मुख्य रूप है जिनकी विशेष पूजा व साधना नवरात्र के दौरान किया जाता है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की अलग-अलग पूजा होती है। हर दिन माता के खास रूप की पूजा का विधान है। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा और चौथे दिन कुष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता और छठे भाव कात्यायनी की पूजा आराधना हो चुकी है। अब सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी और नौवे दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होनी है। नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। मां कालरात्रि का शरीर अंधकार की तरह काला, बाल लंबे और बिखरे हुए होते हैं। गले में बिजली की तरह चमकती हुई माला है। मां कालरात्रि के चार हाथ में से एक हाथ में खड़क, दूसरे हाथ में लोह अस्त्र, तीसरे हठ वर मुद्रा और चौथे हाथ अभय मुद्रा है। मां कालरात्रि को लाल वस्त्र अर्पित करना चाहिए। पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी मां कालरात्रि की पूजा करने से दुष्टों का विनाश होता है। मां के इस स्वरूप को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। दुष्टों का नाश करने के लिए आदिशक्ति ने यह रूप धारण किया था। भक्तों के लिए मां कालरात्रि सदैव शुभ फल देने वाली हैं। इस कारण मां का नाम ह्यशुभंकारीह्व भी है। मान्यता है कि मां कालरात्रि की कृपा से भक्त हमेशा भयमुक्त रहता है, उसे अग्नि भय, जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय आदि कभी नहीं होता। मां कालरात्रि दैत्य रक्तबीज का की थी वध। ह्यजब दैत्य शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा रखा था, तब इससे चिंतित होकर सभी देवता शिवजी के पास गए और उनसे रक्षा की प्रार्थना करने लगे। भगवान शिव ने माता पार्वती से राक्षसों का वध कर अपने भक्तों की रक्षा करने को कहा। शिवजी की बात मानकर माता पार्वती ने दुर्गा का रूप धारण की और शुंभ-निशुंभ का वध कर दी। जब मां दुर्गा ने दैत्य रक्तबीज को मौत के घाट उतारी, तो उसके शरीर से निकले वाले रक्त से लाखों रक्तबीज दैत्य उत्पन्न हो गए। इसे देख मां दुर्गा ने अपने तेज से कालरात्रि को उत्पन्न की। इसके बाद जब मां दुर्गा ने दैत्य रक्तबीज का वध करने लगी और उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को मां कालरात्रि ने जमीन पर गिरने से पहले ही अपने मुख में भर लेती थी। इस तरह मां दुर्गा ने सबका गला काटते हुए रक्तबीज का वध कर दी। मां कालरात्रि को गुड़ का भोग प्रिय है। गुड़ का नैवेद्य चढ़ाने और उसे ब्राह्मण को दान करने से शोक से मुक्ति मिलती है एवं आने वाले आकस्मिक संकटों से रक्षा होती है। मां कालरात्रि को महायोगिनी, महायोगीश्वरी भी कहा जाता है। यह नागदौन औषधि के रूप में जानी जाती है। सभी प्रकार के रोगों की नाशक, सर्वत्र विजय दिलाने वाली, मन एवं मस्तिष्क के समस्त विकारों को दूर करने वाली औषधि है। सातवें नवरात्र पर मां को गुड़ का नैवेद्य चढ़ाने व उसे ब्राह्मण को दान करने से शोक से मुक्ति मिलती है एवं आकस्मिक आने वाले संकटों से रक्षा भी होती है। इसके अलावा गुड़ का भोग लगाकर उसे प्रसाद के रूप में खाना सेहत के लिए भी फायदेमंद है। नवरात्रि में साधक का मन ह्यसहस्त्रारह्व चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यू - रुद्राणी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री, धूम्रवर्णा कालरात्रि मां के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। मान्यता है कि है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच और नकारात्मक ऊजाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं।मां कालरात्रि का अनुभव सब जड़ चेतन मृत्यु को प्राप्त होने के समय स्वरूप का अनुभव होता है। किसी भी मंत्र का जप विधि विधान से करना चाहिए और जप करने के बाद जप का, दशांश हवन, दशांश तर्पण, दशांश मार्जन, दशांश ब्राह्मण भोजन, कन्या पूजन तथा भोजन कराने से मंत्र सिद्धि होती है। मां कालरात्रि का उपासना मंत्र : एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।

वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा, वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

कार्य में बाधा उत्पन्न होने, शत्रु तथा विरोधी द्वारा कार्य में अड़ंगा डाल रहे लोगों से बचने के लिए, निम्न मंत्र का जप करना चाहिए।

मंत्र

ॐ ऐं सर्वाप्रशमनं त्रैलोक्यस्या अखिलेश्वरी।

एवमेव त्वथा कार्यस्मद् वैरिविनाशनम्‍ नमो सें ऐं ॐ।।

मां कालरात्रि अत्यंत दयालु-कृपालु हैं। ऐसे लोग जो किसी कृत्या प्रहार से पीड़ित हो एवं उन पर किसी अन्य तंत्र-मंत्र का प्रयोग हुआ हो, वे इनकी साधना कर शत्रुओं से निवृत्ति पा सकते हैं।

मंत्र

ह्यॐ कालरात्र्यै नमः।

ॐ फट् शत्रून साघय घातय ॐ।

मां कालरात्रि का मंत्र

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।

# टैगोर से दूर जाता बांग्लादेश

**आर.के. सिन्हा**

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे अपने ही राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन अब बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ ही है कि टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद कठमुल्ले चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर का लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को देश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसले लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है। वैसे तो बांग्लादेश में, नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि बांग्लादेशी के राष्ट्रगान को बदलने की ह्लकोई योजना नहींह्व है। सरकार ह्लऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो।ह्ल हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगानह्वआमार सोनार बांग्लाह्व (ह्यमेरा स्वर्णिम बंगालह्व) की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के ह्लअमी कोथाय पाबो तारेह्व से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी। दरअसल बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित सा ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलन की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आजमी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमाते ए इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तान सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया। इसे बदला जाना ही चाहिए। इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की 1975 में हुई हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। यह दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं। गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। बांग्लादेश में काजी नजरुल इस्लाम जैसे महान बांग्ला कवि को भी खारिज किया जा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू देवी- देवताओं की स्तुति में लिखा है। बांग्लादेश में ऐसे गीत की मांग हो रही है जिसमें ह्लदूसरी स्वतंत्रताह्व का उल्लेख हो। बांग्लादेश में यूएनआई न्यूज एजेंसी के संवाददाता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार और संपादक महेन्द्र वेद बताते हैं कि बांग्लादेश में राष्ट्रगान बदलने की मांग शेख मुजीब की अगस्त 1975 की हत्या के तुरंत भी बाद शुरू हुई थी। राष्ट्रपति खोंडकर मुश्ताक अहमद ने एक समिति का गठन किया जिसने राष्ट्रगान को काजी नजरुल इस्लाम या फारूख अहमद के लिखे गीतों से से बदलने का प्रस्ताव रखा था। हालाँकि, उस वर्ष नवंबर में खोंडकर के हटाए जाने के बाद यह पहल पूरी नहीं हुई। राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में, ह्यराष्ट्रवादियोंह्व ने ह्लएक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगानह्व को अपनाने की मांग की। 1979 में, कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधान मंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला ह्लराष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीतह्व है क्योंकि इसे ह्लएक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थीह्व। उन्होंने ह्लप्रथम बांग्लादेशह्व का प्रस्ताव रखा। जिया के राष्ट्रपति पद के दौरान, राष्ट्रीय टेलीविजन और सरकारी कार्यक्रमों के दौरान ह्लअमार सोनार बांग्लाह्व के बाद यह गीत बजाया जाता था। 1981 में जिया की हत्या के बाद यह बंद हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### डंपर की चपेट में आने से छात्र की मौत

अमेठी, । उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के संग्रामपुर क्षेत्र में मंगलवार की सुबह कोचिंग सेंटर से घर जा रहे 15 वर्षीय एक छात्र की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भौंसिंहपुर गांव का निवासी छात्र ओम सिंह सोमवार को अपने कोचिंग सेंटर से पैदल घर लौट रहा था। रास्ते में संग्रामपुर से लोहिया नगर प्रतापगढ़ की तरफ जाने वाली सड़क पर कालिकन धाम इंटर कॉलेज के पास एक अनियंत्रित डंपर ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।ल्ल उन्होंने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

बलिया, । उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक नाबालिग लड़की को अगवा कर कथित तौर पर दुष्कर्म करने के लिए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लड़की के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गयी शिकायत में बताया गया कि उभांव थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की को गत पांच सितंबर को उसी गांव के रहने वाले आकाश गोंड (21) ने अपने भाई सचिन के सहयोग से बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया और गुजरात के सूरत ले गया। सूत्रों ने बताया कि नाबालिग के पिता की शिकायत पर आकाश और सचिन के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने लड़की को रविवार को बलिया के ही उभांव क्षेत्र में एक स्थान से मुक्त करा लिया। सूत्रों ने बताया कि नाबालिग ने पुलिस को बयान दिया कि आकाश उसे अगवा कर गुजरात ले गया और उससे दुष्कर्म किया। सूत्रों के मुताबिक, बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म के आरोप और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा जोड़ी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने आरोपी आकाश को मंगलवार को थानाक्षेत्र के पड़सरा मोड़ से गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

### तेजाब हमले में घायल किशोरी की मौत, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

अमरोहा/मेरठ, । उत्तर प्रदेश के अमरोहा में तेजाब हमले में घायल किशोरी की मेरठ के अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गयी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकरियों ने यह जानकारी दी। मेरठ के लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक धीरज राज ने बताया कि अमरोहा में तेजाब हमले में गंभीर रूप से झुलसी 15 वर्षीय एक लड़की की आज पूर्वाह्न इलाज के दौरान मौत हो गयी। अमरोहा के रहरा थाने की निरीक्षक अलका चौधरी ने बताया कि पथरा गांव में सोमवार तड़के लड़की पर जानलेवा तेजाब हमला करने के आरोपी पिता-पुत्र प्रेम पाल और योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ने पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया था। चौधरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) (अपहरण), 124 (तेजाब आदि के माध्यम से चोट पहुंचाना), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 351 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन लड़की की मौत के बाद मुकदमे में धारा 103 (ए) (हत्या) जोड़ी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि लड़की पर सोमवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे तेजाब से हमला किया गया था। लड़की के भाई ने बताया कि सोमवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे दो लोग उनकी बहन को जंगल में खींच ले गये और उससे मारपीट करके उस पर तेजाब उड़ेल दिया जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी थी।

### हरियाणा के कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं मतदाताओं को बधाई: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, । हरियाणा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और मतदाताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक्स पर एक संदेश में कहा, हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा, विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को फिर से सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए सभी हरियाणा वासियों का हार्दिक अभिनंदन।

# श्री वैंकटेश्वरा में स्टार्टअप नीति-2020 को बढ़ावा देने के लिए इन्क्यूबेशन सेन्टर की मिली अनुमति

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला।श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान को माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओं को आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने वाली महत्वाकांक्षी योजना स्टार्टअप नीति-2020 के तहत इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापना का स्वीकृति पत्र पर संस्थान प्रबंधन समेत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शिक्षकों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है, वही समूह चेयरमैन श्री सुधीर गिरि ने इन्क्यूबेशन सेन्टरह्न की स्थापना का स्वीकृति मिलने पर माननीय मुख्यमंत्री जीकेसाथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वैंकटेश्वरा में इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना से जहाँ एक ओर पश्चिमी यू.पी. के युवाओं को स्किल्ड रूप से प्रशिक्षित करके उन्हें नए-नए स्टार्टअप के लिए तैयार किया जायेगा, वही दूसरी ओर अन्य उद्यमी भी प्रशिक्षण लेकर ना सिर्फ अपनी आय बढ़ा सकते है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपना शानदार योगदान दे सकते है। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान की उत्तर प्रदेश सरकार के यू.पी.इ.सी.एल. (उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन लिमिटेड- उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) द्वारा इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना एवं अनुदान के लिए स्वीकृति पत्र मिलने पर संस्थान के सी.वी.रमन सभागार में आयोजित आभार समारोह का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना का स्वीकृति पत्र मिलने पर इसके बारे में विस्तार से बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं संस्थापक अध्यक्ष के आधिकारिक प्रतिनिधि डा. राजीव त्यागी ने बताया कि अभी तक यू.पी. में नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ कानपुर आदि बड़े शहरों में ही शासन द्वारा इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना के लिए स्वीकृति मिली थीं पश्चिमी यू.पी. के अमरोहा जैसे अपेक्षाकृत छोटे जनपद में इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना से यहा युवा उद्यमियों एवं नया आईडिया लेकर अपना बिजनेस शुरू करने वाले छात्र झछात्राओं को शानदार प्लेटफार्म मिलेगा` श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना कराने के लिए हम आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी समेत अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते है। आभार समारोह को सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, डीन एकेडेमिक डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डा. दिनेश गौतम, डा. आशुतोष सिंह, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अश्विन कुमार सक्सेना, डा. राहुल कुमार, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. रामनिवास शर्मा, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. टी.पी. सिंह, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. शिल्पा रैना , डा. नीतू पंवार, डा. एस.एन.साहू, डा. विश्वनाथ झा, डा. मोहित शर्मा, डा.कीर्ति पसरीचा, अरुण गोस्वामी, रीना जोशी, मारूफ चौधरी, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. राजवर्धन, डा. ज्योति सिंह, डा. प्रिया यादव, डा. मुस्कान, एस.एस. बघेल, जन-सम्पर्क अधिकारी/ मीडिया प्रभारी श्री राम गुप्ता एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन करेगी आईएमसी: तौकीर रजा खां

प्रात: किरण संवाददाता



बरेली । इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने पैगम्बर मुहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। खां ने आईएमसी के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार रात संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाते हुए कहा, यति नरसिंहानंद जैसे लोग पैगंबर-ए-इस्लाम का अपमान कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसका जवाब दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ा प्रदर्शन करके दिया जाएगा। इसमें न सिर्फ बरेली बल्कि पूरे देश से लोग शामिल होंगे उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात के खिलाफ अब धरना या ज्ञापन नहीं बल्कि बड़ा आंदोलन होगा। खां ने कहा कि कुछ संगठनों और व्यक्तियों द्वारा महापुरुषों की शान में अपमानजनक बयान दिए जाते हैं, जिससे देश में अशांति फैलती है। उन्होंने सरकार से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि देश में अमन और शांति बनी रहे। डासना पीठ के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती ने 29 सितंबर को गाजियाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान पैगम्बर मुहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन किये गये थे। नरसिंहानंद के खिलाफ कई राज्यों में मामले भी दर्ज किये गये हैं। आईएमसी प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सनातन धर्म के लिये ही काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके शासन में अन्य धर्मों के मानने वाले लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। मुसलमानों की आस्था और उनके पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। मौलाना ने आरोप लगाया, देश में दो तरह के कानून चल रहे हैं झ एक आम नागरिकों के लिए और दूसरा मुसलमानों के लिए। आईएमसी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान एक पत्रकार के साथ बदसुलूकी का मामला भी सामने आया। मौलाना तौकीर रजा के भाषण के दौरान एक युवक ने एक पत्रकार के साथ मारपीट की, जिससे वहां अफरातफरी मच गई। बाद में, मौलाना ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए और जिसने भी यह हरकत की है उसे पुलिस के हवाले किया जाए।

# गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में लगा नि:शुल्क एक दिवसीय आंखों का कैम्प

प्रात: किरण संवाददाता




स्योहारा। सी.ल. गुप्ता आई केयर सेंटर मुरादाबाद के डॉक्टरो द्वारा गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में छात्र, छात्राओं के लिए नि:शुल्क एक दिन के लिये आंखों के कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की आंखों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान जिन बच्चों के आंखों में कोई बीमारी पाई गई तो तुरंत उनके माता-पिता को विद्यालय में बुलाकर डॉक्टरो से संपर्क कराया गया। ताकि बच्चों का समय से आंखों का इलाज कराया जा सके और बच्चो की आँखों की रोशनी बनी रहे।मुरादाबाद से आई डॉक्टर सादिया खान व उनकी टीम को विद्यालय की प्रधानाचार्या पर्ल रस्तौगी ने स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि हम आगे भी आपसे आशा करते हैं कि हमारे विद्यालय को छात्रहित में आपका सहयोग मिलता रहेगा। आंखों के कैंप को सफल बनाने में सना अंजुम ,साक्षी वर्मा ,तारा रानी , गुलाफशा,रुबीना आदि अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा।गायत्री देवी शिक्षण संस्थान के प्रबंधक समीर रस्तौगी ने कहा कि आगे भी विद्यालय में छात्र हितों को देखते हुए इस तरह के स्वास्थ्य संबंधी कैंप और समाजिक कार्य होते रहेंगे।

# रायबरेली में एक दिन की डीएम बनाई गई छात्रा विशालाक्षी, लोगों की समस्याएं सुनी

प्रात: किरण संवाददाता



रायबरेली,। उत्तर प्रदेश में ह्यमिशन शक्तिह्न कार्यक्रम के तरह इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा विशालाक्षी को एक दिन की जिलाधिकारी बनाया गया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनता की समस्याओं को सुनने के अलावा प्रशासनिक कामकाज को समझने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मिशन शक्ति के तहत परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की मेधावी बेटियों को एक दिन के लिए अधिकारी बनाने का निर्णय लिया है। हर जनपद से 100 बालिकाओं का चयन किया जाएगा, जिनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी क्रम में विशालाक्षी को एक दिन का डीएम बनने का मौका मिला है। विशालाक्षी ने जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर के साथ कार्यालय में बैठकर जनता से वातालर्लाप भी किया और पेपर भी साइन किए। इस बारे में जानकारी देते हुए हर्षिता माथुर ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छात्रा को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया है। ये कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत हुआ है, जिसमें एक दिवस के लिए जिलाधिकारी बनाने के संबंध में शासन के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी क्रम में हमारे जनपद में मेधावी छात्राओं का चयन किया गया। कुमारी विशालाक्षी एसडी पांडे मेमोरियल कॉलेज से पढ़ी हैं। उनको आज एक दिवस का जिलाधिकारी बनाने के लिए चयनित किया गया था।ह्व इस अवसर पर विशालाक्षी ने फरियादियों की फरियाद सुन उनका निस्तारण किया। मीडिया से बात करते हुए छात्रा ने खुशी जताई है। हर्षिता माथुर ने इस बारे में आगे जानकारी देते हुए कहा, विशालाक्षी ने आम जनमानस की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली गई। इस दौरान प्रश्न पूछे गए और लोगों से वार्ता भी की गई।

# इलाज के लिए तड़पती रही तेजाब से झुलसी छात्रा, देर रात तोड़ा दम

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा/रहरा। तेजाब से झुलसी छात्रा इलाज नहीं मिलने से करीब 12 घंटे तक तड़पती रही। परिजन पीड़िता को लेकर मेरठ के निजी अस्पतालों में भटकते रहे। पुलिस कार्रवाई नहीं होने के चलते उसे अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के ही पीड़िता को मेरठ ले गए थे। जिसके चलते उसे भर्ती नहीं किया गया। इसके चलते पीड़िता ने देर रात दम तोड़ दिया। पुलिस मामले में गहनता से छानबीन कर रही है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी किसान की 14 वर्षीय बेटी कक्षा आठ में पढ़ती है। रविवार आधी रात करीब तीन बजे छात्रा को घर के दरवाजे से गांव के ही पिता-पुत्र ने उठा लिया था और उस पर तेजाब डाल दिया था। करीब एक घंटे बाद छात्रा सोमवार सुबह चार बजे घर पहुंची तो वह बुरी तरह से झुलसी हुई थी। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही पीड़िता को निजी कार से उपचार के लिए मेरठ ले गए। परिजनों का कहना है कि वह घायल को लेकर मेरठ के निजी अस्पताल में पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों ने पुलिस कार्रवाई नहीं होने की बात कहते हुए इलाज करने से इनकार कर दिया। कई अस्पतालों में लेकर पहुंचे, लेकिन कहीं उपचार नहीं मिल सका। इसके बाद दोपहर में वह छात्रा को लेकर अपने गांव आ गए। यहां पुलिस को सूचना दी गई। सोमवार शाम करीब चार बजे स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना मिली तो पुलिस के हाथ पैर फूल गए। छात्रा को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया गया है। इस पर परिजनों ने छात्रा को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों का कहना है कि 12 घंटे तक छात्रा को उपचार नहीं मिल सका। जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि तीन बहन और दो भाइयों में सबसे छोटी छात्रा गांव के ही प्राइवेट स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ती थी। वह पढ़ने में बहुत तेज थी। बताते हैं कि स्कूल में भी आजतक छात्रा का किसी से कोई विवाद नहीं हुआ।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी नाबालिग छात्र हिरासत में

प्रात: किरण संवाददाता



बहराइच,। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में ह्यइंस्टाग्रामह्न पर दो समुदायों के बच्चों के बीच उनके धर्मों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी से बढ़े बवाल के बीच पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नाबालिग छात्र को हिरासत में ले लिया। पुलिस की एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शांति-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले धर्मगुरुओं व अराजक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बहराइच जिले के नानपारा कस्बे में इंस्टाग्राम पर दो समुदायों के बच्चों के बीच उनके धर्मों को लेकर आपत्तिजनक बातचीत के स्क्रीनशॉट सार्वजनिक होने के बाद सोमवार शाम तनाव फैल गया, जिसके बाद एक नाबालिग छात्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने मंगलवार को अधिकारियों और पुलिस बल के साथ नानपारा कस्बे का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने संवाददाताओं को बताया, सोमवार को नानपारा में अव्यवस्था उत्पन्न की गयी, जिसपर बहुत गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिया गया और एक समुदाय विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। उन्होंने बताया, मंगलवार को अभियुक्त को हिरासत में ले लिया गया लेकिन (दूसरे पक्ष से) कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने के मामले को भी बहुत गंभीरता से लिया गया है। शुक्ला ने बताया, पुलिस ने वीडियोग्राफी कराई है और उसके आधार पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमारे पास वीडियो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है और उसमें उकसाने वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने त्यौहारों पर कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा, अराजक तत्वों द्वारा या कुछ धर्म गुरुओं द्वारा इस प्रकार सामाजिक सौहार्द खराब करने का ये जो प्रयास किया गया है, बहुत ही आपत्तिजनक व निंदनीय है। इसपर कार्रवाई होगी। इस बीच जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नानपारा पहुंच कर जनप्रतिनिधियों व दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, लोगों से अपील की गई कि सोशल मीडिया का उपयोग पूरी सावधानी के साथ किया जाए। सोशल मीडिया पोस्ट यदि आपत्तिजनक हो जाय तो यह ऐसा खतरनाक हथियार साबित होता है, जिसके चलने के बाद परिणाम का किसी को पता नहीं होता।उन्होंने कहा, बहराइच जिला अंतरराष्ट्रीय नेपाल सीमा से सटा है और यहां होने वाली गतिविधियों का संदेश देश के उस पार भी जाता है, इसलिए हमें अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पुलिस अधिकारी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी समुदायों के त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को प्रतिबद्ध है। पुलिस के अनुसार, स्थानीय निवासी रहमत अली हाशमी की शिकायत पर नाबालिग बच्चे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 298 (किसी भी वर्ग के धर्म का अपमान करने के इरादे से पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना), 302 (शब्दों से किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को आहत करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 353 (सार्वजनिक शरारत पैदा करने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिये गए नाबालिग छात्र को मंगलवार को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया, जहां से उसे गोंडा स्थित बालकों के संप्रेषण गृह भेजा जा रहा है।

# महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना : मंत्री जयवीर सिंह

प्रात: किरण संवाददात



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कई अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पिछले कुंभ में लगभग 24 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया था, जबकि इस बार महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जयवीर सिंह ने कहा कि हम पिछले एक साल से इस महाकुंभ की तैयारी कर रहे थे। दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में समीक्षा की और सभी कार्य अंतिम रूप से धरातल पर उतरने में सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुंभ धरती पर आने की संभावना है, जिससे इस आयोजन का महत्व और बढ़ जाएगा। सांस्कृतिक आयोजनों की योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने विभाग की ओर से पूरे देश में राज्य में और उत्तर प्रदेश की कमिश्नरी में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इनमें कवि कुंभ, शक्ति कुंभ और कला कुंभ शामिल हैं। साथ ही, राज्य संग्रहालय और अन्य विभागों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इसके अलावा, पुरातत्व निदेशालय के द्वारा कुंभ की परंपरा पर आधारित ओपन क्विज कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। हम कुंभ की परंपराओं से जोड़ने के लिए रजिस्टर्ड कलाकारों को इस आयोजन में भागीदारी का अवसर देंगे। इससे एक ओर जहां उनकी प्रतिभा का निखार होगा, वहीं दूसरी ओर उन्हें रोजी-रोटी कमाने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि हमारे पास 12,600 पंजीकृत कलाकार हैं, जिन्हें मानदेय देकर रोजी के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस महाकुंभ का शुभारंभ 8 अक्टूबर को राजभवन जीपीओ लखनऊ से किया जाएगा, जबकि समापन कार्यक्रम 1090 चौराहे पर होगा। बता दें कि महाकुंभ मेला जनवरी 2025 से प्रयागराज में आयोजित होने वाला है। उत्तर प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर तैयारियां कर रही है, क्योंकि महाकुंभ 12 साल के अंतराल के बाद आयोजित हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ-2025 के लोगो का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने महाकुंभ-2025 वेबसाइट और मोबाइल एप भी लॉन्च की है। लोगो का अनावरण, वेबसाइट और एप की लॉन्चिंग के बाद मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष बैठक कर महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। करीब एक घंटे तक उन्होंने विभिन्न कार्यों का जायजा लिया, घाटों की स्थिति देखी और कुंभ को लेकर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। महाकुंभ-2025 को दिव्य, भव्य और नव्य तरीके से आयोजित कराने के लिए सीएम योगी ने खुद कमान संभाल रखी है।

# दनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा। एक व्यक्ति को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी और उसे हड़बड़ा दिया तथा पीछे से आए एक व्यक्ति ने उसकी जेब से 50000 चोरी कर फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पुलिस में हड़कम्प मच था। एहसान अहमद पुत्र अहमद हसन निवासी मोहल्ला तलाई कस्बा स्योहारा ने थाना स्योहारा में तहरीर देते हुए कहा कि वह बैंक से रुपये निकाल कर जेब में रख लिये और अपने घर को चल दिया। जैसे ही वह मिल चौराहे के निकट पहुंचा तो उसे एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी और वह हड़बड़ा गया पीछे से आए कि व्यक्ति ने उसकी जेब से 50000 साफ कर दिए जैसे वह संभल कर आगे बढ़ा और अपनी जेब टटोली तो उसके होश उड़ गए उसकी जेब से 50,000 गायब थे। उसने तुरंत थाना जाकर तहरीर दी। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से पुलिस में हड़कम्प मच गया। इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए तेज तर्रार थाना अध्यक्ष अवनीत मान ने इस घटना को चुनौती के रूप में लेते हुए इसकी जांच अनुभवी और पुलिस कार्यशैली में माहिर अपने थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह को सौंपी। जिन्होंने इसकी गहनता से जांच पड़ताल की और 24 घंटे के अंदर अंदर इस घटना का खुलासा कर इस घटना के चोरी के आरोपी बरकत अली पुत्र शाकिर अली निवासी थाना नागफनी मुरादाबाद को गिरफ्तार जेल भेज दिया चोरी के आरोपी के पास से 27000 भी बरामद किये। इस घटना का खुलासा करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह ,कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल रवि कुमार रहे।

# खुलासा:सहसपुर में 2 माह के बच्चे का शव मिलने की घटना का पुलिस ने किया पदार्फाश

## माँ ही निकली बच्चे की कातिल, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजीं जेल

प्रात: किरण संवाददात



स्योहारा/सहसपुर। कस्बे में 6 अक्टूबर को दो माह के बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी।

सूचना पाकर तुरन्त थाना स्योहरा पुलिस व पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया था। गौरतलब है कि सहसपुर नगर में 6 अक्टूबर की सुबह किसी राहगीर ने मौहल्ला मुस्लिम चौधरियांन पुराना डाक खाना के निकट खाली पड़े प्लाट में दो माह के बच्चे के शव को देखा और उसने अन्य को बताया देखते ही देखते यह खबर पूरे नगर में फेल गई । सूचना पाकर तुरन्त अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ,पुलिस क्षेत्राधिकार धामपुर सर्वम सिंह, थाना स्योहारा अध्यक्ष अवनीत मान और सहसपुर पुलिस चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे और गहनता से छानबीन शुरू की। बच्चे का शव मिलने की सूचना पर आई भीड़ में से ही एक महिला ने शव को पहचान लिया और उसने शव की पहचान अपनी बहन के पुत्र अब्दुल हसन के रूप में की।

बच्चे का शव मिलने की सूचना पर भी बच्चे की माता का मौक पर न आना सभी को अजीब से लगा जबकि दो, तीन दिन से मृतक की माँ अपने मायके मौहल्ला शेखान सहसपुर में रह थी और मोके पर गायब नजर आयी।

ये सब देखकर पुलिस को कुछ दाल में काला लगा और पुलिस ने उसी दिशा में काम करते हुए घटना का खुलासा करने के लिये आगे की कार्यवाही शुरू की और घटना का पर्दा फाश करने में कामयाब रही। घटना में बच्चे की मां का हाथ होना पाया गया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतक बच्चे के बाप सलीम पुत्र अकरम निवासी ग्राम मोरना थाना नूरपुर ने थाना स्योहारा में दी तहरीर में अपनी पत्नी चांदनी पुत्री गुफरान निवासी सहसपुर के द्वारा अपने बच्चे के कहीं जान से मारे जाने की बात कही थी।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने कहा कि मृतक बच्चे के बाप की दी हुई तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 481/24 धारा 103 बीएनएस पंजीकृत कर लिया गया है प्रथम दृष्ट्या मृतक मिले बच्चे को मारने की घटना में माँ का हाथ होना पाया गया है। बच्चे की मां को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्यवाही की गई।


अभियुक्तता को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष अवनीत मान,कांस्टेबल विवेक मुंडैरना, कांस्टेबल पंकज , महिला कांस्टेबल कोमल रानी रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 09 अक्टूबर, 2024





# सलमान खान ने बढ़ाया अलाना पांडे का उत्साह



करण जौहर का रियलिटी शो, 'द ट्राइब' 4 अक्टूबर, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर लॉन्च हुआ, जिसमें लॉस एंजिल्स युवा इंफ्लूएंसर्स की शानदार जीवनशैली की झलक दिखाई गई, इस शो में अलाना पांडे और अलाविया जाफरी जैसे सितारे शामिल हैं। हाल ही में सलमान खान ने सीरीज में अलाना की भूमिका के लिए विशेष रूप से प्रशंसा की, और उत्साह जताया। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अलाना की पोस्ट साझा कर अपना समर्थन जताया।

सलमान ने अनन्या पांडे की बहन अलाना पांडे का एक वीडियो साझा किया। क्लिप में, अलाना ने अपना परिचय दिया और बताया कि वह सोशल मीडिया में अपना करियर बनाने के लिए पांच साल पहले लॉस एंजिल्स चली गई थीं। वह अपनी कंपनी के लॉन्च और उसके मिशन के बारे में भी चर्चा करती हैं। सलमान ने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'अमेजन प्राइम पर द ट्राइब देखें।' अलाना को टैग करते हुए। जवाब में, अलाना ने सलमान के पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिर से साझा किया, जिससे शो के प्रति उत्साह और बढ़ गया।'

'द ट्राइब' लॉस एंजिल्स में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे पांच महत्वाकांक्षी युवा भारतीय कंटेंट क्रिएटर्स की कहानी है। इस सीरीज में सृष्टि पोरी, आर्यना गांधी और अल्फिया जाफरी जैसे इंटरनेट इन्फ्लुएंसर भी शामिल हैं, और उद्यमी हार्दिक जावेरी उनके निवेशक के रूप में आगे आए हैं। अलाना पांडे, जो अनन्या पांडे की चचेरी बहन हैं, और जावेद जाफरी की बेटी अलाविया जाफरी, प्रमुख कलाकारों में शामिल हैं। इस शो का निर्देशन ओमकार पोटदार ने किया है और इसे अनीशा बेग ने लिखा है। इसे करण जौहर, अपूर्व मेहता और अनीशा बेग ने प्रोड्यूस किया है। सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सिकंदर में रश्मिका मंदाना, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर जैसे कई कलाकार शामिल हैं।



# सिंघम अगेन में काम करने को लेकर बोलीं करीना कपूर

सिंघम अगेन का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार प्रशंसकों के लिए रिलीज हो गया है। एक्शन और ड्रामा के शानदार कॉम्बो से साथ इस ट्रेलर में रामायण का एक दिलचस्प मोड़ भी दिखाया गया है। रोहित शेट्टी की फिल्म का लंबे समय से दर्शकों को इंतजार रहा है। फिल्म का ट्रेलर मुंबई में भव्य तरीके से लॉन्च किया गया। इस दौरान करीना कपूर ने कहा कि यह फिल्म उनके बगैर अधूरी थी। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है।

## करीना ने खुद को बताया जरूरी


फिल्म में करीना कपूर एक बार फिर अवनी के किरदार में दर्शकों का मनोरंजन करने वाली हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, रामायण में सीता न हो ऐसे हो नहीं सकता, रोहित शेट्टी की फिल्म में करीना कपूर न हो कभी ऐसा नहीं हो सकता। बता दें कि अभिनेत्री गोलमाल रिटर्न्स से लेकर सिंघम रिटर्न्स और अब सिंघम अगेन तक शेट्टी की अधिकांश फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

## रोहित शेट्टी का किया धन्यवाद

करीना ने आगे बताया, बहुत-बहुत धन्यवाद, जाहिर तौर पर, रोहित और अजय को हमेशा मेरा समर्थन करने के लिए और मुझे इस पुरुष-केंद्रित फिल्म में हमेशा विशेष भूमिका देने के लिए। इसके अलावा इस फिल्म में सीता मां का प्रतिनिधित्व करने के लिए, मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। फिल्म के कलाकारों के लिए कही यह बात उन्होंने फिल्म से जुड़े सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया और कहा, रोहित और अजय हमेशा मेरे पसंदीदा रहेंगे। मुझे लगता है कि मेरे सारे फैंस और हर कोई यह जानता है। इसलिए टाइगर, रणवीर और मेरे प्यारे दोस्त अर्जुन और अक्षय जैसे बाकी कलाकारों के साथ काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं सबसे बहुत प्यार करती हूं।

## इन सितारों से सजी है फिल्म

बात करें सिंघम अगेन की तो फिल्म में दीपिका शक्ति शेट्टी के रूप में नजर आएंगी, जो कॉप यूनिवर्स की पहली महिला हैं। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में रणवीर सिम्बा के रूप में अपनी भूमिका को फिर से दोहराएंगे। फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार जैसे कलाकार भी हैं।



# नेहा धूपिया करेंगी एमटीवी रोडीज सीजन 20 में वापसी

अभिनेत्री नेहा धूपिया जल्द ही एमटीवी रोडीज के 20वें सीजन में एक मेंटर के तौर नजर आने वाली हैं। खबरों की मानें तो अब वह शो में वापसी के लिए तैयार हैं। शो में नेहा के साथ रणविजय सिंह और प्रिंस नरूला भी नजर आने वाले हैं। अभिनेत्री नेहा धूपिया एमटीवी रोडीज शो में मेंटर के तौर पर फिर वापसी करने जा रही हैं। नेहा को उनके बोल्ड अंदाज के लिए जाना जाता है। नेहा को इस शो में एक बार फिर से उसी सीधे सपाट फैसले लेते देखा जा सकेगा। नेहा धूपिया के साथ इस शो में रणविजय सिंह और प्रिंस नरूला को देखा जाएगा।

## नेहा धूपिया होंगी एमटीवी रोडीज का हिस्सा

एमटीवी रोडीज के कुछ बहुत ही खास सीजन के बारे में बातें हो चुकी हैं। ये शो अब अपने अगले सीजन के साथ प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आया है। खबरों की मानें तो शो मेकर्स का कहना है कि हमने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन की बाढ़ देखी है और हम उनकी आवाजों को अनदेखा नहीं कर सकते हैं।

## शो में शामिल होने के लिए नेहा है उत्साहित

मेकर्स का मानना है, नेहा धूपिया रोडीज के सफर का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं और उनकी वापसी से सब कुछ बेहतरीन तरीके से बदलने वाला है। नेहा धूपिया अपने नेतृत्व की क्षमता के कारण रोडीज शो का हिस्सा रही हैं। वह भी इस शो में शामिल होने के लिए काफी ज्यादा उत्साहित हैं। उनकी ऊर्जा, लगन और शो को लेकर उनका अनुभव बहुत ही शानदार है।

## एमटीवी रोडीज के लिए इस दिन होंगे ऑडीशन

एमटीवी की ओर से भी एक अपडेट जारी की गई है। जारी अपडेट में बताया गया कि 13 अक्तूबर को नोएडा, 15 अक्तूबर को चंडीगढ़, 18 अक्तूबर को हैदराबाद, 20 अक्तूबर को पुणे में डबल क्रॉस ऑडिशन किए जाएंगे। इस शो का पिछला सीजन 19ः कर्म या कांड सोनू सूद ने होस्ट किया था। शो में प्रिंस नरूला, रिहा चक्रवर्ती, गौतम गुलाटी को भी देखा गया था।

# विक्रांत मैसी के साथ आंखों की गुस्ताखियां में धमाल मचाएंगी शनाया कपूर



संजय कपूर की 24 वर्षीय बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर वह फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में विक्रांत मैसी के साथ अभिनय करेंगी। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में शनाया कपूर एक थिएटर आर्टिस्ट की भूमिका निभाएंगी जबकि विक्रांत मैसी (37) एक दृष्टिहीन संगीतकार के किरदार में होंगे। कहानी उनके प्रेम और आत्म-खोज की परिवर्तनकारी यात्रा के इर्द-गिर्द घूमेगी। इसे 2025 के मध्य में रिलीज करने का लक्ष्य है। आंखों की गुस्ताखियां कथित तौर पर प्रसिद्ध भारतीय लेखक रस्किन बॉन्ड की लोकप्रिय लघु कहानी द आइज हैव इट पर आधारित है। फिल्म करुणा, इच्छाशक्ति, स्वतंत्रता, इच्छा, धारणा, स्मृति और आत्मविश्वास के विषयों का पता लगाएगी। यह संगीतमय पृष्ठभूमि पर आधारित शानदार उतार-चढ़ाव से भरी एक आकर्षक कहानी होने का वादा करती है। ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, अपहरण और रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड जैसे वेब शो के निर्देशन के लिए जाने जाने वाले संतोष सिंह कथित तौर पर आंखों की गुस्ताखियां का निर्देशन करेंगे। पटकथा को निरंजन अयंगर और मानसी बागला ने रूपांतरित किया है। शुरुआत में अयंगर को फिल्म का निर्देशन करना था, लेकिन ऐसी फिल्मों को संभालने में व्यापक अनुभव के कारण कथित तौर पर सिंह द्वारा उनकी जगह ले ली गई। रिपोर्ट तो यह भी है कि फिल्म में शनाया कपूर को फाइनल करने से पहले निर्माता कथित तौर पर तारा सुतारिया, अलाया एफ और प्रतिभा रांटा के साथ चर्चा कर रहे थे। यह अपडेट शनाया कपूर के बॉलीवुड लॉन्च के लंबे इंतजार के बाद आया है। प्रारंभ में, उन्हें करण जौहर द्वारा शशांक खेतान की शहरी ट्रायएंगल प्रेम कहानी बेधड़क में पेश किया जाना था, लेकिन इसे बंद कर दिया गया। दूसरी ओर, विक्रांत मैसी अपनी आगामी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की रिलीज के लिए कमर कस रहे हैं।

# रवि किशन को सिंघम में मिला 'विराट किरदार'

रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिंघम अगेन' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही। इस दौरान अजय देवगन, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, रवि किशन और अन्य लोगों को इवेंट के दौरान देखा गया। सभी ने फिल्म को लेकर अपने-अपने अनुभव साझा किए। अभिनेता रवि किशन ने रोहित शेट्टी के साथ काम करने के अपने अनुभव बताएं। अभिनेता ने बताया कि रोहित के साथ काम करने का उनका सपना था, जो कि अब जाकर पूरा हुआ। उन्होंने याद किया कि जब उन्होंने सिंघम थिएटर में देखी थी तभी सोच लिया था कि वह रोहित शेट्टी के साथ काम करेंगे। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रवि किशन ने खुद को भाग्यशाली बताया और कहा कि रोहित शेट्टी ने उन्हें बहुत विराट किरदार दिया। इसके लिए वह उनके आभारी हैं। अभिनेता ने कहा, 'मैं बड़ा भाग्यशाली हूं। हर कलाकार का सपना होता है, मैंने जब 'सिंघम' देखी तो मुझे लगा की मैं एक बार इनके साथ जरूर सिनेमा करना चाहूंगा। जब ग्रह नक्षत्र बदलते हैं तो यह हुआ'


## अजय देवगन के लिए कही यह बात



अभिनेता ने अजय देवगन को अपना भाई और दोस्त बताया। रवि किशन ने कहा, एक अच्छे भाई और मित्र के रूप में अजय सर मिले, बहुत समय के बाद एक दोस्त मिला मुझे। मैंने आपके साथ बहुत समय बिताया है। लोग कहते हैं ना दोस्त की परिभाषा क्या होती है? मैंने 30 से 40 दिन आपके साथ बिताए। ये सारे लोग जो हैं हम इन्हें दिल से प्यार करते हैं। पूरा भारत, पूरा विश्व इनको प्यार करता है। ये वो लोग हैं।

'बहुत विराट रूप में लाया है मुझे'

रवि किशन ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, रोहित सर मुझे पूरे विराट रूप में लाए हैं। आप लोग देखेंगे, तो आपको अच्छा लगेगा, हमारे जो रामायण को जानना चाहते हैं। पूरा देश दिवाली के दिन धन्यवाद देगा रोहित सर को।' साथ ही अभिनेता ने दिवाली पर फिल्म को पूरे परिवार के साथ देखने का आग्रह किया।



# रणवीर सिंह का क्रश है टाइगर श्रॉफ, कहा- मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं

रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर जारी हो चुका है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सितारों का मेला जुटा। अजय देवगन, करीना कपूर, रवि किशन, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर तमाम सितारे नजर आए, लेकिन रणवीर सिंह ने अपना अलग ही रंग जमाया। हमेशा की तरह उन्होंने अपने अंदाज से न सिर्फ महफिल लूटी, बल्कि आज एक दिलचस्प खुलासा भी कर डाला।

दुनिया में टाइगर से खास कोई नहीं!

रणवीर सिंह ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान खुलासा किया कि सिंघम अगेन में उनके सह-अभिनेता टाइगर श्रॉफ उनके मेल क्रश हैं। इतना ही नहीं, रणवीर ने कहा कि वे टाइगर श्रॉफ के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और उनके लिए टाइगर से ज्यादा खास पूरी दुनिया में कोई नहीं है।

बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में फिल्म सिंघम अगेन से डेब्यू कर रहे हैं। आज ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सभी के साथ टाइगर भी आए। इस दौरान रणवीर सिंह ने टाइगर की दिल खोलकर तारीफ की। रणवीर ने कहा, टाइगर को मैं अपना मैन क्रश मानता हूं और यह बताना चाहता हूं कि शायद दुनिया में टाइगर जितना खास और उनके जितना कुशल कोई नहीं है।

## इन खूबियों को भी सराहा

रणवीर ने माइकल जैक्सन की तरह डांस और ब्रूस ली की तरह फाइट वाली टाइगर की खूबी की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं टाइगर का बहुत बड़ा फैन हूं और इनके साथ फिल्म में स्क्रीन साझा करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। फिल्म सिंघम अगेन इस साल दिवाली के अवसर पर रिलीज हो रही है। इसमें अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार जैसे सितारे नजर आएंगे।



# पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार रजनीकांत की वेट्टैयन

रजनीकांत अपनी बहुप्रतीक्षित क्राइम एक्शन-थ्रिलर फिल्म वेट्टैयन से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सुपरस्टार के साथ महानायक अमिताभ बच्चन भी दिखेंगे। यह फिल्म 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की प्री-बुकिंग भी शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर शहरों में प्री-बुकिंग उपलब्ध है और इस फिल्म की टिकटें तेजी से बिक रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म प्री-बुकिंग में रिकॉर्ड बनाएगी। केरल राज्य में भी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। फ्राइडे मैटिनी नाम के ट्विटर पेज की रिपोर्ट की मानें तो केरल में रजनीकांत अभिनीत इस एक्शन फिल्म की प्री-सेल से करीब 50 लाख रुपये की कमाई हो चुकी है। साथ ही, बताया गया है कि राज्य में अभी तक करीब 26,000 टिकटें बिक चुकी हैं। इससे पहले फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया गया था, जिसने दर्शकों की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ा दी थी। फिल्म में रजनीकांत पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं। वहीं, अमिताभ बच्चन एक वकील के किरदार में नजर आएंगे। दोनों सितारों के अलावा इसमें फहद फाजिल और राणा दग्गुबाती भी हैं।






## हीरो मोटर आईपीओ खरीदने की तैयारी में बैठे निवेशकों को झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली के चलते शेयर बाजार में कमजोरी का असर आईपीओ मार्केट पर भी दिखने लगा है। हीरो ग्रुप की प्रमुख ऑटो कंपोनेंट कंपनी हीरो मोटर्स अब आईपीओ लेकर नहीं आएगी। कंपनी ने भारतीय शेयर बाजार नियामक सेबी के पास दाखिल 900 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के ड्राफ्ट पेपर को वापस ले लिया है। यह जानकारी मार्केट रेगुलेटर सेबी की ऑफिशियल वेबसाइट से मिली। हीरो मोटर्स लिमिटेड का प्लान था कि 900 करोड़ रुपए के आईपीओ में 500 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू और 400 करोड़ रुपए का ऑफर फॉर सेल शामिल हो। ऑफर फॉर सेल के जरिए प्रमोटर्स अपनी हिस्सेदारी बेचने वाले थे, जिसमें ओपी मुंजाल होल्डिंग्स 250 करोड़ रुपए, भाग्योदय इंवेस्टमेंट्स 75 करोड़ रुपए और हीरो साइकिल्स 75 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचने जा रहे थे। ओपी मुंजाल होल्डिंग्स के पास कंपनी में सबसे अधिक 71.55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने अगस्त 2024 में सेबी के पास आईपीओ लाने के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किया था लेकिन 5 अक्टूबर 2024 को इसे वापस लेने का फैसला किया। ड्राफ्ट पेपर्स के अनुसार, इस आईपीओ से जुटाए गए फंड का उपयोग कर्ज के भुगतान और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर स्थित प्लांट के विस्तार के लिए किया जाना था। हीरो मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक और नॉन-इलेक्ट्रिक दोनों पावरट्रेन बनाती है और इसके प्रमुख ग्राहकों में बीएमडब्ल्यू, डुकाटी, एनवायलो इंटरनेशनल, फॉर्मूला मोटरस्पोर्ट, हमिंग बर्ड ईवी और एचडब्ल्यूए जैसी कंपनियां शामिल हैं। यह भारत की एकमात्र कंपनी है जो वैश्विक ई-बाइक कंपनियों के लिए सीवीटी (कंटीन्यूअस वेरिएबल ट्रांसमिशन) मैन्युफैक्चरिंग करती है और इसके मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी भारत, ब्रिटेन, और थाईलैंड में स्थित हैं।

## क्रूड ऑयल की कीमतों में लगी आग, 80 डॉलर के पार निकला




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट संकट के कारण क्रूड ऑयल की कीमतों में करीब 4 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के पार निकला है। ईरान पर इजरायल के हमले की आशंका से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। बता दें कि 1 दिन में कच्चा तेल करीब 5 प्रतिशत चढ़ा है और इसके भाव 2 महीनों की ऊंचाई पर पहुंचे है। ब्रेंट का भाव 81 डॉलर प्रति बैरल के पार निकला है जबकि डब्ल्यूटीआई का भाव 78 डॉलर के पार निकला है। बता दें कि पिछले कुछ समय से ऑयल फ्यूचर्स के भाव में काफी उतार-चढ़ाव दिख रहा है। पिछले महीने कमजोर मांग की आशंका के चलते इसके भाव 70 डॉलर के नीचे गिर गए थे और फिर एकाएक मिडिल-ईस्ट में गहराते तनाव के चलते पिछले हफ्ते 10 फीसदी से अधिक उछल गया। दरअसल कच्चे तेल में आई तेजी निवेशकों के बीच डर का सबसे बड़ा कारण है। निवेशकों को यह डर है कि इजराइल और ईरान के बीच लड़ाई में ऑयल फैसिलिटीज पर भी हमले हो सकते हैं। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों पर नजर डालें तो 1 हफ्ते में एमसीएक्स पर कच्चा तेल 9 फीसदी चढ़ा है जबकि ब्रेंट क्रूड में 8 फीसदी की तेजी आई है।

# 72 प्रतिशत ग्राहकों ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से बढ़ाई खरीदी की रफ्तार

## छोटे शहरों में तेजी से बढ रहा बाजार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोबाइल फोन और इंटरनेट के बढ़ने के कारण देश के छोटे इलाकों में भी अब ई-कॉमर्स से खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 72 फीसदी ग्राहकों का मानना है कि उन्होंने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अपनी खरीदी बढ़ा दी है। 21 फीसदी ने कहा, वे पहले की ही जितना खरीदी कर रहे हैं। सात फीसदी ने हालांकि कम शॉपिंग की है। फिक्की और डेलॉय की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र दूसरे व तीसरे स्तर के शहरों में तेजी से बाजार बढ़ा रहा है। मध्यम वर्ग के लोगों की आय में इजाफा हो रहा है। ऐसे में ई-कॉमर्स को इससे मदद मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स बाजार के 2023 के अंत तक 85 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद थी।

रिपोर्ट के अनुसार, 59 फीसदी का मानना है कि ई-कॉमर्स पर कम दाम में अच्छा सामान मिलता है। इसलिए वे खरीदी करते हैं। 59 फीसदी लोग सुविधाओं की वजह से जाते हैं। 56 फीसदी ने कहा, पसंद का सामान न होने पर उन्हें रिटर्न करने में सुविधा मिलती है। 51 फीसदी इसलिए खरीदी करते हैं क्योंकि उनको विशेष ऑफर्स मिलते हैं। सात फीसदी ने कहा, उनकी खरीदी का अनुभव अच्छा है।

सर्वे में 45 फीसदी लोगों ने कहा कि वे क्रिक कॉमर्स से ग्रॉसरी मंगाते हैं, क्योंकि इसकी डिलीवरी जल्दी होती है। महानगरों में 49 फीसदी तो प्रथम स्तर के शहरों में 47 फीसदी लोग क्रिल कॉमर्स से सामान मंगाते हैं। 50 फीसदी महिलाएं भी इसी प्लेटफॉर्म का उपयोग करती हैं। 43 फीसदी पुरुष उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा कि नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता के लिए एक समर्पित उपभोक्ता क्षेत्र परिषद बनाना चाहिए। इस कदम से हमें दो लाख करोड़ डॉलर के उपभोक्ता बाजार की उपलब्धि हासिल करने की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं। उपरोक्त कदमों से हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि 2030 तक हम तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएं।

### पर्सनल केयर, ब्यूटी में 25 फीसदी खरीद ऑनलाइन

रिपोर्ट के अनुसार, होम, ब्यूटी और पर्सनल केयर में 46 प्रतिशत लोग आधुनिक चैनलों से खरीदी कर रहे हैं। 18 प्रतिशत सामान्य चैनलों से और 25 प्रतिशत ई-कॉमर्स के जरिये खरीदी कर रहे हैं। उपभोक्ता और स्वास्थ्य वस्तुओं में 24 प्रतिशत लोग ई-कॉमर्स का सहारा लेते हैं। 33 फीसदी आधुनिक चैनल का उपयोग करते हैं। जिन लोगों की सालाना आय 24,000 डॉलर से कम है वे महंगाई के कारण कम खर्च कर रहे हैं। जिनकी आय 60,000 डॉलर से ज्यादा है, वे प्रमोशन और छूट पर खरीदारी करने पर जोर देते हैं। 78 प्रतिशत ग्राहकों का मानना है कि स्वास्थ्य उत्पादों पर वे ज्यादा कीमत देने को तैयार हैं। 63 प्रतिशत लोग प्राकृतिक तो 55 प्रतिशत लोग आर्गेनिक उत्पादों के लिए ज्यादा कीमत चुकाने को तैयार हैं।

### ज्यादातर लोग कमाई का 20 प्रतिशत तक करते हैं खर्च

सर्वे में 65 फीसदी ने कहा, वे अपनी आय का 20 फीसदी से कम खर्च ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदी पर खर्च करते हैं। 37 फीसदी लोग 20 फीसदी से ज्यादा खर्च करते हैं। 45 फीसदी भारतीयों का विश्वास स्थानीय ब्रांड पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था में एफएमसीजी चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है। 2023 में यह 144 अरब डॉलर का था। इससे 30 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। शहरी ग्राहकों में से 22 प्रतिशत लोग ई-कॉमर्स से एफएमसीजी उत्पाद खरीदते हैं। क्रिस कॉमर्स से 12 प्रतिशत लोग खरीदारी करते हैं। सामान्य चैनलों से 25 प्रतिशत लोग खरीदी करते हैं।

## सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोना-चांदी खरीदने वालों को राहत मिली है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 75,906 रुपए, जबकि चांदी के वायदा भाव 1.11 फीसदी गिर कर 91,328 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। छ्रश्वद्वद्ग× पर सोना 2,662.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,666 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.20 डॉलर की गिरावट के साथ 2,661.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



चांदी के वायदा भाव 32 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 31.94 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.35 डॉलर की गिरावट के साथ 31.65 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## अडानी के 3.26 अरब डॉलर फुर्र, अंबानी को भी नुकसान, एलन मस्क को सबसे बड़ा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार छठे सत्र में गिरावट आई। साथ ही अमेरिकी शेयर बाजारों में भी गिरावट का रुख रहा। इससे दुनिया के टॉप 20 में से 16 की नेटवर्थ में गिरावट आई। सबसे ज्यादा घाटे में एलन मस्क रहे। दुनिया के सबसे बड़े रईस की नेटवर्थ में सोमवार को 6.61 अरब डॉलर की गिरावट आई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने 5.12 अरब डॉलर गंवाए जबकि गौतम अडानी को 3.26 अरब डॉलर यानी करीब 2,73,77,88,75,000 रुपये का तगड़ा फटका लगा। एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 1.16 अरब डॉलर की गिरावट आई।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी 96.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 14वें नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 104 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सोमवार को 1.18 प्रतिशत गिरावट आई।

## टमाटर की बढ़ती कीमतों पर लगाम, अगले 3-4 दिनों में कीमतों में आएगी गिरावट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टमाटर की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में 50 स्थानों पर 65 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेचने की पहल की है। यह बिक्री नैशनल कोऑपरेटिव कंस्यूमर्स फेडरेशन की मोबाइल वैन के माध्यम से दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद में की जा रही है।

सोमवार को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई कि 7 अक्टूबर को दिल्ली में टमाटर का औसत भाव 90 रुपये प्रति किलो था, जबकि एक महीने पहले, 7 सितंबर को यह 43 रुपये प्रति किलो था।

## अमेज़न और एम.एक्स. प्लेयर प्रीमियम मुफ्त मनोरंजन को बढ़ाने के लिए एक साथ आए

**मुंबई, एजेंसी।** अमेज़न ने हाल ही में एम.एक्स. प्लेयर की कुछ संपत्तियों को अपने में शामिल किया है, जिसमें एम.एक्स. प्लेयर ऐप, जो कि भारत में एक प्रमुख निःशुल्क स्ट्रीमिंग ओ.टी.टी. सेवा है। इस अधिग्रहण के साथ, अमेज़न भारत की दो सबसे लोकप्रिय निःशुल्क ए.वी.ओ.डी. (या विज्ञापन-आधारित वीडियो ऑन डिमांड) सेवाओं - एम.एक्स. प्लेयर और अमेज़न मिनीटी.वी. को एक सेवा - अमेज़न एम.एक्स. प्लेयर में विलय कर रही है। सितंबर के महीने में, 250 मिलियन से अधिक अद्वितीय यूज़र्स ने इस मिश्रित सेवा पर स्थानीय भाषाओं में डब किए गए हज़ारों ओरिजिनल शो, लोकप्रिय फ़िल्में और अंतर्राष्ट्रीय शो तक पहुँच का मज़ा लिया, जिससे यह भारत में प्रीमियम कॉन्टेंट प्रदान करने वाली सबसे बड़ी निःशुल्क स्ट्रीमिंग सेवाओं में से एक बन गई।

आश्रम, धारावी बैंक, कैंपस डायरीज़, भौकाल, रक्तांचल, शिक्षा मंडल, रूहानियत, जमनापार, देहाती लड़के, हंटर, गुटर गू, नाम नमक निशान, फिज़िक्सवाला और ये मेरी फैमिली जैसे हिट शो की मिश्रित लाइब्रेरी के साथ-साथ हिंदी, तमिल और तेलुगु में डब किए गए लोकप्रिय कोरियाई, मैंडरिन और तुर्की शो के बड़े कलेक्शन के साथ, अमेज़न एम.एक्स. प्लेयर भारत में मनोरंजन के सबसे बड़े ठिकानों में से एक है। यह सेवा विभिन्न शैलियों में प्रीमियम कॉन्टेंट प्रदान करती है, जिसमें दिलचस्प थ्रिलर, मर-धाड़ और ड्रामा से लेकर समझदार बनने की कहानियाँ, रोमांस और बहुत कुछ शामिल है, यह सब कुछ एक ही जगह पर, मोबाइल पर इसके ऐप, अमेजन डाट इन शॉपिंग ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टी.वी. और कनेक्टेड टी.वी. के माध्यम से उपलब्ध है।

अमेज़न एडवर्टाइज़िंग इंडिया के प्रमुख, गिरीश प्रभु ने कहा, आज हम एम.एक्स. प्लेयर की विस्तृत पहुँच को एडवर्टाइज़िंग की तकनीक के साथ लेकर आ रहे हैं, जो अमेज़न के अरबों ग्राहकों संकेतों का लाभ उठाती है। इसका अर्थ सभी ब्रांडों को सक्षम करना है, न कि केवल अमेज़न पर बिकने वाले ब्रांडों को, ताकि वे पूरे भारत के बहुत बड़ी तादाद में जुड़े हुए दर्शकों तक पहुँच सकें और संबंधित विज्ञापन दे सकें।

## मीशो की 'मेगा ब्लॉकबस्टरर सेल 2024' के दौरान मध्य प्रदेश से मिले ऑर्डर्स में 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के एकमात्र असली ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने 27 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2024 तक चली अपनी प्रमुख'मीशो मेगा ब्लॉ कबस्टटर सेल 2024' के दौरान शानदार बिक्री दर्ज की है। कंपनी को इस साल मांग में शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली और पिछले साल की तुलना में कुल ऑर्डर्स की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक रही। इसके अलावा, सेल की अवधि में इस प्लेसटफॉर्म के साथ लोगों का जुड़ाव भी बहुत बढ़ गया और उसके 3 करोड़ से ज्याहदा ऐप डाउनलोड्स हुए।

सेल के दौरान कई सारे यूजर्स ने मीशो को चुना और त्यौनहारों की खरीदारी में बेहतरीन सौदे किये। अकेले मध्यकप्रदेश में ही ऐप डाउनलोड्स में पिछले साल की तुलना में 262 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। यह क्षेत्र में मीशो के लिये बड़े पैमाने पर इसका आकर्षण दिखाता है। मध्यनप्रदेश में खरीदारों ने जो उत्पासद सबसे ज्यारदा खरीदे, उनमें ब्लू टूथ हेडफोन्सक और ईयरफोन्स।, लहंगा चोली, स्मा‍र्ट घड़ियाँ, वॉलपेपर्स, हैण्डिबैग्स , एक्स टेंशन बोर्ड्स, मोबाइल कवर्स और कॉटन की चादरें शामिल हैं। इसके अलावा मध्यहप्रदेश में इस साल ऑर्डर्स और यूजर्स की संख्यास में जबर्दस्तक 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे राज्यध में ऑनलाइन खरीदारी के लिये लोगों के उत्साजह और दिलचस्पीम का पता चलता है। इसके अलावा, इस साल मध्य प्रदेश से जुड़ने वाले विक्रेताओं की संख्यार में लगभग 70 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। यह मध्याप्रदेश में उद्यमिता के जीवंत उत्सा ह और ई-कॉमर्स के परिदृश्य में बढ़ते अवसरों का प्रमाण है। भारत में ई-कॉमर्स के लिये मांग को सामने लाकर मीशो ज्यौदा से ज्यायदा लोगों के लिये ऑनलाइन खरीदारी को सुलभ एवं किफायती बना रही है। कुल मिलाकर, इस प्लेमटफॉर्म पर 145 करोड़ ग्राहकों ने विजिट किया, जिनमें से लगभग 45 प्रतिशत खरीदार टीयर 4 शहरों से आते हैं। इससे पता चलता है कि कम सेवाप्राप्तन जगहों में ई-कॉमर्स की संभावना को लेकर मीशो कितनी सफल रही है। सेल के दौरान कंपनी ने सुदूर जगहों तक अपनी पहुँच बनाई थी ।

, जैसे रानाघाट (पश्चिम बंगाल), नेय्याट्टिनकारा (केरल), भदोही (उत्त र प्रदेश), सांगारेड्डी (तेलंगाना), शिवसागर (असम), जयनगर (बिहार) और नौगढ़ (उत्त राखण्डे)। कंपनी ने दिल्लीन, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में भी शानदार प्रदर्शन किया। अब चूंकि उपभोक्तो बढ़ती संख्याग में डिजिटल खरीदारी को अपना रहे हैं, इसलिये प्रीपेड ऑर्डर्स में 117 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह टीयर 2 और उनसे निचले दर्जे के शहरों में भुगतान के डिजिटल विकल्पोंर के लिये ग्राहकों की बढ़ती चाहत दिखाता है।

# एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए विस्तृत सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम लांच किया

**मुंबई, एजेंसी।** एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स की बेहतरी पर जोर देते हुए डायल 4242 के साथ साझेदारी कर एम्बुलेंस सेवाओं को शुरू किया हैं। इसका उद्देश्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ाना और डिलीवरी एसोसिएट्स के स्वास्थ्य को अहमियत देना है। इतना ही नहीं एमेजॉन ने बड़े पैमाने पर एक स्वास्थ्य अभियान भी शुरू किया है, जो लगभग 6 महीनों तक चलेगा। इससे उनके डिलीवरी सर्विस पार्टनर और उनके डिलीवरी एसोसिएट्स, साथ ही आई हैव स्पेस और फ्लेक्स कार्यक्रमों के 50,000 से भी ज्यादा एसोसिएट्स को लाभ मिलेगा। इस अभियान के तहत डिलीवरी एसोसिएट्स को मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा मिलेगी जिसमें आंखों और दांतों की जांच शामिल है, साथ ही उनमें मौजूदा स्वास्थ्य और दुर्घटना कवरेज के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी काम किया जाएगा, जिसमें महिला डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए मातृत्व कवर को भी शामिल किया गया है। इन मजबूत प्रयासों से एमेजॉन की यह प्रतिबद्धता साफ झलकती है कि वह अपने डिलीवरी एसोसिएट्स को एक सुरक्षित और सहायक माहौल देना चाहते हैं। सभी जरूरी चिकित्सा सेवाओं को सुनिश्चित करके और समग्र भलाई को अहमियत देकर, एमेजॉन डिलीवरी एसोसिएट्स को सशक्त और सुरक्षित रखने के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को उजागर करता है। डिलीवरी एसोसिएट्स की भलाई हेतु अपनी प्रतिबद्धता के मद्दे नज़र एम्बुलेंस सेवाओं को कुछ ऐसे डिज़ाइन किया गया है जिससे सड़क पर आवागमन के दौरान डिलीवरी एसोसिएट्स सुरीक्षित और निश्चिंत महसूस करें। यह सेवा आपातकाल के समय के दौरान तुरंत चिकित्सा तक पहुंचाएगी। साथ ही यह सड़क पर दुर्घटना के बाद पहले कुछ क्रिटिकल घंटों के दौरान समय पर सहायता देने का वादा करती है। यह सुविधा डायल 4242 के पैन इंडिया नेटवर्क पर उपलब्ध होगी। साथ ही, हाल ही में लॉन्च किया गया स्वास्थ्य और कल्याण अभियान प्रारंभिक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेगा, जिससे लम्बे समय की स्वास्थ्य प्रथाओं के बारे में लोगो मे जागरूकता बढ़ेगी और डिलीवरी एसोसिएट्स को मातृत्व सहायता के साथ - साथ बीमा के लाभों के बारे में भी सूचित किया जाएगा। आने वाले छह महीनों के दौरान एमेजॉन अलग - अलग क्षेत्रों में कई डिलीवरी स्टेशनों पर 50 से भी ज्यादा मुफ्त चिकित्सा शिविरों को लगाएगा। जिसमें से छह शिविर पहले ही मुंबई, पुणे और बैंगलोर में शुरू हो चुके हैं। इस पहल से हजारों डिलीवरी एसोसिएट्स को फायदा होगा। एमेजॉन इंडिया डिलीवरी एसोसिएट्स की सुरक्षा के लिए और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई बड़े कदम उठा रहा है जिसमें ये सभी शामिल हैं।




## मध्यप्रदेश के ग्राहकों को अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के दौरान अमेजन पे के माध्यम से सुविधाजनक और पुरस्कृत भुगतान का मिल रहा है आनंद

**भोपाल।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 अब अमेजन डाट इन पर लाइव है और इसका उद्देश्य देश भर में लाखों ग्राहकों तक पहुंचना है। अमेजन पे ने आज शहर में डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए देखे गए रुझानों की घोषणा की है। इंदौर के ग्राहक अमेजन पे यूपीआई की सुविधाओं को अपनाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें 35 प्रतिशत ग्राहक इसे अपने अमेजन डाट इन खरीददारी के लिए चुन रहे हैं। यह रुझान ऑनलाइन शॉपिंग से आगे बढ़ता है, क्योंकि शहर में बिल भुगतान (39 प्रतिशत), पैसे ट्रांसफर (16 प्रतिशत), व्यापारियों को ऑनलाइन भुगतान (13 प्रतिशत) और यहां तक कि व्यापारियों को ऑफलाइन भुगतान (18 प्रतिशत) के लिए अमेजन पे यूपीआई के दैनिक उपयोग के मामलों में वृद्धि देखी गई है। मध्य प्रदेश के ग्राहक अमेजन पे यूपीआई को इसकी सुविधा, पुरस्कृत अनुभव और सुरक्षित लेनदेन के लिए बेहद पसंद करते हैं। इसमें मोबाइल रिचार्ज, बिल भुगतान, स्टोर में स्कैन और भुगतान, पैसे भेजना और गिफ्ट कार्ड खरीदना आदि शामिल है। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के दौरान, अमेजन डाट इन ने पहले दिन विशेष रूप से प्राइम ग्राहकों के लिए मजबूत जुड़ाव देखा, जिसमें मध्य प्रदेश में लेन-देन में 20 गुना वृद्धि हुई। इसी बीच, अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड राज्य में इसके आकर्षक कैशबैक ऑफ़र्स और सहज उपयोगकर्ता अनुभव के कारण पसंदीदा भुगतान विधि बना रहा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले दो दिनों के दौरान लेन-देन में प्री-सेल अवधि की तुलना में 46 गुना वृद्धि हुई। अमेजन पे इंडिया के निदेशक - पेमेंट्स और मर्चेंट सर्विसेज गिरीश कृष्णन ने कहा, अमेजन पे में, हम अपने ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान को विश्वसनीय, सुविधाजनक और पुरस्कृत बनाने का प्रयास करते हैं। इंदौर में भुगतान के रुझान राज्य भर में अमेजन पे के प्रति बढ़ते विश्वास और अपनाने को दर्शाते हैं। हम विभिन्न ग्राहको की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अमेजन पे यूपीआई, अमेजन पे लेटर जैसे क्रेडिट उत्पाद और अमेजन पे आईसीआईसीआई सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जैसी भुगतान समाधान की एक विविध श्रृंखला प्रदान करते हैं। हमारा लक्ष्य ग्राहक की बचत को अधिकतम करना और इस त्योहार के मौसम में अद्वितीय भुगतान अनुभव प्रदान करना यह है। ग्राहकों की बचत अधिकतम करने के लिए, अमेजन पे ने अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के तहत एक विशेष बम्पर रिवॉर्ड्स पेश किया है। यह रोमांचक पहल ग्राहकों को अमेजन पे यूपीआई के माध्यम से लेन-देन पूरा करके 10,000 रुपये तक के रिवॉर्ड्स कमाने की अनुमति देती है, जो कि अमेजन डाट इन और ऑफलाइन दोनों स्थानों पर मान्य है।

भारत-बांग्लादेश टी-20

# दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। बांग्लादेश की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके तीन मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने की कोशिश करेगी लेकिन सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए मेहमान टीम के लिए यह आसान काम नहीं होगा।

ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' का पता चलता है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे।

सैमसन अमूमन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन पहले मैच में उन्होंने पारी का आगाज किया था तथा 19 गेंद पर 29 रन बनाए थे। कप्तान सूर्यकुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सैमसन श्रृंखला में आगे भी यह भूमिका निभाते रहेंगे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को विश्राम दिए जाने के कारण सैमसन और अभिषेक को यह मौका मिला है जिसका वह पूरा फायदा उठाना चाहेंगे।

पहले मैच में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। अपना पहला मैच खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने ग्वालियर में अपना प्रभाव छोड़ा था। अर्शदीप सिंह ने तेज गेंदबाजी में अगुआ की भूमिका अच्छी तरह से निभाई थी जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने तीन साल के बाद सफल वापसी की थी। भारतीय टीम में वॉशिंगटन सुंदर भी हैं जो रविंद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इस प्रारूप में ऑलराउंडर की जगह पर अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो अगर उसे श्रृंखला को जीवंत बनाए रखना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में उसके बल्लेबाजों ने टीम को खासा निराश किया। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद स्वीकार किया था कि उनके बल्लेबाज नहीं जानते कि 180 रन से अधिक का स्कोर कैसे बनाना है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा था कि उनकी टीम ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया और वह वापसी करने में सक्षम है।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत** – अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), नितीश रेड्डी/तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव

**बांग्लादेश** – तंजीद हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद ह्रदोय, महमुदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम

**समय** – शाम 7 बजे से।

# मयंक ने 150-160 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी क्यों नहीं की?



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपनी शानदार गति से आग लगाने वाले मयंक यादव ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में भारत के लिए अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू किया। मयंक अपने डेब्यू मैच में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद नहीं फेंक पाए। पिछले सीजन में आईपीएल में इस तेज गेंदबाज ने 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ उनकी रफ्तार 135 किमी प्रति घंटे से 150 किमी प्रति घंटे के बीच रही। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उनकी कम रफ्तार के पीछे एक संभावित कारण बताया है।

उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, मयंक यादव ने अपना पहला ओवर मेडन फेंका - मयंक गतिमान यादव। उन्होंने चार महीने से क्रिकेट नहीं खेला था। वह चोट के बाद वापसी कर रहे थे। उनके पेट में कुछ तितलियां थीं। साथ ही थोड़ी नर्वस

### पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने दिया जवाब

एनर्जी भी थी। चोपड़ा ने कहा, हालांकि, उन्होंने अच्छी शुरुआत की और सीधी रेखाओं में गेंदबाजी करने की कोशिश की। वह 150-160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति तक पहुंचने की कोशिश नहीं कर रहे थे, क्योंकि उनका ध्यान शरीर पर थोड़ा अधिक था - चलो खुद पर दबाव नहीं डालते क्योंकि मैं चोट के बाद वापस आ रहा हूं। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस गेंदबाज में गति है।

मयंक ने मैच में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया जिससे बड़े मंच पर उनका अच्छा आगमन हुआ। हालांकि, चोपड़ा को अभी भी लगता है कि मयंक को अपने असाधारण कौशल का सही तरीके से इस्तेमाल करने से पहले कुछ समय चाहिए। चोपड़ा ने कहा, उन्होंने अच्छी गति से गेंदबाजी की और दिखाया कि उनके पास सभी चीजें हैं। आप अभी से उन चीजों को देख रहे हैं जिनसे एक बेहतरीन डिश तैयार की जा सकती है। हालांकि, इसमें कुछ समय लगेगा और भारतीय टीम उन्हें समय देगी, ऐसा मुझे लगता है।

# वे उसे बाहर कर देंगे, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज चौपड़ा ने संजू सैमसन को दी चेतावनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन 9 साल पहले 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बावजूद फिर से भारतीय क्रिकेट टीम में स्थायी स्थान पाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। खेल के सबसे छोटे प्रारूप से विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाने का फैसला किया है।

ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की। सैमसन ने अपनी टाइमिंग और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 19 गेंदों पर 29 रन बनाए, लेकिन जल्दी आउट होने के कारण वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने आगामी मैचों में निरंतरता की आवश्यकता पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि अगर सैमसन अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उन्हें बाहर किया जा सकता है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, वह अच्छा है। उसने 29 रन बनाए। मेरी एकमात्र बात यह थी कि चूंकि वह यहां तक ??पहुंच गया है, इसलिए उसे थोड़ा और आगे बढ़ना चाहिए। उसे कुछ और रन बनाने चाहिए क्योंकि अन्यथा, वे उसे छोड़ देंगे। वह अंदर-बाहर (साइड से) और ऊपर-नीचे (बल्लेबाजी क्रम) होता रहता है।

# बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जीत का श्रेय गंभीर को नहीं इसे देना चाहिए : गावस्कर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की उल्लेखनीय टेस्ट जीत का श्रेय नवनियुक्त कोच गौतम गंभीर के बजाय रोहित शर्मा को जाना चाहिए। गावस्कर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट की आक्रामक शैली को अपनाया है और इस साहसिक दृष्टिकोण को वर्णित करने के लिए 'गोहित' लेबल का सुझाव दिया। गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की रणनीति के लिए गंभीर को मान्यता मिलने पर अपनी निराशा व्यक्त की और इसे 'उच्च कोटि की चाटुकारिता' करार दिया।



गावस्कर ने लिखा, जबकि बेन स्टोक्स और मैकुलम के नए शासन के तहत इंग्लैंड की बल्लेबाजी का तरीका पूरी तरह से बदल गया, हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि रोहित इसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी टीम को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। गंभीर को कोचिंग दिए हुए अभी कुछ महीने ही हुए हैं, इसलिए इस दृष्टिकोण को उनके नाम करना सबसे बड़ी गलती है। गंभीर ने शायद ही कभी इस तरह से बल्लेबाजी की हो, जैसा मैकुलम किया करते थे।

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे मैच से पूर्व बोले अर्शदीप सिंह

# तय सोच के साथ मैदान में नहीं आता हूं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने बुधवार को यहां कहा कि वह किसी मैच में पहले से ज्यादा रणनीति तय करने की बजाय परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने की कोशिश करते हैं। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में गुरुवार को यहां दूसरा मैच खेलगी। युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों में शामिल अर्शदीप ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैं किसी मैच में किसी तय मानसिकता के साथ नहीं आता हूं। मैं 'न्यूट्रल माइंडसेट (पहले से तय योजना के बिना) के साथ मैच में जाना पसंद करता हूं। मेरी कोशिश प्रतिद्वंद्वी टीम से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने की होती है।

टी20 विश्व कप विजेता अर्शदीप सिंह को भविष्य के बारे में चिंता करना या अतीत के बारे में सोचना पसंद नहीं है। अपने दो साल के करियर में दो टी20 विश्व कप खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे जीवन का मंत्र है कि मौजूदा समय का लुत्फ उठाना। आज मेरा विश्राम करने का दिन है इसलिए मैं आज आराम करना पसंद करूंगा। कल की कल देखेंगे।

भारत के लिए 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल चुके इस खिलाड़ी ने लाल गेंद प्रारूप से काउंटी क्रिकेट और फिर हाल ही में दलीप ट्रॉफी में प्रभावित किया। इस वामहस्त गेंदबाज से जब टेस्ट मैचों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे जहां भी मौका मिले, मैं सभी प्रारूपों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'विभिन्न परिस्थितियों में खेलने से खिलाड़ियों को अपने कौशल का पता लगाने का मौका मिलता है। यह विकेट चटकाने के तरीके और दबाव से उबरने के बारे में है। विभिन्न प्रारूपों में खेलना खिलाड़ियों को बहुत कुछ सिखाता है।

उन्होंने कहा, 'लाल गेंद में, आपको गेंदबाजी करने के लिए अधिक ओवर मिलते हैं, यह आपको धैर्य सिखाता है, यहां (टी20 में) आपको धैर्य की आवश्यकता नहीं है, आपको यह सोचना होगा कि एक बल्लेबाज क्या कर सकता है। पंजाब के इस गेंदबाज को जब बताया गया कि दिल्ली के इस मैदान में पिछले कुछ मैचों में बड़े स्कोर बने है तो उन्होंने कहा, 'मैं सोच कर नहीं आया था कि यहां इतने रन बनते है, अब आपने मेरे मन में यह डाल दिया। उन्होंने कहा, 'आईपीएल के बीते सत्र में हमारा (पंजाब किंग्स) यहां कोई मैच नहीं था लेकिन इस मैदान पर स्कोर देखकर मुझे विकेट देखने का मन नहीं हुआ। हम कल आएंगे और परिस्थितियों का आकलन करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे। कोच और कप्तान विकेट को परख कर योजना तय करेंगे।

भारत-आस्ट्रेलिया

# हरवंश पंगालिया का शतक, भारत के पहली पारी में 492 रन

**चेन्नई (एजेंसी)।** हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की



अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाए।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया।

इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पांड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ'कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया।

दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा, ओली पैटरसन, क्रिश्चन होवे और लैकलन रानाल्डो ने दो-दो विकेट लिए जबकि विश्वास रामकुमार और रिले किंग्सेल को एक-एक विकेट मिला।

महिला टी20 विश्व कप

# आज श्रीलंका पर बड़ी जीत से, रन रेट में सुधार करने उतरेगा भारत

**दुबई (एजेंसी)।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में



बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले।

भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है विशेष कर शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव कम करने के लिए इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का गर्दन में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेलना संदिग्ध है जिससे भारत की समस्या और बढ़ गई है।

हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था। ऐसी परिस्थितियों में जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रिचा घोष को बल्लेबाजी ने अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उन्हें अन्य तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर से अधिक सहयोग की जरूरत है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल , सजना सजीवन

**श्रीलंका** – विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी , इनोका राणावीरा।

**समय**– शाम 7:30 बजे।

# ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसले के पिता 2 करोड़ की पुरस्कार राशि से नाखुश, रखी ये बड़ी मांगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसले के पिता सुरेश कुसले ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित 2 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलने से नाखुश हैं। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अपने राज्य के ओलंपिक पदक विजेताओं को इससे कहीं अधिक राशि देता है। स्वप्निल ने ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीता था। वह महाराष्ट्र के कोल्हापुर के रहने वाले हैं। सुरेश कुसले ने सोमवार को कोल्हापुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनके बेटे को 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए।

सुरेश कुसले ने कहा, हरियाणा सरकार अपने प्रत्येक (ओलंपिक पदक विजेता) खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपए देती है (हरियाणा स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपए और कांस्य विजेता को 2.5 करोड़ रुपए देता है)। उन्होंने पूछा, महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित नई नीति के अनुसार, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपए मिलेंगे। राज्य ने ऐसे मानदंड क्यों बनाए हैं, जबकि स्वप्निल 72 वर्षों में महाराष्ट्र से केवल दूसरे व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता (1952 में पहलवान केडी जाधव के बाद) थे?



भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह पदक जीते जिनमें से पांच व्यक्तिगत पदक विजेताओं में से चार हरियाणा और एक महाराष्ट्र से था। दोनों राज्यों में पुरस्कार राशि में अंतर की तुलना करते हुए सुरेश कुसले ने कहा कि महाराष्ट्र की तुलना में हरियाणा बहुत छोटा राज्य होने के बावजूद अपने पदक विजेता एथलीटों को अधिक पुरस्कार राशि देता है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने स्वर्ण पदक विजेता के लिए 5 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता के लिए 3 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेता के लिए 2 करोड़ रुपए की घोषणा की है। ऐसे मानदंड क्यों हैं, जबकि महाराष्ट्र के केवल दो खिलाड़ियों ने इतने वर्षों में व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीते हैं?

उन्होंने कहा, %अगर मुझे ऐसा पता होता तो मैं उसे किसी अन्य खेल में अपना करियर तलाशने के लिए राजी कर लेता। क्या स्वप्निल के साधारण पृष्ठभूमि से होने के कारण पुरस्कार राशि कम रखी गई है? अगर वह विधायक या मंत्री का बेटा होता तो क्या पुरस्कार राशि इतनी ही रहती? इसके अलावा, सुरेश कुसाले ने पुणे में खेल परिसर में 50 मीटर थ्री-पोजिशन राइफल शूटिंग क्षेत्र का नाम अपने बेटे के नाम पर रखने की भी मांग की।

अपनी मांगों के बारे में पूछे जाने पर सुरेश कुसले ने कहा, स्वप्निल को पुरस्कार के रूप में 5 करोड़ रुपए, बालेवाड़ी खेल स्टेडियम के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए ताकि वह आसानी से अभ्यास के लिए आ-जा सके। स्वप्निल के नाम पर 50 मीटर थ्री-पोजिशन राइफल शूटिंग क्षेत्र रखा जाना चाहिए। पेरिस में स्वप्निल की उपलब्धि के बाद निशानेबाज को उसके नियोक्ता सेंट्रल रेलवे ने पदोन्नत किया और उसे विशेष ड्यूटी पर अधिकारी नियुक्त किया। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों सहित प्रमुख खेल आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना करने की घोषणा की।

# संक्षिप्त समाचार

## कोलकाता कांड को लेकर प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स का ऐलान, 9 अक्टूबर को होगी देशव्यापी भूख हड़ताल



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। अब फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की है। चिकित्सकों के संघ ने बैठक की और घोषणा की कि भूख हड़ताल बुधवार को शुरू होगी। एफएआईएमए के अध्यक्ष सुवर्णकर दत्ता ने कहा, 'हम पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के साथ निकट संपर्क में हैं और अपने रुख पर एकजुट हैं। व्यापक विचार-विमर्श के बाद हमने पश्चिम बंगाल में अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए देशव्यापी भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है।' इस बीच, पश्चिम बंगाल सरकार ने आंदोलनरत चिकित्सकों से काम पर लौटने का अनुरोध किया है। जूनियर डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह करते हुए मुख्य सचिव मनोज पंत ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में जारी 90 प्रतिशत परियोजनाएं अगले महीने तक पूरी हो जाएंगी। उन्होंने राज्य सचिवालय में कहा, 'मैं सभी से काम पर लौटने और लोगों को सेवाएं देने की अपील कर रहा हूं। उनमें से कुछ पहले ही ऐसा कर चुके हैं। हम सभी माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। वे इस बात की सराहना करेंगे कि सरकार की ओर से किए गए वादों पर बहुत अच्छी प्रगति हुई है।'

## नमो भारत की मेरठ के शताब्दी नगर तक ट्रायल की तैयारी तेज

**मेरठ , एजेंसी।** दिल्ली से मेरठ चलने वाली नमो भारत रेल के दिल्ली में न्यू अशोक नगर तक ट्रायल के बाद अब मेरठ में शताब्दीनगर की तैयारी तेज हो गई है। मेरठ दक्षिण( परतापुर) से शताब्दीनगर के बीच अगले चरण में ट्रायल की तैयारी है। संभावना है कि शताब्दीनगर तक दिसंबर तक संचालन प्रारंभ हो जाए। वर्तमान में मेरठ दक्षिण से साहिबाबाद के बीच 42 किलोमीटर कॉरिडोर में नमो भारत हाईस्पीड ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। शनिवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर के बीच ट्रायल के बाद 12 किलोमीटर का सफर अब और आसान होने जा रहा है। मेरठ दक्षिण से शताब्दीनगर के बीच छह किलोमीटर के कॉरिडोर में ट्रायल के बाद संचालन की तैयारी है। इस तरह कुल 60 किलोमीटर में नमो भारत का संचालन होगा। इस तरह कुल 82 किलोमीटर के कॉरिडोर में मात्र 20 किलोमीटर के संचालन का काम शेष रह जाएगा।

## दिल्ली के कोचिंग सेंटर को मुआवजे सहित पैसे लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान को एक छात्रा को 62,363 रुपये लौटाने के अलावा उसे उत्पीड़न और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए 10,000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। आयोग ने पाया कि कोचिंग संस्थान 'आईएएस गुरुकुल' को भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और एकमुश्त शुल्क वसूलने के अलावा अनुचित व्यवहार और दोषपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का दोषी पाया गया। आयोग के अध्यक्ष इंदर जीत सिंह और सदस्य रश्मि बंसल छात्रा सत्यता की शिकायत पर सुनवाई कर रहे थे। छात्रा ने कहा था कि कोचिंग सेंटर को 98,000 रुपये का भुगतान करने के बाद उन्होंने पाया कि विज्ञापन और सूचना विवरणिका में दी गई जानकारी झूठी और भ्रामक थीं। हाल में दिए गए आदेश में आयोग ने कहा कि कोचिंग सेंटर का यह दावा कि शिकायतकर्ता ने नौ महीने तक कक्षाएं लीं, उपस्थिति रिकॉर्ड से साबित नहीं होता है। विज्ञापनों के आरोपों का खंडन करने में भी विफल रहा है। आयोग ने कहा, ''उसका मानना है कि कोचिंग संस्थान छात्रों को लुभाने के लिए भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने का दोषी है। जबकि इसमें किए गए वादों को पूरा करने का उसका कोई इरादा नहीं है।

# भतीजे अजित और भाजपा दोनों को एकसाथ टेंशन दे रहे शरद पवार, महाराष्ट्र के शुगर बेल्ट में मची खलबली

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल भाजपा छोड़ने के कुछ दिनों बाद आज (सोमवार, 7 अक्तूबर) विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार में शामिल हो गए। इसकी अटकलें पहले से ही लगाई जा रही थीं और यह चिर प्रतीक्षित था। पाटिल को पार्टी प्रमुख शरद पवार की मौजूदगी में एनसीपी में शामिल कराया गया। वह पुणे जिले के एक प्रमुख राजनेता रहे हैं। इस मौके पर पाटिल ने कहा कि उनके समर्थक चाहते हैं कि वह महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव में इंदापुर सीट (पुणे जिले में) से वह लड़ें, जहां से वह पहले प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दल से अधिक लोग महत्वपूर्ण हैं।

पाटिल वर्तमान में राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल संघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह भाजपा छोड़ दी थी। इंदापुर बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पाटिल ने तीन अक्टूबर को मुंबई में एनसीपी (एसपी) प्रमुख से मुलाकात की थी और उसके बाद कहा था कि पवार ने उनसे अपनी पार्टी में शामिल होने तथा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया है।

अटकलें लगाई जा रही थीं कि पटिल पार्टी बदल सकते हैं, खासकर जब से उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने





कहा था कि पिछले बार जो सीट जीते थे उन्हें चुनाव लड़ाया जाएगा। इंदापुर से चार बार विधायक चुने जा चुके पाटिल इस सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक हैं। फिलहाल इस सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा की गठबंधन सहयोगी अजित पवार की एनसीपी कर रही है, जो इस बार फिर से मौजूदा विधायक दत्तात्रेय भरणे को मैदान में उतार सकती है। ऐसे में महायुति गठबंधन में पाटिल के लिए रास्ते बंद हो चुके थे। लिहाजा वह नई राह की तलाश में थे, दूसरी तरफ अजित पवार को पटखनी देने के लिए शरद पवार भी मजबूत छत्रपों की तलाश में हैं जो राजनीति के मनोविज्ञान में कामयाब हों, साथ ही सियासी जमीन पर भी, जब वो उतरे तो कामयाब हो सके।

हर्षवर्धन पाटिल अजीत पवार के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। वह 1995-99 के दौरान शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में कृषि और विपणन राज्य मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने 1995 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता। वह 1999 से 2014 तक कांग्रेस-राकांपा गठबंधन सरकार के दौरान मंत्री पद पर रह चुके हैं। वह 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और सहकारिता और विधायी मामलों के मंत्री बनाए गए।

महायुति में तीन दलों के बीच समझौते के अनुसार, तीनों दलों में से प्रत्येक को वे सीटें मिलेंगी, जहां उनके मौजूदा विधायक हैं। चूंकि उन्हें महायुति गठबंधन से सीट नहीं मिलती, इसलिए पाटिल ने पवार की पार्टी में शामिल होने का विकल्प चुना। उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने पाटिल को रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। यह भाजपा के लिए एक झटका है क्योंकि पाटिल पश्चिमी महाराष्ट्र में एक प्रमुख नाम हैं। कोल्हापुर के भाजपा नेता समरजीत घाटगे के पवार खेमे में शामिल होने के बाद पाटिल शुगर बेल्ट से आने वाले दूसरे बड़े नेता हैं। अगला नाम मधुकर पिचड़ का हो सकता है, जो पवार के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं और 2014 में एनसीपी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके बेटे संदीप नगर-अकोला निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक थे, लेकिन 2019 में एनसीपी उम्मीदवार से हार गए थे।



## उद्धव के फैसले को शिंदे सरकार ने लिया था वापस

**मुंबई, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने पहले फैसला सुनाया था कि राज्यपाल ठाकरे सरकार द्वारा भेजी गई सूची पर निर्णय लेने में देरी नहीं कर सकते। मोदी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता यशराज सिंह देवड़ा ने तर्क दिया कि वर्तमान याचिका अलग है क्योंकि यह शिंदे सरकार द्वारा नामांकन वापस लेने को संबोधित करती है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2020 में राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजे गए 12 विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) उम्मीदवारों की सूची को वापस लेने को चुनौती देने वाली शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील मोदी द्वारा दायर याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। सूची पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत की गई थी, लेकिन नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद इसे वापस ले लिया। राज्यपाल ने नामांकन पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया था, जब वापसी हुई और शिंदे सरकार ने खाली एमएलसी सीटों के लिए नए उम्मीदवार प्रस्तावित नहीं है।

## दिल्ली-एनसीआर में गर्मी कर रही परेशान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है और आसमान साफ रहेगा। राजधानी में सोमवार को दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह से ही तेज धूप निकली। इसे चलते मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह दोनों ही सामान्य से एक-एक डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 90 से 37 फीसदी तक रहा। वहीं, मौसम की गतिविधियों के चलते दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## 18 महीनों में कर्ज लिया 27,000 करोड़; अनुराग ठाकुर का हिमाचल सरकार पर आरोप

**हमीरपुर, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनरों की पेंशन में देरी का मुद्दा कुछ समय से गरमाया हुआ है। ऐसे में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले 18 महीनों में 27,000 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज लिया है। अनुराग ठाकुर ने रविवार शाम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन सहित अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में कई स्थानों पर



जनसभाओं को संबोधित करते हुए भी यही आरोप लगाया। सोमवार को जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा, अभी तक मात्र 18 माह के कार्यकाल में राज्य सरकार 27 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज ले चुकी है, इसके बावजूद इस सरकार के पास राज्य में विकास कार्य करवाने के लिए बजट नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार देती कुछ नहीं, बल्कि लगातार लोगों से वसूली की योजनाएं बनाती रहती है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में सड़कों की हालत खराब है और मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र नादौन भी इसका अपवाद नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा या स्वास्थ्य हर जगह करों का बोझ है। पिछली भाजपा सरकार द्वारा दी जाने वाली बिजली सब्सिडी बंद कर दी गई है और ग्रामीण आबादी पर पानी के बिल का बोझ डाल दिया गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने राज्य में 16.5 लाख से अधिक लोगों को अपने प्राथमिक सदस्य के रूप में नामांकित किया है और यह काम अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की असली रीढ़ होते हैं और उनकी जरुरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने राज्य के लोगों से भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया और कहा कि यह टोल फ्री नंबर 8800002024 पर कॉल करके किया जा सकता है।

## अक्टूबर में भी तप रहा फरीदाबाद, 5 साल बाद पारा 37 पर पहुंचा; आगे कैसा रहेगा हाल

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सितंबर में जोरदार बारिश के बावजूद गर्मी के तेवर में कोई कमी नहीं आई है। तेज धूप और उमस के कारण अक्टूबर में फरीदाबाद में पारा 37 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पांच साल बाद अक्टूबर में इतनी गर्मी पड़ रही है। इससे पहले 2020 में अक्टूबर में इतना अधिक तापमान दर्ज किया गया था। गर्मी अधिक होने के कारण न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। रात को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। जबकि इन दिनों रात में तापमान 20 डिग्री तक पहुंच जाता था। देर रात और सुबह गुलाबी ठंड का अनुभव होने लगता था। अब रात में भी तापमान में अधिक होने से गर्मी परेशान करती है। मौसम विभाग की मानें तो 15 अक्टूबर तक तापमान में 38 डिग्री तक पहुंच सकता है। इन दिनों सुबह और शाम के समय चलने वाली हवा प्रदूषण को अपने साथ बहाकर ले गई है। इन दिनों में बादल बिल्कुल साफ हैं और प्रदूषण के बारीक कणों को ऊपर जाने का मौका मिल रहा है। इसके चलते फरीदाबाद की आबोहवा कई दिनों से सामान्य बनी हुई है। फरीदाबाद एक्यूआई 80 बना हुआ है। स्मार्ट सिटी फिलहाल ग्रैप की पाबंदियों से मुक्त है। इस बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण को नियंत्रित बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाने का फैसला किया है।

# ईरान ने परमाणु परीक्षण किया भूकंप के झटकों से अटकलें हुई तेज

**तेहरान, एजेंसी।** इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच 5 अक्टूबर को ईरान के सेमनान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया. भूकंप का केंद्र कथित तौर पर सतह से लगभग 10 किलोमीटर नीचे और एक ईरानी न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के करीब था. भूकंप के समय और परमाणु सुविधा के करीब होने के कारण इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि ईरान ने परमाणु बम का परीक्षण किया है.

हालांकि, किसी भी ईरानी अधिकारी ने इन अटकलों की पुष्टि या खंडन नहीं किया है, लेकिन लोगों के एक वर्ग ने नक्शे और ग्राफ शेयर किए हैं, जिनमें बताया गया है कि यह एक परमाणु घटना कैसे हो सकती है. एक सोशल मीडिया यूजर के अनुसार भूकंप के झटके भूमिगत बम परीक्षण स्थल पर परमाणु हथियार हो सकते हैं, या हो सकता है ईरान ने पारंपरिक हथियारों का उपयोग



करके फेक परमाणु परीक्षण किया हो. एक अन्य यूजर ने लिखा, कल ईरान में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया. अफवाहें हैं कि यह परमाणु परीक्षण था. फरवरी 2013 में उत्तर कोरिया में आए भूकंप को भी परमाणु परीक्षण बताया गया था. नवंबर 2017 में ईरान में आए भूकंप को भी परमाणु परीक्षण बताया गया था. ईरान एक हफ्ते में पर्याप्त मात्रा में फिसाइल मैटेरियल बनाने में सक्षम है. सच क्या है

**ईरान पर सैन्य परमाणु कार्यक्रम चलाने का आरोप**

ध्यान देने वाली बात यह है कि पश्चिम ने ईरान पर दशकों से सैन्य परमाणु कार्यक्रम चलाने का आरोप लगाया है. ग्रार्डियन के मुताबिक इस बीच, पूर्व इजराइली प्रधानमंत्री एहुद बराक ने कहा था कि ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हमला शायद बहुत बड़ा झटका न हो, क्योंकि उनका कार्यक्रम बहुत आगे बढ़ चुका है. ईरान और इजराइल के बीच दशकों से चल रहा संघर्ष तब और बढ़ गया जब 7 अक्टूबर को हमास ने दक्षिणी इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें कम से कम 1,200 लोग मारे गए. तब से इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करने और हमास के खात्में की कसम खाई है. पहले बेरूत के दक्षिण-पूर्व में क़मातियाह शहर पर एक अलग हमले में तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए, जबकि लेबनान ने रात भर में 30 से अधिक हमलों की सूचना दी है।

## जब तक हमास बंधकों को रिहा नहीं कर देता, तब तक अमेरिका चैन से नहीं बैठेगा-मैथ्यू मिलर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजराइल और हमास के बीच संघर्ष के साल हो गए लेकिन युद्ध आज भी जारी है. हमास ने सोमवार को इजराइल पर उस समय भी गोले दागे जब विश्व के लोग इजराइल नरसंहार को लेकर गम में डूबे थे. इस बीच अमेरिका ने साफ किया कि वह बंधकों की रिहाई को लेकर चिंतित है. बताया जाता है कि 7 अमेरिकियों सहित 101 लोग अभी भी हमास के कैद में हैं. अमेरिका ने हमास से 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमले के बाद से बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया है. कहा कि जब तक बंधकों को उनके परिवारों के साथ वापस नहीं मिला दिया जाता, तब तक वह चैन से नहीं बैठेगा.मंगलवार (स्थानीय समय) को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हमास को इन सभी बंधकों को तुरंत रिहा कर देना चाहिए, और जब तक वे अपने परिवारों को वापस नहीं लौटा दिए जाते, तब तक अमेरिका चैन से नहीं बैठेगा. हमास हमले के एक साल पूरे होने पर मिलर ने हमास की कार्रवाई की निंदा की. साथ ही हमास द्वारा बंधक बनाए गए नागरिकों को लेकर जारी संकट पर प्रकाश डाला. हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 12 अमेरिकियों सहित 254 लोगों को बंधक बना लिया. अनुमान है कि 7 अमेरिकियों सहित 101 बंधक अभी भी गाजा में हैं. मिलर ने कहा कि हमास के हमले के कारण लगातार संघर्ष जारी है. उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को हमास के हमलों ने एक युद्ध की शुरुआत की जो आज भी जारी है. इसका असर फिलिस्तीनी लोगों पर पड़ा है. उन्होंने कहा कि जैसा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने बयान में कहा कि वह युद्धविराम समझौते के लिए काम करना जारी रखने के लिए दृढ़ हैं. बंधकों को घर वापस लाएगा. इसके साथ ही इजरायल और फिलिस्तीनी लोगों की पीड़ा को कम करने का प्रयास किया जाएगा. वहीं, इजराइल ने 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले की बरसी पर अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रति आभार व्यक्त किया. इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने एक्स पर कहा, मैं इजराइल के सच्चे मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने 7 अक्टूबर के नरसंहार के एक साल पूरे होने पर इजरायल के लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए मुझे फोन किया. पिछले साल 7 अक्टूबर को सैकड़ों हमास लड़ाकों ने इजरायल की सीमा में घुस आए. 1200 से अधिक लोगों की हत्या कर दी और 250 से अधिक लोगों को बंधकों बना लिया।

# फीनिक्स की तरह उठ खड़ा होगा हमास, निर्वासित नेता खालिद मेशाल का दावा

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास के निर्वासित नेता खालिद मेशाल ने कहा कि इजराइल के साथ एक साल के युद्ध के दौरान भारी नुकसान के बावजूद फिलिस्तीनी समूह राख से फीनिक्स की तरह उठ खड़ा होगा और फिर से यह लड़ाकों की भर्ती और हथियारों का निर्माण करेगा.

हमास के इजराइल पर हमले के एक साल बाद मेशाल ने यहूदी देश के साथ संघर्ष को 76 साल तक फैले एक नैरेटिव के रूप में पेश किया, जो फिलिस्तीनियों के नकबा कहे जाने वाले समय से शुरू होता है, जब 1948 के युद्ध के दौरान कई लोग विस्थापित हुए थे और इजराइल का निर्माण हुआ. 68 वर्षीय मेशाल ने रॉयटर्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया, फिलिस्तीनी इतिहास चक्रों से बना है. हम ऐसे दौर से गुजरते हैं, जहां हम शहीदों (पीड़ितों) को खो देते हैं और हमारी सैन्य क्षमताओ का एक हिस्सा खत्म हो जाता, लेकिन फिर फिलिस्तीनी भावना फिर से उभर आती है,



फीनिक्स की तरह.

**इजराइल ने किया था मेशाल की हत्या का प्रयास:** बता दें कि 1997 में इजराइल ने मेशाल की हत्या का प्रयास किया था और उन्हें जहर का इंजेक्शन दिया था. हालांकि, वह बच गए. उन्होंने कहा कि इस्लामी आतंकवादी समूह अभी भी इजराइली सैनिकों के खिलाफ घात लगाने में सक्षम है. हमास ने सोमवार की सुबह गाजा पर चार मिसाइलें भी दागीं. मेशाल ने बिना विवरण दिए कहा, हमने अपने गोला-बारूद और हथियारों का कुछ हिस्सा खो दिया है, लेकिन हमास अभी भी युवाओं की भर्ती कर रहा है.

मेशाल हमास में प्रभावशाली बने हुए हैं क्योंकि उन्होंने लगभग तीन दशकों तक इसके नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अब उन्हें व्यापक रूप से इसके कूटनीतिक चेहरे के रूप में देखा जाता है. मध्य पूर्व के विश्लेषकों ने कहा कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य यह संकेत देना है कि समूह अपने नुकसान के बावजूद लड़ेगा. इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप के मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका कार्यक्रम निदेशक जोस्ट आर हिल्टरमैन ने कहा, कुल मिलाकर मैं कहूंगा कि (हमास) अभी भी जीवित है और सक्रिय है और ... संभवतः गाजा में किसी समय वापस आएगा. उन्होंने कहा कि युद्ध समाप्त होने पर इजरायल ने गाजा के लिए कोई योजना नहीं बताई है और इससे हमास को खुद को फिर से स्थापित करने का मौका मिल सकता है, हालांकि, शायद उतनी ताकत या उसी रूप में नहीं. वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने मेशाल की टिप्पणियों पर कमेंट करने से इनकार कर दिया है. इजराइली आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के हमले में लगभग 1,200 लोगों के मारे जाने और लगभग 250 लोगों को बंधक बनाए जाने के बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ आक्रमण शुरू कर दिया. फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा का अधिकांश हिस्सा बर्बाद हो चुका है और हमले में लगभग 42,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. इजराइल का कहना है कि हमास अब एक संगठित सैन्य संरचना के रूप में मौजूद नहीं है और यह गुरिल्ला रणनीति तक सीमित हो गया है, इजराइली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में मारे गए फिलिस्तीनी लोगों में से कम से कम एक तिहाई, लगभग 17,000 लोग, हमास के लड़ाके हैं. गाजा में लड़ाई में लगभग 350 इजराइली सैनिक मारे गए.

## न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर मनाई गई दुर्गा पूजा, लोगों में दिखा भारी उत्साह

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** भारतीय संस्कृति की धूम अब देश ही नहीं दुनिया में भी गूंज रही है। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और रूस से लेकर दुनिया के कई देश सनातन धर्म को तेजी से अपना रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर नजर आया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय और अमिरिकी लोगों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम बंगाली क्लब की ओर से आयोजित किया गया था।

बता दें कि देश में कोलकाता का दुर्गा पांडाल सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने रविवार को दक्षिण कोलकाता के सुरुचि संघ क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का दौरा किया। पूर्व कैरेबियाई क्रिकेटर ने कहा कि दुर्गा पूजा एक अद्भुत त्योहार है। उन्होंने कहा कि त्योहार के मौसम में कोलकाता में यह उनका पहला मौका था। लारा ने कहा कि मुझे लगता है कि यह (दुर्गा पूजा) एक अद्भुत त्योहार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129